
सुप्रभात
रांची, सोमवार
10.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 265 12



'श्रावणी' में गौरिका शर्मा करेंगी दर्शकों को मंत्रमुग्ध




## पीएम ने जारी किया आंकड़ा, देश में बाघों की संख्या बढ़ कर 3167 पहुंची


# भारत में बाघों का बढ़ना दुनिया के लिए गर्व की बात : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को बाघों की जनसंख्या के अहम आंकड़े जारी किये। उनके मुताबिक भारत में 2022 तक बाघों की आबादी 3167 पहुंच गयी है, जो गर्व की बात है। आंकड़ों के अनुसार पिछली बार के 2967 के आंकड़े से इस बार 200 बाघ ज्यादा है। इससे पहले सुबह पीएम मोदी ने कर्नाटक के बांदीपुर और मुदुमलाल टाइगर रिजर्व का दौरा किया। पीएम ने यहां बाघों को बचाने के लिए 50 साल पहले शुरू किये गये प्रोजेक्ट टाइगर की सालगिरह पर कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत एक अप्रैल 1973 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने की थी, उन्होंने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से इसकी शुरुआत की थी। (शेष पेज 11 पर)

### 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के सितारों बोमन-बेली से भी मिले

इससे पूर्व मोदी ने बीटीआर में 22 किलोमीटर की सफारी के बाद पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के सीमावर्ती चामराजनगर जिले में मुदुमलाई टाइगर रिजर्व (एमटीआर) में थेप्पाकडू हाथी शिविर पहुंचे और ऑस्कर पुरस्कार विजेता वृत्तचित्र 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के मुख्य सितारों बोमन-बेली युगल के साथ बातचीत की।



### हाथियों के शिविर में महावतों से की बात

पीएम मोदी ने कर्नाटक के बांदीपुर बाघ अभयारण्य में रविवार सुबह जंगल 'सफारी' का लुत्फ उठाया। इस दौरान मोदी तमिलनाडु के पहाड़ी जिले नीलगिरी के मुदुमलाई में एक हाथी शिविर का दौरा किया। मोदी ने यहां बाघ अभयारण्य के शिविर में कुछ हाथियों को गन्ना भी खिलाया। 1973 में बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान को 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत लाया गया।

### वन्यजीवों के व्यापार पर अंकुश के लिए आइबीसीए की शुरुआत

अवैध शिकार और अवैध वन्यजीव व्यापार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उन्होंने कर्नाटक में इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (आईबीसीए) की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टाइगर रिजर्व के प्रबंधन प्रभावी मूल्यांकन के 5वें चक्र की सारांश रिपोर्ट 'अमृत काल' का विजन फॉर टाइगर कंजर्वेशन' का विमोचन किया। उन्होंने अखिल भारतीय बाघ अनुमान (5वां चक्र) की सारांश रिपोर्ट भी जारी की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां तेदुओं की आबादी में 60 फीसदी इजाफा हुआ है। वो देश हैं जहां 'मार्जार' प्रजाति के सात पशु जिनमें बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, पुमा, जगुआर और चीता शामिल हैं पाये जाते हैं।

### पलामू में बाघों की संख्या राहत भरी

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के 9 अप्रैल को 50 वर्ष पूरे हो गये हैं। 2022 के सेंसस के अनुसार पीटीआर में बाघों की संख्या तीन बतायी गयी है जबकि एक बाघ 2023 में पीटीआर में आया है, मतलब फिलहाल पीटीआर में बाघों की संख्या चार है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के नौ टाइगर रिजर्व में पलामू टाइगर रिजर्व भी शामिल है। पीएम मोदी ने बाघों की मौजूदगी को लेकर आंकड़ा जारी किया है। पीटीआर बाघों के संरक्षण के लिए जाना जाता रहा है। इस इलाके से 1966-67 में बाघों के पद चिन्ह (पग मार्क) के माध्यम से गिनती शुरू की गयी थी। पीटीआर के 50 वर्ष पूरा होने के अवसर पर प्रबंधन बाघ के प्रति लोगों में जागरूकता अभियान चला रही है। इस अभियान में ग्रामीण और स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है। पलामू टाइगर रिजर्व करीब 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। उपनिदेशक प्रजेश जेना ने बताया कि 1974 में पलामू टाइगर प्रोजेक्ट शुरू हुआ था तब यहां 50 बाघ थे। 2005 में बाघों की गिनती में 38 बाघ थे। 2007 की गिनती में 17। 2009 की गिनती में आठ। 2013-14 की गिनती में पांच। जबकि 2018 की गिनती में इनकी संख्या शून्य बतायी गयी थी। 2022 की गिनती में इनकी संख्या तीन बतायी गयी।



## न्यूज डायरी

### जेएसएससी ने जारी किया पंचायत सचिव का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने पंचायत सचिव भर्ती परीक्षा का आंशिक रिजल्ट जारी कर दिया है। जारी रिजल्ट के अनुसार, पंचायत सचिव (ग्रामीण विकास विभाग), नियमित भर्ती के तहत 1517 और बैकलॉग भर्ती के तहत 116 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है। वहीं दूसरी ओर असंतुष्टों ने हाईकोर्ट में अर्जी देकर इस पर रोक लगाने की मांग की है।

### सड़क हादसे में दंपति की मौत, पुत्र गंभीर

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के संत मेरी हाई स्कूल के सामने सड़क हादसे में शनिवार रात पति की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पत्नी ने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बेटे की हालत गंभीर है। तिसरी थाना के पकड़ियाटांड़ निवासी बुद्ध टूडू, उनकी पत्नी और बेटा संजुल हांसदा एक ही बाइक पर पंडरिया जा रहे थे। तभी संत मेरी हाई स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

### पतरातू डैम पर खूनी संघर्ष, दो दर्जन घायल

**रामगढ़।** पर्यटन स्थल पतरातू डैम रविवार को जंग का मैदान बन गया। ग्राहकों को नाव में बैठाने को लेकर हुए विवाद में दो गुट आपस में भिड़ गये। इस खूनी संघर्ष में दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में भर्ती कराया गया। सभी घायलों को सर पर गहरी चोट लगी है।

### सरकार को बदलने का आ गया समय : वाजपेयी

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस खुद लोकतंत्र की हत्या करने वाली पार्टी है। वह रविवार को रांची हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, झारखंड सरकार को बदलने का समय आ गया है।

### एनआइए ने नक्सली प्रदीप मंडल को दबोचा

रांची। एनआइए ने कोलकाता पुलिस की मदद से मोस्ट वांटेड नक्सली प्रदीप मंडल को नदिया जिले के बरनिया गांव से गिरफ्तार कर लिया है। वह बिहार- झारखंड स्पेशल रीजनल कमिटि का सदस्य है। पुलिस ने प्रदीप मंडल के पास से एक पिस्टल और पांच राउंड गोली भी बरामद किया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

## फिर डराने लगा कोरोना, कई राज्यों में मास्क अनिवार्य

# झारखंड आनेवालों पर विशेष निगरानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। कोरोना से प्रभावित आठ राज्यों (दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, एमपी, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु) से झारखंड आने वाले लोगों की विशेष निगरानी रखी जाये। वहीं सोमवार को सभी जिले में मॉक ड्रिल किया जायेगा। राज्य के सभी डीसी और सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक में उक्त निर्देश दिया गया।

**बन्ना गुप्ता ने बैठक कर दिया निर्देश, आज मॉक ड्रिल**

बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित थे। इससे पूर्व नयी दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया, की अध्यक्षता में कोरोना पर राज्यों व वरिष्ठ अधिकारियों की हाइलेबल बैठक में झारखंड के मंत्री भी जुड़े थे। केंद्र के निर्देश पर सोमवार को झारखंड समेत पूरे देश में मॉक ड्रिल होगा, जिसमें तैयारियों का जायजा लिया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)



### देश में फिर बढ़ रह कोरोना, केंद्र ने की बैठक

**नयी दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़े हैं जिसको लेकर सरकार अलर्ट है। कुछ राज्यों में मास्क अनिवार्य भी कर दिया गया है। हालांकि कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि जिस तेजी से फैल रहा है, उसी तेजी से नीचे आने की भी संभावना है। दो से तीन हफ्तों में यह कम होने लगेगा। वहीं कोरोना तैयारियों को लेकर सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में मॉक ड्रिल होगा। दिल्ली, महाराष्ट्र समेत कुछ दूसरे राज्यों में मामले तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में कुछ राज्यों में मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। हरियाणा, केरल समेत कुछ दूसरे राज्यों में कोरोना को लेकर नियम भी बदले गये हैं। स्वास्थ्य केंद्रों से कहा गया है कि बुखार, कफ, बदन दर्द जैसे लक्षण वाले किसी भी मरीज के पहुंचने पर उसकी कोविड जांच करायी जाये, क्योंकि कोरोना मामलों की संख्या बढ़ रही है।

### फर्जी और झूठी खबरों पर चेक यूनिट बनायेगी सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि फर्जी और झूठी खबरों की पहचान से संबंधित नियमों में संशोधन परामर्श प्रक्रिया के तहत है लेकिन इन्हें लागू करने से पहले काफी विचार-विमर्श की जरूरत है। कानूनी सहायता कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा, हम पूरी चुनाव प्रक्रिया में कुछ खास संशोधन करने पर विचार कर रहे हैं। मैं कोई वादा नहीं कर सकता क्योंकि यह परामर्श प्रक्रिया है जो जारी है। इसलिए फर्जी खबरें, झूठी खबरें और तथ्यों के साथ छेड़छाड़...ये सभी महत्वपूर्ण बातें हैं जिन पर काफी चर्चा की जरूरत है। हम वह कर रहे हैं।" इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिक संहिता) संशोधन नियमावली 2023 अधिसूचित की है।

# टेरर फंडिंग में एनआइए का लोहरदगा में छापा

## अवैध हथियार और कई महत्वपूर्ण सबूत हाथ लगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/लोहरदगा।** उग्रवादियों से सांठगांठ और टेरर फंडिंग मामले को ले कर एनआइए और स्थानीय पुलिस टीम ने रविवार को लोहरदगा जिले के कुडु थाना क्षेत्र के ओपा गांव स्थित ईंट भट्ठा में छापेमारी की। टीम को एक पिस्टल, छह गोली, जमीन और बैंक के कई महत्वपूर्ण कागजात हाथ लगे। मौके से ईंट भट्ठा मालिक फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एनआइए और पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। एनआइए की इस कार्रवाई से माओवादी समर्थकों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी में कुडु निवासी स्व बीरेंद्र प्रसाद के पुत्र राजू साहू के विश्रामगढ स्तिथ आवास, कुडू ब्लॉक मोड स्थित आवास, होटल पाही बस स्टैंड, राजू ब्रिक्स टिको इत्यादि स्थानों में एक छापेमारी की। (शेष पेज 11 पर)

### माओवादियों का पैसा इन्वेस्ट करने की मिली थी सूचना



जानकारी के अनुसार एनआइए को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी रिजनल कमांडर 15 लाख का इनामी रविंद्र गंझू के करोड़ों रुपये ईंट भट्ठा मालिक द्वारा अलग-अलग व्यवसाय में इन्वेस्ट किया जा रहा है। इसी को लेकर एनआइए की टीम ने छापेमारी की। माओवादी कमांडर और व्यवसायी तो हाथ नहीं लगा, पर माओवादी कमांडर से जुड़े हुए कई महत्वपूर्ण कागजात और हथियार बरामद कर लिये गये। ईंट भट्ठा संचालक टेरर फंडिंग मामले में पहले भी जेल जा चुका है। कुछ समय पहले भी एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया था। उस समय भी एनआईए की टीम ने माओवादी कमांडर के साथ संबंध होने, माओवादियों का पैसा अलग-अलग व्यवसाय में लगाने और अन्य महत्वपूर्ण अपराध के साथ-साथ एनआइए को माओवादी कमांडर और व्यवसायी के बीच बातचीत के सबूत हाथ लगे थे। जिसके बाद कार्रवाई की गई थी।

### टाटा के शास्त्रीनगर में उपद्रव, रैफ ने मोर्चा संभाला

**जमशेदपुर।** लौहनगरी के शास्त्रीनगर, कदमा इलाके में एक छोटे से मुद्दे को लेकर दो समुदाय आमने सामने हो गये। उपद्रवियों ने तीन दुकानों में आग लगा दी और उसके बाद दोनों पक्षों में पत्थर बाजी हो गयी। उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग के साथ आंसु गैस के गोले भी छोड़ने पड़े। क्यूआरटी के साथ रैपिड एक्शन फोर्स ने वहां मोर्चा संभाल लिया है। पड़ोस के जिला सरायकेला-खरसावां से आनन-फानन में अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। एसएसपी प्रभात कुमार और एसडीओ पियूष सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ऑपरेशन कर रही है। अब तक पुलिस ने दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस को स्थिति को काबू करने में काफी समय लगा क्योंकि एक समुदाय के लोगों ने पुलिस पर भी जम कर पत्थरबाजी की किन्तु अंततः पुलिस उन्हें नियंत्रित करने में कामयाब रही।

### कुछ इलाकों में कुर्मी समुदाय ने वापस लिया अपना आंदोलन

**पुरुलिया (हि.स.)।** आदिवासी कुर्मी समुदाय ने प्रशासन के दबाव के आगे घुटने टेक दिए। पांच दिनों के बाद अवरोध हटा लिया गया। पिछले दो दिनों से प्रशासन तरह-तरह से प्रदर्शनकारियों पर दबाव बना रहा था। रविवार सुबह हुई बैठक में प्रशासन ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर अवरोध नहीं हटाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके बावजूद उस बैठक में कुर्मी समुदाय ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी थी। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उनका मन बदल गया और आंदोलन वापस ले लिया गया। ऐसा माना जा रहा है कि त्यौहारों के मौसम में ट्रेन-राष्ट्रीय सड़कों को लगातार अवरुद्ध करके आंदोलनकारी अलग-थलग होते जा रहे थे। साथ ही प्रशासन का भी दबाव था। जिसकी वजह से आंदालन वापस लिया गया है। पिछले कई दिनों से कुर्मी समुदाय पुरुलिया, खड़गपुर के खेमाशुली स्टेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया था।

## अब झारखंड में चीन की तरह स्काई ब्रिज पर कर सकेंगे वॉक

# पर्यटकों के लिए पांच जगहों पर बनेंगे शीशे के पुल

सुधीर

**रांची।** झारखंड में भी अब, चीन और बिहार के राजगीर की तरह शीशे का पुल (स्काई ब्रिज) बनेगा। देश-विदेश के पर्यटकों को झारखंड घूमाने के लिए प्रकृति की गोद में बसे भगवान की धरती पर स्काई ब्रिज, रोपवे और जू सफारी को लेकर काम चल रहा है। देश-विदेश के पर्यटकों को झारखंड बुलाने के ख्याल से ही राज्य के तीन जल प्रपातों हुंडरू, दशम और जोन्हां के साथ-साथ पतरातू और नेतरहाट की रंगीन वादियों में स्काई ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए आरएफपी (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) जारी किया गया है। अब इसी शहर में चीन की तरह पर्यटकों के लिए तैयार किया जा रहा राज्य का पहला ग्लास ब्रिज लोगों का मन मोहेगा। यह देश का तीसरा ग्लास स्काईवॉक ब्रिज होगा, जो झारखंड में नेचर एडवेंचर को बढ़ावा देगा। (शेष पेज 11 पर)




### बिहार में मिल रहा है स्काई वॉक का मजा

नालंदा के राजगीर का ऐतिहासिक महत्व है। प्रकृति की गोद में बसे राजगीर में खूबसूरत नजारे भी हैं। राजगीर में बना ग्लास ब्रिज और जू सफारी खूबसूरती पर चार चांद लगा रहे हैं। ग्लास ब्रिज पर स्काई वॉक और जू सफारी का रोमांच लोगों को राजगीर की तरफ और खींचने लगा है।

### पर्यटन विभाग करा रहा है फिजिबिलिटी टेस्ट

वहीं दूसरी ओर इन पांचो पर्यटन स्थलों का फिजिबिलिटी वेरिफिकेशन भी कराया जा रहा है। सब ठीक-ठाक रहा तो जल्द ही झारखंड के लोगों को भी चीन की तरह शीशे के पुल पर चलकर प्रकृति के गोद में बसे जोन्हां, दशम, हुंडरू, पतरातू और नेतरहाट के खूबसूरत नजारे देख सकेंगे। यहां बनने वाला ग्लास ब्रिज ब्रिज इन पर्यटन स्थलों की खूबसूरती पर चांद चार चांद लगाएगा। विभाग की मानें को ग्लास ब्रिज पर स्काईवॉक का रोमांच लोगों को अपनी ओर खींचने में कामयाब होगा।



## भाजपा के प्रदेश प्रभारी पहुंचे रांची, सचिवालय घेराव की सफलता को लेकर बनायी रणनीति

# महागठबंधन सरकार की उलटी गिनती शुरू, इसे अपदस्थ करने का संकल्प लीजिये : डॉ. लक्ष्मीकांत

### भाजपा का 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम कार्यकर्ता सक्रिय



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को अपने तीन दिवसीय प्रवास पर रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर श्री वाजपेयी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद श्री वाजपेयी संगठन के विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेकर 11 अप्रैल के प्रस्तावित सचिवालय घेराव की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरे दम-खम के साथ भ्रष्ट राज्य सरकार के खिलाफ एकजुटता दिखायें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह सरकार अपने भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी, तुष्टिकरण के कारण जनता की नजरों में गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं, पिछड़ों, आदिवासी, दलितों की आह लग चुकी है। उन्होंने कहा कि मुट्ठी भींच कर इस सरकार को अपदस्थ करने का संकल्प लीजिये।

बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के पीछे कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने व्यवस्था में जुटे कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेवारी को तन्मयता से पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था के कार्यकर्ताओं के व्यवहार का असर सुदूर क्षेत्रों से आये लोगों पर पड़ता है। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

बैठक में बालमुकुंद सहाय, दीपक बंका, सुबोध सिंह गुड्डू, संजीव विजय वर्गीय,अरुण झा, मुनचुन राय, चंदन कुमार, बबन गुप्ता, सूरज चौरसिया, पंकज शहदेव, अंचल तिवारी, रविनाथ किशोर, सतीश सिंहा, सूर्य प्रभात, अरविंद तिवारी, डॉ अभिषेक रामदीन, प्रेम वर्मा, मुकेश मुक्ता, संजय चौधरी, अरुण पांडे, सोना खान, राहुल अवस्थी, रजनीश पांडे, शिवपूजन पाठक, तारिक इमरान शामिल थे।

### सचिवालय घेराव में महानगर के 25 हजार कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा : संजय

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा कि 11 अप्रैल को आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम की सफलतो को लेकर रांची महानगर के अंतर्गत सभी 17 मंडलों में तैयारी बैठक हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सचिवालय घेराव में महानगर के करीब 25 हजार कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। कहा कि 3 सालों से राज्य में विकास कार्य ठप है। सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति हो रही है। इन 3 सालों में सिर्फ खनिज संपदा की लूट मची है। प्रखंड कार्यालय से लेकर सचिवालय तक बिना चढ़ावे के कोई काम नहीं हो रहे हैं। रघुवर दास के समय 5लाख प्रति एकड़ किसानों को सहायता राशि दिया जाता था। इस सरकार ने उसे बंद कर दिया है।

## मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रही है भाजपा : सुप्रियो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रही है। झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि घेराव कार्यक्रम में जहां बीजेपी का एक सांसद स्पेशल ट्रेन के माध्यम से लोगों को गोडडा, देवघर, दुमका, धनबाद से लोगों को लाकर भीड़ जुटा रही है। वहीं, दूसरी ओर बीजेपी के वरीय नेता बाबूलाल मरांडी के द्वार ट्विट किया जा रहा है। हालत यह कि अब बीजेपी के पास कुछ काम नहीं रह गया है। झामुमो को राज्य की जनता ने वर्ष 2019 में जहां विश्वास दिखाया है, वहीं 50 सालों के लिए आशीर्वाद नहीं मिला है। यदि राज्य में कोई और ऑप्शन होता तब जनता झामुमो का चुनाव नहीं करती, लेकिन जनता ने एक जनसमर्थन दिया है। यह जनसमर्थन और विश्वास भविष्य में भी जारी रहेगा। सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी, महंगाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिक्षा के लिए केंद्र सरकार से पैसे रोक दिए गए हैं। ऐसे में बीजेपी के पास रैली करने के लिए इतने पैसे कहां से आती है, कौन फंडिग कर रहा है, यह जांच का विषय है।

## भाजपा के प्रदर्शन की आहट से झामुमो घबराया : भाजपा

### भाजपा ने कहा झामुमो प्रवक्ता के बयानों में बौखलाहट उजागर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन के रांची पहुंच रही जनता की आहट से ही झामुमो के पसीने छूटने लगे हैं। चोर की दाढ़ी में तिनका का स्पष्ट उदाहरण झामुमो ने रविवार को झामुमो के सुप्रीयो भट्टाचार्य ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि झूठ, लूट की सरकार के भ्रष्टाचार की परत अब आम जनता के बीच खुलने लगे हैं। राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े, महिला, युवा, किसान सभी ठगे जा चुके हैं। राज्य की पांच हजार से अधिक बेटियों के साथ बलात्कार की घटनायें हो चुकी है। मुख्यमंत्री से लेकर राज्य के प्रशास निक पदाधिकारियों ने खान खनिज को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस सरकार की नीति और नीयत दोनो में खोट है। नियोजन नीति के नाम पर इस सरकार ने राज्य के युवाओं को पिछले तीन सालों से भटकाया है। वोट बैंक, तुष्टिकरण, धर्मांतरण की राजनीति ने जनता को सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी झामुमो की तरह झूठा ढिंढोरा नही पिटती है। कोरोना में मजदूरों को हवाई जहाज से पहुंचाने का झूठा प्रचार जनता को याद है। सबको पता है कि किराये के पैसे किसने भरे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की असफल जोहार यात्रा से झामुमो में हताशा है। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। नक्सली फिर से सिर उठाने लग गये हैं। राज्य में विकास कार्य पूरी तरह ठप है।

उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार सड़क से सदन तक जनता के सवालों पर संघर्ष कर रही है। प्रखंड और जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद भाजपा ने राज्य स्तरीय प्रदर्शन के साथ सचिवालय घेराव का आह्वान पहले ही किया था। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार को अब अपना बोरिया बिस्तर समेट लेना चाहिये।

### राज्य के विभिन्न जिलों में 57 एक्टिव केस

## झारखंड में कोरोना के बढ़ रहे हैं मामले, छह नये मरीज मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार रात जारी आंकड़ों के मुकाबिक, 24 घंटे में राज्य में कोरोना के 6 नए मामलों की पुष्टि हुई है। हालांकि, अच्छी बात यह भी है कि 24 घंटे के अंदर 7 लोग कोरोना से रिकवर भी हुए हैं। इसके बाद अब राज्य के विभिन्न जिलों में कोरोन के 57 एक्टिव मामले शेष रह गये हैं।

**कहां हुई है नए मामलों की पुष्टि**

झारखंड में 24 घंटे में जिन जिलों में कोरोना के नए मामले की पुष्टि हुई है, उनमें देवघर, कोडरमा और रांची शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक, देवघर में 3 नए मामले, रांची में 2 और कोडरमा में 1 नया केस मिला है। वहीं रिकवर होने वाले लोगों में देवघर के 4 और हजारीबाग के 3 लोग शामिल हैं।

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट** : कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर दो दिन पहले, विश्व स्वास्थ्य दिवस के दिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मौजूद थे। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से राष्ट्रीय स्तर पर एसओपी जारी करने का अनुरोध किया। हम 10-11 अप्रैल को मॉक ड्रिल करेंगे। राज्य सरकार भी कोविड-19 पर एसओपी जारी करेगी।

## नियोजन नीति को लेकर बंद समर्थकों ने पूर्व संध्या पर निकाला मशाल जुलूस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नियोजन नीति को लेकर झारखंड यूथ एशोसिएशन द्वारा आहूत 10 अप्रैल को झारखंड बंद की पूर्व संध्या पर रविवार को एशोसिएशन से जुड़े सदस्यों ने मशाल जुलूस निकालकर बंद को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की। मशाल जुलूस रांची विश्वविद्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया और मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो को याद करते हुए झारखण्ड बंद की तैयारी और रणनीति को स्पष्ट किया गया।

इस मौके पर एशोसिएशन से जुड़े इमाम सफी ने कहा कि टाइगर जगरनाथ महतो का आकस्मिक निधन से पुरा राज्य सदमे में है। इनका सबसे बड़ा सपना 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करना था लेकिन अफसोस पूरा नहीं हो सका इसलिए हम झारखण्डी और स्वर्गीय जगरनाथ महतो के चाहने वालों के अधूरे सपने को पूरा करना है। 1932 अधारित नियोजन नीति को सरकार पर दबाव बनाकर किसी भी कीमत पर लागू कराना है।



उन्होंने कहा कि इधर झारखण्ड में लूट जारी है। 60:40 वाली नियोजन नीति के आधार पर सरकार बहाली निकाल रही है ताकि दूसरे राज्य के लोग ज्यादातर नौकरी में आ सकें। राज्य के छात्र लगातार 60:40 खिलाफ और खतियान आधारित स्थानीय-नियोजन नीति की मांग को लेकर आंदोलन हो रहे हैं लेकिन सरकार के कान में जूं तक नही रेंग रही है। इसी बीच झारखंड यूथ एशोसिएशन, झारखंड उलगुलान मार्च, पंचपरगना फाइटर, आदिवासी छात्र संघ, आयमा और अन्य आदिवासी-मूलवासी ने 10 अप्रैल को संपूर्ण झारखंड बंद बुलाया है। कुछ छात्र नेता सरकार से मिलकर आंदोलन को टालने की षड्यंत्र कर रहे हैं, जिससे सावधान रहने की जरूरत है।

झारखण्ड यूथ एशोसिएशन के केंद्रीय संयोजक इमाम सफी ने कहा स्वर्गीय जगरनाथ महतो के अधूरे सपने को पूरे करना हम सभी का कर्तव्य है इसके लिए आंदोलन को और तेज करने की जरूरत है, यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर इमाम सफी रवि पीटर, अमर गुलियार, ललित महतो, विश्राम उरांव, राजेश तिर्की, सतीश बड़ाईक, रंजीत तिर्की व अन्य छात्र मौजूद रहे।

## राज्य में एलइओ नियुक्ति का रास्ता साफ, नियमावली 2023 लागू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी भर्ती (एलईओ) एवं सेवा शर्त नियमावली 2023 को लागू कर दिया गया है। कैबिनेट के फैसले के बाद श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार अब लेबर इंफोर्समेंट पदाधिकारियों की बहाली का रास्ता साफ हो गया। श्रम विभाग, अब जल्द ही झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को नियुक्ति के लिए अधियाचना भेजेगा। नई नियुक्ति होने के साथ ही राज्य में विभिन्न स्तर पर श्रम कानूनों को लागू करने में आसानी होगी। कारखाना अधिनियम सहित अन्य लेबर लॉ को लागू बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

**आवेदन करने को स्नातक होना जरूरी** : श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के लिए शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थियों को आयोग में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक स्नातक अथवा समकक्ष उर्त्तीण होना आवश्यक रखा गया है। राज्य कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तर की परीक्षा इसके लिए आयोजित करेगा। जून माह तक परीक्षा होने की संभावना है। नयी नियमावली में इस परीक्षा में शामिल होने के लिए अब मान्यता प्राप्त किसी भी शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक-इंटर पास को नियुक्ति का मौका मिलेगा। साथ ही स्थानीय रीति रिवाज, परंपरा को जाने के अनिवार्यता को भी नयी नियमावली में शिथिल कर दिया गया है।

इस परीक्षा के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष रखी गयी है, वहीं अधिकतम आयु सीमा कार्मिक विभाग के द्वारा निर्धारित उम्र सीमा होगी।

## मरीजों का होगा हेल्थ आइडी, रजिस्ट्रेशन और क्लेम्स सेटलमेंट

### डिजिटल सिस्टम से जुड़ेंगे राज्य के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को डिजिटल के माध्यम से जोड़ कर अब संचालित किया जायेगा। इसके माध्यम से सभी चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों एवं राज्य के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य से संबंधित हर समाधान के लिए डिजिटल सिस्टम से जोड़ा जायेगा। केंद्र प्रायोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत अनुदान पर राज्य में भी आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संचालन के लिए पीएमयू का गठन होगा। इस पीएमयू के जरिये राज्य के शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी प्रकार के मरीजों का हेल्थ आइडी बनाना, हेल्थ रजिस्ट्री, हेल्थ वर्कस रजिस्ट्री हेल्थ केयर फेसिलिटी रजिस्ट्री, हेल्थ क्लेम्स, हेल्थ डाटा एनालईटिक्स, ओपेन टेली मेडिसिन एवं ई-फामेर्सी नेटवर्क की व्यवस्था को चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग झारखंड ने गाइडलाइन बनाने के साथ-साथ इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न तरह के 15 पदों का सृजन किया है। संयुक्त निदेशक आइटी, संयुक्त निदेशक समन्वय, संयुक्त निदेशक, एडमिन एंड सपोर्ट सहित प्रोजेक्ट मैनेजर, एचएमएस मैनेजर, इनफॉरमेशन सोसाइटी ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट, एमआईएस डाटा एनालिस्ट, प्रोजेक्ट मैनेजर समन्वय, कैपासिटी बिल्डिंग ऑफिसर, आईसी एक्सपर्ट, प्रोजेक्ट समन्वय, ग्रीवांस अधिकारी के दो पद व एडमिन में भी प्रोजेक्ट समन्वयक का पद है। इन सभी पदों के लिए स्वीकृत सरकारी वेतनमान दिया जायेगा। कैबिनेट के फैसले के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस सबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। जल्द ही इन पदों के विरुद्ध नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ होगी। बताते चलें कि भारत सरकार ने देश के प्रत्येक राज्य में इस डिजिटल मिशन के संचालन के लिए मुख्यालय स्तर पर प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट ,पीएमयू स्थापना कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए वित्तीय सहायता भी दी जायेगी। झारखंड को जनसंख्या के आधार पर बी ग्रेड में रखा गया है।

### पीएमयू का गठन होगा, संयुक्त निदेशक सहित 15 पद सृजित

## चंद्रिका महथा कांग्रेस में होंगे शामिल

### जय भारत सत्याग्रह यात्रा के दौरान कांग्रेस का थामेंगे दामन

**एजेंसी**

**गिरिडीह।** झाविमो के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा 13 अप्रैल को कांग्रेस में शामिल होंगे। जय भारत सत्याग्रह यात्रा शामिल होने के लिए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता गिरिडीह आएंगे। उसी दिन ही चंद्रिका महथा कांग्रेस का दामन थामेंगे।

झामुमो के कद्दावर नेता रहे चंद्रिका महथा 2006 में बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो में शामिल हो गए थे। विगत विधानसभा चुनाव से पूर्व झाविमो का विलय भाजपा में कर दिया गया। चंद्रिका ने भाजपा में जाने से परहेज किया। विलय के बाद वह किसी दल में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर महथा ने बताया कि वे 13 अप्रैल से नई राजनीति पारी की शुरूआत करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 2009-14 तक चंद्रिका महथा ने जमुआ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । बाद के चुनावों में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उन्हें चुनाव में लगातार दो बार हार मिली।

### झामुमो के कद्दावर नेता रहे महथा 2006 में बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो में हुए थे शामिल

### झारखंड प्रदेश युवा राजद संगठन का हुआ विस्तार

## श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल ने रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी की पहली सूची जारी कर दी है। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल की उपस्थिति में पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की। इस सूची में प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए तीन नामों में एक राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र विनोद भोक्ता का है। दो अन्य युवा राजद उपाध्यक्ष सुनील कुमार और विनोद भोक्ता हैं।

**इन्हें बनाया गया प्रदेश महासचिव**

नयी कार्यकारिणी में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी जिन्हें दी गई है उनमें मोइन अंसारी, उर्मिला सोरेंग, ममता कुजूर, विक्की यादव, जितेंद्र नारायण यादव, राम सिंह, दीपक यादव, अभिषेक सिंह यादव, प्रदीप यादव, संतोष कुमार, मुनेश्वर सिंह, पंकज सिंह, काजल कुमार यादव, मंतोष यादव, क्षितिज कुमार मिश्रा और गायत्री देवी का नाम शामिल हैं।



**ये बने युवा राजद के प्रदेश सचिव**

युवा राजद के प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी जिन नेताओं को मिली है उसमें संतोष कुमार, फरहान खान, अजय कुमार, नीतीश कुमार, कमलकांत, धर्मेंद्र कुमार, अरशद अंसारी, प्रशांत कुमार, राजकुमार, संजय सिंह यादव, नुनु झा, रघुनाथ कुमार राणा का नाम शामिल है।

**इनको मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी** : प्रदेश राजद युवा अध्यक्ष रंजन यादव ने 09 युवा राजद जिलाध्यक्षों के नाम की भी घोषणा की है। इस सूची में साहिबगंज से सद्दाम हुसैन, देवघर नगर अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह बनाये गए हैं। गोड्डा जिलाध्यक्ष मो. अंजर अहमद को बनाया गया है। गिरिडीह जिलाध्यक्ष रवि कुमार, हजारीबाग के जिलाध्यक्ष अयान रजा खान, बोकारो के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गिरि, रांची जिलाध्यक्ष जफर अंसारी एवं रांची महानगर अध्यक्ष दिलीप सिंह को बनाया गया है। वहीं पलामू के जिलाध्यक्ष केदार यादव और गढ़वा के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार को बनाया गया है।

**पार्टी को मजबूत करना उद्देश्य** : पदाधिकारियों के नाम की घोषणा करने के बाद प्रदेश युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि यह पहली सूची है। उन्होंने कहा कि इसमें उन लोगों को जगह दी गयी है, जो लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए काम करते रहे हैं। कार्यकारिणी के गठन का उद्देश्य पार्टी को 2024 का लोकसभा और विधानसभा चुनाव मजबूत करना है। रंजन यादव ने कहा कि जुझारू युवाओं को संगठन में जगह दी गयी है। पदाधिकारियों की दूसरी लिस्ट भी जल्द जारी की जाएगी।

### 10 माह में आये एक सौ से अधिक सेक्सटॉर्शन के मामले, पुलिस कर रही सतर्क

# झारखंड में बढ़ गये सेक्सटॉर्शन के मामले कई बड़ी हस्तियों को बनाया अपना शिकार

**कुबेर सिंह**

**रांची।** साइबर अपराधियों का नया हथियार सेक्सटॉर्शन बेहद घातक सिद्ध हो रहा है। साइबर अपराधी अब सेक्सटॉर्शन के जरिए लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा रहे हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि सेक्सटॉर्शन के शिकार लोग अब मानसिक रोगी बनते जा रहे हैं, नतीजा उन्हें मनोचिकित्सकों का सहारा तक लेना पड़ रहा है। रांची साइबर क्राइम ब्रांच की पूछताछ में आरोपियों ने कहा कि वे लोग लोगों को अश्लील वीडियो दिखाकर उनके व्हाटसप या इंस्टाग्राम में डालते हैं, फिर उन्हें लाइव आने के लिए प्रेरित करते हैं, फिर उन्हें फर्जी लड़की का वीडियो दिखाया जाता है और उन्हें भी नग्न करवा कर ब्लैकमेल किया जाता है। रांची में अबतक सौ से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया है, जिनमें एक राजनेता समेत शहर व देश की कई बड़ी हस्ती भी शामिल है।



### रांची में दर्ज हुए हैं 20 मामले

हाल के दिनों में राजधानी रांची में सेक्सटॉर्शन के मामलों में काफी वृद्धि हुई है, हालांकि इसकी रिपोर्टिंग थानों में बेहद कम है। लोग लोक लाज के भय से चुपचाप साइबर अपराधियों की ब्लैक मेलिंग का शिकार बन रहे हैं। राजधानी रांची में सेक्सटॉर्शन के आंकड़ों की बात करें तो पिछले महीने अलग-अलग थानों में 20 मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि दो दर्जन से ज्यादा लोग जो सेक्सटॉर्शन से इतने पीड़ित हुए की वे मनोरोगी बन गए। अब यही लोग मनोचिकित्सकों का सहारा ले रहे हैं।

### क्या है सेक्सटॉर्शन

सेक्सटॉर्शन का सबसे आसान तरीका डेटिंग साइट्स है। हाल में रांची जैसे शहरों के नाम पर डेटिंग और सेक्स साइट्स का प्रचलन बढ़ा है। सबसे ज्यादा ठगी डेटिंग साइट्स के जरिए ही की जा रही है। इसके अलावा स्पाई कैमरे या मोबाइल या वेब कैम के जरिए किसी की सेक्स गतिविधि को रिकॉर्ड करना या किसी की बिना कपड़ों की तस्वीरों को शूट करके उसके जरिए ब्लैकमेल करने को सेक्सटॉर्शन कहा जाता है। सेक्सटॉर्शन के ऐसे मामले पिछले छह महीने से ही ज्यादा सामने आ रहे हैं।

### मनोरोगी तक बन जाते हैं पीड़ित

रांची के एक निजी चैनल में काम करने वाले एक पत्रकार से सेक्सटॉर्शन के नाम पर 85 हजार रुपए ठग लिये गए। वहीं, एक निजी कंपनी में काम करने वाले एक युवक से तो सेक्सटॉर्शन के नाम पर 10 लाख रुपए साइबर अपराधियों ने ठग लिये। रांची के पंडरा का रहने वाला है युवक इतना परेशान हुआ कि वह मानसिक रोगी बन गया। परिवार वालों को युवक को मनोचिकित्सक के पास ले जाकर इलाज करवाना पड़ा परिवार वालों को जब जानकारी मिली तब वे थाने में भी पहुंचे और शिकायत भी दर्ज करवाई।

### कई बड़ी हस्तियां भी जाल में फंसीं

क्रिकेट जगत से जुड़े रांची की एक बड़ी हस्ती भी साइबर अपराधियों के चुंगल में फंस गए थे। साइबर अपराधियों ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल के जरिए अश्लील वीडियो भेज कर फंसाया था, हालांकि वह तुरंत साइबर पुलिस के पास पहुंचे जिसकी वजह से उन्हें पैसे का नुकसान नहीं हुआ। हाल में ही राजधानी रांची के एक राजनेता को भी साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाने की कोशिश की थी, लेकिन राजनेता भी सजग थे और ठगी से बच गए उन्होंने भी मौखिक रूप से पुलिस के पास मामले की शिकायत की थी।

> कोविड संक्रमण के बाद सेक्सटॉर्शन के मामलों में वृद्धि हुई है। अब उनके पास ऐसे लोग भी आ रहे हैं जो साइबर अपराधियों के ब्लैक मेलिंग का शिकार होकर अपनी गाढ़ी कमाई गवां चुके हैं, साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थ हो गए हैं। अधिकतर लोगों के नाम और पते ऐसे मामलों में गुप्त रखे जा रहे हैं क्योंकि वे नहीं चाहते हैं कि उनके मामले सार्वजनिक हो : *डॉ. एमके सिंह, डायग्नोकेयर, पिस्का मोड*

# टाटा स्टील से मिला एनओसी, अब परवान चढ़ेगा मानगो फ्लाईओवर ब्रिज

## जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता के ड्रीम प्रोजेक्ट की अड़चन खत्म

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक बन्ना गुप्ता जमशेदपुर की जनता से किये वायदे को पूर्ण करने के लिए कृत संकल्पित हैं। जमशेदपुर की जनता को किये गए एक वायदे में मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर को जाम मुक्त करने खासकर मानगो की जनता को दिन प्रतिदिन जाम से मुक्ति दिलाने हेतु फ्लाई ओवर का निर्माण किये जाने पर अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। इसी क्रम में गत शनिवार को मानगो फ्लाई ओवर के निर्माण हेतु टाटा स्टील द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने से मानगो फ्लाई ओवर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है वहीं इसके लिए आम जनता में खुशी का माहौल है। मानगो फ्लाई ओवर ब्रिज मंत्री बन्ना गुप्ता का ड्रीम प्रोजेक्ट है और जिस तरह से पूर्व मंत्री सह वर्तमान में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उंगली उठायी थी उससे जमशेदपुर का राजनीतिक तापमान बढ़ गया था। एफओबी के लिए टाटा स्टील से एनओसी लेना आवश्यक था और झारखंड सरकार ने जो डिजाइन एफओबी की बनायी थी उस पर टाटा स्टील ने एनओसी देने से इंकार कर दिया था। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा एफओबी का शिलान्यास किये जाने के बावजूद इसके निर्माण को लेकर ऊंहापोंह की स्थिति बन गई थी।

किन्तु टाटा स्टील ने अब संशोधित डिजाइन के साथ अपनी एनओसी दे दी है। मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मानगो फ्लाई ओवर का टाटा स्टील द्वारा एनओसी दिया जाना उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो मंत्री सह क्षेत्र के विधायक के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार फैलाने में लगे थे! दुष्प्रचार फैलाने वाले वैसे लोग है जिनका क्षेत्र और जनता से कोई सरोकार नहीं है, ये लोग सिर्फ. नकारात्मक राजनीति में व्यस्त रहते है, इन लोग का एक ही काम है क्षेत्र के विकास पुरुष बन्ना गुप्ता के हर विकास कार्य का विरोध करना और क्षेत्र कि भोली -भाली जानता को बेवकूफ बना अपनी राजनिति रोटी सेकना। बयान में आगे कहा गया है कि मानगो फ्लाई ओवर मानगो कि जनता को अमूल्य तोहफा होगा, फ्लाई ओवर बनने से मानगो और जमशेदपुर जाम मुक्त होगा और जाम के कारण प्रतिदिन भुक्त भोगी जनता को नारकिय जीवन से मुक्ति मिलेगी।

# विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का दुयदिवसी कार्यक्रम शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का दुयदिवसी कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित अरुण कुमार मिश्र सहायक आयुक्त उत्पादरघुनाथ पांडे अध्यक्ष जुसको यूनियन श्रीमती रीता मिश्रा प्रदेश मंत्री झारखंड भारतीय जनता पार्टी ने संयुक्त रूप से किया। पंडित विपिन झा के द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन शिशिर कुमार झा के द्वारा किया गया। सभी अतिथियो को पुष्पगुच्छ शाल एवं मिथिला का पाग देकर स्वागत किया गया। तदुपरांत परिषद के द्वारा के केंद्र सरकार से वर्षो पुरानी मांग टाटानगर से जयनगर तक ट्रेन सेवा अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाए साथ ही झारखंड सरकार से मैथिली भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मैथिली अकादमिक का गठन किया जाए। झारखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षा मे वैकल्पिक विषय के रूप मे मैथिली को सम्मलित किया जाए। कोल्हान के विश्वविद्यालय मे स्नातकोत्तर कक्षा तक मैथिली की पढ़ाई सुनिश्चित किया जाए। झारखंड के नियोजन नीति मे मैथिली को शामिल किया जाए। मंच से प्रमुख समाचार पत्र के सम्पादक को सम्मानित किया गया जिसमे उदितवाणी के सम्पादक श्री राधेश्याम अग्रवाल जी प्रभात खबर के सम्पादक श्री संजय मिश्रा जी श्री उत्तम नाथ पाठक सम्पादक दैनिक जागरण डाक्टर संजय पांडे शतेनदर कुमार ब्यूरो चीफ खबर मंत्र श्री अखिलेश मिश्र सम्पादक इस्पात भारती एवं डाक्टर ए एन झा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त कार्यकारिणी सदस्य का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर अशोक अविचल ने किया मांग पत्र महासचिव सुजित कुमार झा ने किया धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अमर कुमार झा ने किया।

## राष्ट्रपति से पद्मश्री पुरस्कार लेकर लौटे डॉ जनूम सिंह सोय का भव्य स्वागत

**जमशेदपुर।** रविवार को मानगो चौक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मश्री डॉ. जनूम सिंह सोय को पद्मश्री पुरुस्कार गत 5 अप्रैल को दिल्ली में प्राप्त करने के पश्चात जमशेदपुर आगमन पर आजभव्य तरीके से दामा- दुमंग के थाप पर पारम्परिक नृत्य और.पैर धो कर स्वागत किया गया। डॉ. जानुम सोय को झारखंड की हो 'भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए यह सम्मान मिला। वह पिछले 3 दशक से भी अधिक समय से इस भाषा पर काम कर रहे हैं। 72 वर्षीय जानुम सिंह हो भाषा पर 6 किताबें भी लिखी है। इस अवसर पर डॉ जनूम सिंह सोय ने कहा कि यह सम्मान मिलना गर्व कि बात है मगर जब तक हो भाषा को आठवीं अनुसूची शामिल नहीं किया जाता तब तक हम लोगो का संघर्ष जारी रहना चाहिए। साहित्य, फिल्म,नाटक आदि पर सम्मेलन आयोजन होता रहना चाहिए।

# चौक नामकरण मामले को ले दो पक्षों में मारपीट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शास्त्रीनगर में उपद्रव की शुरुआत शाम सात बजे तब हुई जब रोड नंबर -2 में एक पक्ष के लोग चौक का नामकरण बजरंग करने पहुंचे। दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरु हो गई। इस दौरान तीन दुकानों में उपद्रवियों ने आग लगा दी। इस मामले में पुलिस ने आधे दर्जन से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अशांत इलाकों के घरों की ले रही तलाशी ले रही है।

पुलिस सूचना मिलते ही सक्रिय होगई। सिटी एसपी के विजयशंकर और एसडीओ पीयूष सिन्हा ने वहां जाकर मोर्चा संभाला। एसएसपी अपने कार्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल की उपलब्धता एवं तैनाती की रणनीति बनाने में जुटे थे। इसके बाद उन्होंने शास्त्रीनगर पहुंच कर ऑपरेशन की कमान अपने हाथ में ले ली। एसएसपी अपने बल पर एक विशेष समुदाय की ओर से की जा रही पत्थरबाजी के बावजूद वहां पुलिस बल की पहुंच सुनिश्चित कराने में सफल रहे और इसके बाद उपद्रवियों की पहचान और हिरासत में लेने के लिए ऑपरेशन शुरु हुआ। रात्रि 9.30 बजे तक उपद्रव शांत हो चुका था और पुलिस घर-घर घुस कर पड़ताल कर रही थी। एसएसपी प्रभात कुमार ने स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताया है और कहा है कि पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स को पूरे इलाके में तैनात कर दिया गया है।



उपद्रवियों द्वारा की गयी आगजनी का दृश्य।



धार्मिक स्थल के बाहर नारेबाजी करते एक समुदाय के लोग।



उपद्रवियों द्वारा एक कार में की गयी तोड़फोड़।

### कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया : एसएसपी

शास्त्रीनगर में स्थिति शांतिपूर्ण और अब पूर्ण नियंत्रण में है। उपद्रव में अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, जो लोग यहां एकत्र हुए थे सभी को पुलिस ने घर भेज दिया है। पूरे इलाके में एक कंपनी रैफ और क्यूआरटी के जवान गश्त कर रहे हैं। उपद्रव करने के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### सभी पक्ष शांति बनाये रखें, बख्शे नहीं जायेंगे असामाजिक तत्व : डीसी

जमशेदपुर। उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम श्रीमती विजया जाधव द्वारा सभी शहर वासियों से तथा जिलावासियों से अपील है गयी है कि कुछ असामाजिक तत्व द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की कोशिश की जा रही है । इस आलोक में पुलिस बल, मजिस्ट्रेट, क्यूआरटी, आरएएफ, एंटी राइट रिसोर्सेस तैनात की गई है। प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए हैं एवं किसी भी प्रकार की असामाजिक हरकत करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी । आपसे अपील है कि किसी भी प्रकार के अफवाह पर विश्वास ना करें । ऐसे कोई भी प्रक्षोभित शब्द या मैसेजे व्हाट्सएप से या मैसेजेस द्वारा प्रसारित ना करें। कोई भी अप्रिय या असामाजिक घटना घटती हुई नजर आ रही है तो इसे अविलंब प्रशासन को सूचित करें।

## आजसू का सामाजिक न्याय मार्च 13 को : रामचंद्र सहिस

**जमशेदपुर।** रविवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक निर्मल गेस्ट हाउस में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा आगामी 13 अप्रैल 2023 को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित समाजिक न्याय मार्च के रूप में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। सभी पदाधिकारी इसके लिए अपने अपने प्रखंड में अपने अपने मंडल में बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में लोगो को एकत्रित करने का निर्देश दिये गए। साथ ही संगठन विस्तार और मजबूती पर ध्यान देते हुए जनसंग्रह, धनसंग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिशा निर्देश दिया जाता है। बैठक में उपस्थित पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य की सरकार लूट और झूठ में व्यस्त है और जनता का विश्वास इस सरकार से उठ चुका है। और इस सरकार ने अबतक किसी भी वायदे को पूरा करने में सफल नहीं रही है क्योंकि सरकार को वायदे नही बल्कि इस राज्य को लूटने का कार्य करती है। सरकार पिछड़ों के साथ अन्याय कर रही है युवाओं के साथ अत्याचार कर रही है उनके अधिकारो से भी वंचित किया गया है।



PRNO 294600 ( IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्पीड न्यूज

### संविधान का दुरुपयोग कर रही है केंद्र सरकार : कामेश्वर बैठा



**मेदिनीनगर।** विश्व का भारत एक ऐसा देश है जो संविधान के आधार पर चलता है। भारत में रह रहे सभी लोगों को हक व अधिकार संविधान में दिया गया है। लोगों को यहां खुली स्वतंत्रता प्राप्त है। जहां पर लोग निर्भिक होकर अपनी बातों को कहीं भी रख सकते हैं। भारतीय संविधान में जाति-धर्म का कोई स्थान नहीं दिया गया है। उक्त बातें पलामू के पूर्व सांसद सह राजद नेता कामेश्वर बैठा ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर रही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संविधान का दुरूपयोग किया जा रहा है। इस सरकार के कार्यकाल में आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। इस कारण संविधान निर्माता बाबा भीमरांव अंबेडकर की आत्मा कुंठित हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों में संविधान के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए राजद जागरूकता अभियान चलायेगी। उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर की आदमकद मूर्ति का अनावरण पांडू प्रखंड के ग्राम ढांचाबार में 20 अप्रैल को किया जोगा। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, विशिष्ट अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार श्याम रजक, बिहार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम, प्रधान सचिव सह पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, ज्ञानचंद पांडेय, धनंजय पासवान, अधिवक्ता प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता में रामनाथ चंद्रवंशी, धीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश सिंह, श्यामदास सिंह यादव, राजेश रौशन, कैलाश यादव , बुधन सिंह, फैजूल हक, जियाउदीन अंसारी, जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, संतोष यादव समेत कई लोग शामिल थे।

### भाजपाइयों ने किया मरांडी का स्वागत

**सतबरवा पलामू।** भाजपा विधायक दल व प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यूपीए गठबंधन की सरकार पूरा भ्रष्टाचार में लिप्त है। राज्य में भय भूख और भ्रष्टाचार का माहौल बना हुआ है। सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को जनता के कठिनाइयों से कुछ लेना देना नहीं है। श्री मरांडी रविवार को रांची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में सतबरवा में बोल रहे थे। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने फूल माला ,अंग वस्त्र तथा बुके देकर श्री मरांडी का जोरदार स्वागत किया। वहीं उन्होंने हेमंत सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि झारखंड को बचाना भाजपा का मुख्य उद्देश्य है ।11 अप्रैल को रांची में भाजपा के द्वारा आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम में पलामू से हजारों लोग तथा झारखंड के कोने कोने से लाखों लोग रांची पहुंचेंगे ।श्री मरांडी ने आगे कहा कि उग्रवादी गतिविधियां राज्य में चरम पर है ।कानून व्यवस्था लचर है। थाना से लेकर ब्लॉक और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इसके कारण आम-अवाम पीस रहे है। सरकार में बैठे हुए लोग अपना तिजोरी भरने में व्यस्त हैं। मौके पर आशीष कुमार सिन्हा, सुशील सिन्हा, विकास तिवारी ,अजय उरांव ,सुरेंद्र प्रसाद, मेघराज नागा ,रामनाथ पाठक, अशोक यादव, विजय यादव, सेठा यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झामुमो की बैठक में पंचायत कमिटी का गठन



**रामगढ़ पलामू ।** प्रखंड अंतर्गत रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक पंचायत कमिटी का गठन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार भुइयां और प्रखंड सचिव जिब्राइल अंसारी की मौजूदगी में हुई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण ने जेएमएम में हुए शामिल । सभी को पार्टी की चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार भुइयां ने कहा कि नये लोगों का पार्टी में आने से मजबूती प्रदान होगा। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमिटी का भी गठन किया गया है । जिसमें अध्यक्ष विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष सुशीला देवी, सचिव संजीव भेंगरा,उपसचिव रघुनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष संजय भुइयां, उपकोषाध्यक्ष रोशन मुंडा बनाये गये। मौके पर जयराम नमी सिंह,मोहन सिंह,एतवा हस्सा, कोसाई सिंह, सिकन्दर सिंह,बाबूलाल लोहार,प्रभु एक्का करण हंसा,राफेल डान,पवन भेंगरा,मनीषा देवी,सुमित्रा देवी,विनीता कुंवर,रोहित भेंगरा उपस्थित थे।

### बोरिंग दर 110 रु. प्रति फीट करने का निर्णय



**मेदिनीनगर।** रिग एसोसिएशन पलामू के कोर कमेटी की बैठक विपिन सिंह की अध्यक्षता में बैजनाथ सेवा आश्रम डालटनगंज में संपन्न हुई । जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बोरिंग का दर आज से 110 रूपये प्रति फिट लिया जाएगा । बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि बढ़ते हुए लेबर चार्ज, स्पेयर पार्ट्स और डीजल के दाम में बढ़ोतरी को लेकर यह निर्णय लिया गया है। बैठक में विपिन कुमार सिंह, अजय सिन्हा, बैजनाथ कुमार कल्लू, नवल किशोर राय, संतोष गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र मेहता, बिनोद बिहारी महतो, दिनेश गुप्ता, विक्की चंद्रवंशी, विकास कुमार सिंह (विपु सिंह) उपस्थित थे।

### भाजयुमो की बैठक में संगठन मजबूती पर विचार विमर्श



**पाटन पलामू।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पाटन मंडल के कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में पार्टी की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही रांची में आयोजित महारैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। कहा गया कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार के योजनाओं व उपलब्धियों को जनता तक पहुंचायें। बैठक में भाजयूमो के जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग, कार्यसमिति सदस्य उज्वल पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष गौतम सिंह, सत्येंद्र सिंह, विवेक सिंह, सतौआ के उप मुखिया , राजू पांडेय, मंडल कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय, श्रीकांत पांडेय, गौतम, धर्मेंद्र प्रसाद, सुधीर प्रसाद, विशाल सिंह, मनीष सिंह, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य शामिल थे।

# झारखंड में अपराधी बेखौफ होकर कर रहे अपराध, अपराधियों से डर रहे हेमंत : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड की जनता ने जिस आशा और उम्मीद के साथ हेमंत सोरेन को अपना मत देकर सरकार बनाने का समर्थन दिया , आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार झारखंड की जनता के आशा व उम्मीद पर पानी फेरने का काम कर रही है। झारखंड में लूट, चोरी, दुष्कर्म, भ्रष्टाचार के कारण राज्य अस्थिर हो चुकी है। जनता इस सरकार से मुक्ति पाने के लिए बेचैन है। उक्त बातें झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह विपक्षी दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने पलामू दौरे के क्रम में भाजपा जिला कार्यालय में कही। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि सवा तीन वर्ष में हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के सवा तीन करोड़ जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने का काम नहीं किया है। राज्य की स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। कानून व्यवस्था लचर हो गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराधी बेखौफ होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। साथ ही हेमंत सोरेन अपराधियों से डरे हुए हैं। पूर्व में भाजपा की सरकार में उग्रवादी न के बराबर हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देते थे लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में उग्रवादी लगातार हिंसक घटनाओं को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। झारखंड में उग्रवादी फिर से संगठित हो रहे हैं। इस ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। पूरी तरह से सरकारी तंत्र ध्वस्त हो चुका है। उन्होंने भ्रष्टाचार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि राज्य के आम गरीब जनता का काम अंचल व थाना स्तर से लेकर मुख्यालय तक बिना घूस दिये नहीं हो रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में महिलाएं, बच्चियां अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। आये दिन दुष्कर्म की घटनाएं बराबर हो रही है। झारखंड में लूट खसोट की होड़ मची हुई है। खनिज संपदाओं की लूट जेल से संचालित किया जा रहा है। जेल में बैठे अपराधी पत्थर खनिज को लूटने का काम क ररहे हैं। सरकार इस पर मौन धारण की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं को हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आयी और युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। इस सरकार के कार्यकाल में मजदूर किसान, व्यवसायी के साथ जनता भी परेशानी झेल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में अराजकता को लेकर 11 अप्रैल को सचिवालय घेरने का काम भाजपा करेगी, जिसमें झारखंड के कोने कोने से लाखों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व जनता शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में चतरा सांसद सुनील सिंह, पलामू सांसद बीडी राम, पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्यामनारायण दूबे, कामेश्वर कुशवाहा, विनोद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विवेक भवानी सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सिटु गुप्ता, लवली गुप्ता, रूपा सिंह, पूर्णिमा चंद्रवंशी, उदय शुक्ला समेत अन्य मौजूद थे।

# कार्यकर्ता दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें : शशिभूषण

## भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को 11 को रांची जाने का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता




**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा के प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर मौर्या फार्म हाउस (लेस्लीगंज ) में भाजपा के सभी कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 11 अप्रैल को आयोजित भाजपा के महारैली की सफलता को लेकर काफी संख्या में कार्यकर्ताओं को रांची जाने पर चर्चा की गई। मौके पर पांकी विधायक डा शशिभूषण एवं पांकी विधानसभा के कार्यकर्ता के प्रभारी की बैठक की गई जिसमें पांकी विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष , मोर्चा के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित होकर एक संकल्प लिया कि पूरे विधानसभा से हजारों हजारों की संख्या में रांची चलें। मौके पर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपनी दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि रांची में आयोजित कार्यक्रम में पांकी विस क्षेत्र से काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य साधु मांझी, बिगु साव, कार्यक्रम सह प्रभारी एवं ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार, नीलांबर पीतांबरपुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, लोहरसी मंडल अध्यक्ष अरूण सिंह, पांकी महामंत्री शत्रुघ्न सिंह व श्यामनंदन ओझा, नीलांबर पीतांबरपुर प्रमुख सुनिल पासवान, उप प्रमुख कुसुमलता देवी, जिला परिषद विजय राम, मनातू जिला परिषद प्रदीप ,अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, प्रो बच्चन ठाकुर, सभी विधायक प्रतिनिधि समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आपसी एकता से ही समाज में उन्नति संभव : रामदास साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के चैनपुर बर्मा रिसोर्ट में रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज का बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष लल्लन साहू ने किया ।बैठक में समाज के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि एकता से ही समाज की उन्नति संभव है । तैलिक साहू समाज समाज में अग्रणी होते हुए भी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने समाज के लोगों को कहा कि अपने आप को कभी कमजोर ना समझे। उन्होंने समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष से कहा कि चैनपुर प्रखंड मैं समाज को सशक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं । कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी समाज को सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा में अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान चैनपुर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज कुमार साहू को प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बालकेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, संजय प्रसाद, जितेंद्र कुमार, सचिव रोशन गुप्ता, कोषाध्यक्ष गुना साहू ,कमलेश प्रसाद गुप्ता, संगठन मंत्री संजय गुप्ता, मंटू गुप्ता, पप्पू संतोष प्रसाद गुप्ता ,मीडिया प्रभारी रविंद्र प्रसाद महिला प्रखंड अध्यक्ष



अनीता देवी सचिव उषा देवी कोषाध्यक्ष संगीता देवी संगठन मंत्री विमला देवी रिंकी देवी को बनाया गया ।जिला अध्यक्ष ललन प्रसाद ने प्रखंड अध्यक्ष को 1 महीने के अंदर पंचायत कमेटी और प्रखंड कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया । नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने कहा कि समाज में नशा मुक्ति और नए पीढ़ी को शिक्षित कर ही समाज का विकास संभव है । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सह जिप सदस्य रूपवंती देवी, जिला सचिव अजय साहू, जिला कोषाध्यक्ष राजा बाबू ,कुलवंती देवी, गोविंद साहू, संतोष गुप्ता, अनिल साहू, सीताराम साव सहित समाज के सैंकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे ।

# मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया गुनाह : बिट्टू

खबर मन्त्र संवाददाता




**पाटन पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर रविवार को पाटन प्रखंड में नुक्कड़ सभा किया गया । नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता जिला अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है । मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया है गुनाह । आज विदेश के अखबारों में भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं। लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20, 000 करोड़ किसके हैं? मौके पर अशोक पासवान ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान को हम सबको बचाने के जिम्मेदारी है । महाघोटाले के आरोपी अडानी को बचाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, विद्या सिंह चेरो, चिंतामणि तिवारी, देवांश शुक्ला, रामानंद पांडे, अनिल कुमार सिंह, अनवर अंसारी, जागनाथ पासवान, सरजू ठाकुर, अभिमन्यु पांडे, अली मियां, सुनील सिंह, दीपक ठाकुर, चंद्रदेव सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# किसान ब्रिगेड की कार्यकर्ता बैठक संपन्न, संगठन का हुआ विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




**हरिहरगंज पलामू।** डाक बंगला परिसर में रविवार को किसान ब्रिगेड की कार्यकर्ता बैठक हुई। इसमें संगठन का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रघुनंदन साव ने की तथा संचालन विनोद पासवान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद में आयोजित ऐतिहासिक किसान महापंचायत को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त कार्यकताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज पलामू जिला सहित हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता इस समय भूमि गड़बड़ी, रिसर्वे, गलत बिजली बिल, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में फैला भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने पूर्व एवं वर्तमान जन प्रतिनिधियों का जनविरोधी नीतियों का कड़े शब्दों में विरोध करते हुए कहा कि ऐसी जन प्रतिनिधि को अपदस्थ करने के लिए किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ता एकजुटता के साथ काम करें। बाद में किसान ब्रिगेड संगठन का विस्तार किया गया। इसमें बिनोद पासवान को अध्यक्ष, भीष्म नारायण सिंह को महासचिव, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव को संरक्षक, चंद्र भूषण सिंह को प्रखंड प्रभारी, विवेक मिश्रा को युवा मोर्चा सह संयोजक बनाया गया । इसके अलावा सभी पंचायतों में संयोजक तथा सह संयोजक का चयन किया गया। सभी नवचयनित पदाधिकारियों को संरक्षक कर्नल डा संजय कुमार सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर सुनील सिंह, पिन्टु सिंह, सूयार्सू सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, फुटूक सिंह, बसंत सिंह, छोटू सिंह, अनुज कुमार, विनय राम, भीष्म नारायण सिंह, उपेन्द्र मेहता, गिरवर चौधरी, विजय प्रजापति, दिनेश मेहता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### क्षेत्र के विकास का आधार है सड़क : संग्राम



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत अंतर्गत ग्राम टंडवा में जिला परिषद मद से पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने किया। इसके अलावे उन्होंने सतौवा में धोबी घाट का शिलान्यास और सतौवा पंचायत के ग्राम धांगरदीह में नवनिर्मित श्मशान शेड का उदघाटन किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि पाटन में विकास से जुड़े कार्य लगातार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर पथ होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। क्षेत्र के विकास का आधार सड़क है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जायेगा। मौके पर जमुना सिंह, धर्म सिंह, मनोज चंद्रवंशी, श्रीकांत पांडेय, गौतम पांडेय, विवेक सिंह, नवीन पांडेय, अजीत प्रसाद, अरूण भुइयां, श्रवण भुईयां, संतोष शुक्ला, विकास शुक्ला, रौशन सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# नीलांबर पीतांबपुर में मनायी जायेगी परशुराम जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** ए आई डी सभागार में प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड इकाई के सभी पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष अजय तिवारी शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार 22 अप्रैल को नीलांबर पीतांबरपुर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में पूरी भव्यता के साथ भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई जाएगी। मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। इसके लिए मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने प्रखंड के पदाधिकारियों एवं कार्य समिति सदस्यों को एक व्यापक रणनीति बनाकर गांव गांव जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं सभी ब्राह्मण बस्तियों में जा जाकर जागरूकता फैलाने कमेटी का गठन करने एवं सभी प्रकार के ब्राह्मणों को एक मंच पर लाकर उन्हें एकजुटता प्रदान करने का आह्वान किया। सभी वक्ताओं ने ब्राह्मण के उत्थान हेतु प्रयास करने की बात कही। मौके पर सतीश मिश्रा , रुद्र शुक्ला, बिक्रमादित दुबे, कृष्ण कांत दुबे के अलावा दर्जनों ब्रह्मण शामिल थे ।

# मेन बजार में न्यू नीरज वस्त्रालय खुला



**हुसैनाबाद पलामू।** मुख्य बाजार में रविवार को न्यू नीरज वस्त्रालय का शुभारंभ किया गया। इसका उदघाटन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गया जोन की राजयोगिनी बीके कंचन दीदी व राजद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान राजयोगिनी कंचन दीदी ने कहा कि नीरज वस्त्रालय प्रतिष्ठान से स्थानीय लोग लाभांवित होंगे। परिधान की खरीद दारी के लिए लोगों को रांची वाराणसी आदि अन्य जगहों पर जाने से राहत मिलेगी। वहीं पूर्व विधायक व राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने संचालक धीरज से कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही प्राथमिकता है नीरज जी हुसैनाबाद में सेवा सद्भावना के तहत कार्य करते है।मौके पर संचालक धीरज कुमार नीरज कुमार, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, बीके नीलम, बीके नम्रता, बीके पूनम, बीके कृष्णा आदि मौजूद थे।

# शोभायात्रा में आमंत्रित करने के लिए युवा वाहिनी ने किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आगामी 22 अप्रैल को आयोजित शोभायात्रा की तैयारी अब अंतिम चरण में है। इस क्रम में युवा वाहिनी के पदाधिकारियों की टीम विभिन्न जत्था के रुप में गांवों का तुफानी दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक पप्पू पांडेय,शैलेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी,जिलाध्यक्ष विकास दूबे,राजा पांडेय,विक्रांत त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान विप्र बंधुओं को जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। वहीं दूसरी ओर युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक नवीन तिवारी, जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी), प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रवीण मिश्रा, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, किशोर पांडेय, पूर्व गढ़वा जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, पंकज कुमार दूबे, दिलीप तिवारी की टीम विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस क्रम में लोहडा,रजहरा,भंडार, बसना,अमवा, बरिगांवा, तोलरा, गुरी,चनया सहित कई गांवों का भ्रमण कर विप्र बंधुओं को जन्मोत्सव शोभायात्रा में आमंत्रित किया गया।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक सुदना कुशवाहा भवन में की गई। बैठक में महासभा के केंद्रीय समिति सदस्य अवधेश मेहता, पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार व विकास कुशवाहा के नेतृत्व में अजीत कुमार मेहता को सर्वसम्मति से महासभा का पलामू जिलाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर श्री अजीत ने कहा कि कुशवाहा समाज के उत्थान के लिए जो जिम्मेवारी मिली है उसका निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कुशवाहा समाज के लोगों को बधाई दी। मौके पर महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कुशवाहा अवधेश मेहता, पूर्व सचिव भोला महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशार मेहता, संतोष मेहता, जंगली महतो, अशोक महतो, राजेश्वर महतो, प्यारी महतो, डा श्यामदेव मेहता, रिंकु मेहता, रौशन मेहता, सुनिल कुशवाहा, दिलीप मेहता, रविरंजन मेहता, राकेश मेहता, लक्ष्मी, दिलकेश्वर, विजय मेहता, मुन्ना, केदार, अरविंद, श्याम, पिंटु मेहता, नंदलाल मेहता, राजेंद्र प्रसाद महतो सहित कई लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### फुसरो में तुरी समाज का चिंतन शिविर

**बेरमो।** फुसरो स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद स्मृति भवन में तुरी समाज ने चिंतन शिविर शुरू बाबा साहेबएराज कुमार तुरी व छोटू तुरी को पुष्प अर्जित कर की सभा की। अध्यक्षता नंदकिशोर तुरी ने कहा की हमे बाबा के दिखाए हुए पर चलने की जरूरत है वा समाज को एकसाथ हरेक परस्थिति में रहना होगा। शिविर में राज्य के सभी कोने से समाज के लोग जुड़े। यहां पर श्रीकांत तुरीएरामचरण तुरीएहरिप्रसाद तुरीएजीवलाल तुरी एमोतीलाल मृद्धाएतपेंद्र तुरीएगोविंद तुरीए रौशन तुरीएब्रजमोहन तुरी एदिलीप तुरीएमधुसदान तुरीएलालमोहन तुरी सुभाष तुरी सहित तुरी समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### सेक्टर-12 में अनधिकृत निर्माण ध्वस्त

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 12 ए में अनधिकृत रूप से निमार्णाधीन एक अनधिकृत ढांचे को बीएसएल के संपदा न्यायालय द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में जेसीबी द्वारा ध्वस्त कर हटाया गया। ज्ञातव्य है कि संपदा न्यायालय द्वारा लगातार अभियान चला कर अनधिकृत कब्जे वाले बीएसएल आवासों को खाली कराया जा रहा है साथ ही अनधिकृत निर्माण के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाई आरम्भ कर दी गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक की स्थिति गंभीर

**चासनाला।** झरिया सिन्द्री मुख्य मार्ग पर सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह परधाबाद में मुख्य मार्ग तेज रफ्तार बोलेरो संख्या जेएच 04 जी 9343 व ऑटो में टक्कर हो गयी। जिसमें दो लोग घायल हुए ।बताते है कि हादसे में ऑटो चालक अशोक ठाकुर व ऑटो पर सवार डुमरिया निवासी निमाई बाउरी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आसपास के दुकान संचालक व लोग जुटे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर सुदामडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चासनाला भेजा।

### श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता

**पुटकी।** एनएच 32 मुख्य मार्ग के बगल चौधरी निवास करकेन्द बाजार के श्री श्याम भक्त मण्डल के द्वारा दो दिवसीय आगामी 12 अप्रैल ओर 13 अप्रैल 2023 को दशम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है ।इस आयोजन में 12 अप्रैल को 251 निशान शोभायात्रा के साथ आकर्षक झाकिया व रात्रि में श्याम रसोई ओर 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे लगातार दोपहर 2 बजे तक विभिन्न प्रकार का भोग वितरण व संध्या 4 बजे से 56 भोज का महाप्रसाद वितरण होगा। वही दोनों दिन भजनों के कलाकार सौरभ मधुकर, सौरभ शर्मा, मनीष गर्ग के द्वारा भजन वर्षा का आयोजन के साथ मुख्य केंद्र आकर्षक दिल्ली का दरवार व वृन्दा वन की इत्र की होली के साथ श्री श्याम महोत्सव सम्पन्न होगा।

### अनियंत्रित हाइवा ट्रक से टक्कराया, हादसा टला

**जोड़ापोखर।** भौरा जामाडोबा पुटकी मार्ग में तेज रफ्तार से हाईवा के चलने से लोग परेशान काफी परेशान है। शनिवार की देर रात तेज रफ्तार से जा रहा बेकाबू हाईवा अचानक जामाडोबा में खड़े एक ट्रक से टकरा गया । उस समय संजोग अच्छा था कि रात था और भीड़ नही थी। इसलिए घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस दौरान ईद की खरीददारी कर घर लौट रहे लोगों मे भगदड़ मच गई। स्थानीय की सूचना पर थाना प्रभारी बिनोद उरांव पहुच कर हाइवा को जप्त किया।

### 75 प्रतिशत नियोजन की मांग पर प्रबंधन को पत्र लिखा

**कतरास।** रविवार को खेमका कैरियर आउटसोसिंग कंपनी ईस्ट बसुरिया को दुर्गा सोरेन सेना केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल बाल्मीकि के लोगो ने कंपनी को एक पत्र दिए जिसमे बेरोजगार युवाओ को 75 प्रतिशत रोजगार देना है।

# आदिवासी समाज के धर्म से खिलवाड़ नहीं करेंगे बर्दाश्त : सुखलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** सिन्दरी में असामाजिक तत्वों द्वारा आदिवासी समुदाय के सरना कोड का झंडा उखाड़ कर हटाने का विरोध करते हुए सोनोत संथाल समाज के बैनर तले केन्द्रीय संयोजक सुखलाल मरांडी के नेतृत्व में रविवार को आक्रोश रैली निकाली गई। आक्रोश रैली बिरसा समिति से निकलकर पूर्वांचल कल्ब होते हुए कुँवर सिंह चौक, रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक होते हुए गुरुद्वारा के रास्ते वापस बिरसा समिति लौट आई। केन्द्रीय संयोजक ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए। आदिवासी समाज के धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आक्रोश रैली निकालकर समाज ने यह संदेश दिया है कि आदिवासी एकजुट हैं और सरना कोड का झंडा हटाने वालों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। आक्रोश रैली में मुख्य रूप से नुनु लाल टुडू, सूरज कांत सोरेन, फागु प्रमाणिक, सतेन्द्र मराण्डी, रोबिन सोरेन, लोगन हेम्ब्रम, मनोज रजक, मुकेश महतो, शंकर महतो, राजकुमार हेम्ब्रम, सरोधेनी मुर्मू, आशा देवी, फुलहनी हेम्ब्रम, फूल मति हाँसदा, सोमनाथ हाँसदा, शिव लाल मुर्मू, दीपक कुमार, शनीचर हेम्ब्रम, जयदेव मराण्डी, सुमि हेम्ब्रम, तानिसा सोरेन शामिल रहे।




### रामअवतार कंपनी और मजदूरों का गतिरोध खत्म

लोयाबाद। रामअवतार प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रबंधक और मजदूर के बीच दो दिनो से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। लोयाबाद थाना परिसर मे कम्पनी प्रबंधक और मजदूरो के प्रतिनिधि के रूप मे भाजपा नेता मनोज चौहान उर्फ मुखिया मौजूद थे। वर्तमान प्रभार थाना प्रभारी निरंजन महतो के हस्तक्षेप के बाद ही दोनों पक्षो के बीच जो दो दिनो से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। वही कम्पनी प्रबंधन की ओर से मजदूरो की सारी मांगे मान ली गई है। कम्पनी के प्रतिनिधि के रूप मे शामिल अंकित सिंह एवं सुनिल सिंह ने कुछ समय की मांग की है और कहा है कि कम्पनी के सारे मजदूर काम पे वापस आ कर काम करे और जो उनकी मांगे है उसे हर सम्भव पुरा करेगे। इसके लिए कुछ समय दिया जाय। वही मजदूर प्रतिनिधि के रूप मे शामिल भाजपा नेता मनोज चौहान उर्फ मुखिया ने कहा है कि कम्पनी मजदूरो के सारी समस्या को हल हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।

## बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जयरामपुर में आजसू का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा।** घायल के ईलाज और प्रदूषण की समस्या को लेकर जयरामपुर बी आर कंपनी में आजसू समर्थकों किया प्रदर्शन। आजसू नेता बीरेंद्र निषाद के नेतृत्व में जयरामपुर बी आर कंपनी के चौक पर सुश्री आउटसोर्सिंग तथा बी सी सी एल प्रबंधन के खिलाफ बी आर कंपनी के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। कल सुबह डंपिग के पास कैलाश भुइयां शौच के लिए गए थे।आग की लपेट में आने से उनका दोनो हाथ और पैर बुरी तरह जल गया।आनन फानन में उन्हें दास क्लिनिक डिगवाडीह में भर्ती करवाया गया। बीरु निषाद का कहना है कि प्रबंधन की लापरवाही से घटना घटी है ।उसके ईलाज का पूरा खर्च प्रबंधन दे। आउटसोर्सिंग प्रोजेक्ट जयरामपुर बस्ती से मात्र डेढ़ सौ फीट की दूरी पर चलाया जा रहा है ।काफी बड़ी मात्रा में धूलकण रिहाइसी क्षेत्र में आ रहा है ।लोगों का घर से निकलना दुभर हो गया है ।ऐसी स्थिति रही तो जयरामपुर, जीनगोरा के सभी लोग किसी हॉस्पिटल में नजर आएंगे ।बीरु निषाद का कहना है। कि बी सी सी एल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग परियोजना का प्रबंधन माइनिंग के नियमो को ताक पर रखकर परियोजना चला रहा है। यदि प्रबंधन नियम पूर्वक परियोजना का संचालन नही करेगी तथा ग्रामिणों के स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखेगी तो मजबूरन परियोजना का चक्का जाम किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेश पासवान,मंगल धोबी,अनिल पासवान, अक्षय पासवान,बिट्टू पासवान ,सुमित कुमार ,रितेश, विक्की , शत्रुघ्न साव मौजूद थे।

## विद्युत विभाग की मनमानी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

### बीपीएल को नहीं मिल रहा अनुदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** भाकपा व राजद ने संयुक्त रूप से विद्युत विभाग के मनमानी के खिलाफ मंगल चंडी मोड़ से विद्युत सब स्टेशन बगियारी तक नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर भाकपा संजोजक इफ्तकार महमूद ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली मुहैया कराने हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा लिए गए संकल्प के आलोक में कसमार के बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को शत प्रतिशत अनुदान नही दिया जा रहा है और न ही एक सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ दिया जा रहा है। विद्युत संकल्प के प्रभावी होने के बाद के बिजली बिल की राशि अनुदान योग्य उपभोक्ताओं को वापस की जाए। जिला मंत्री ने बगियारी सब स्टेशन क्षेत्र में सभी जर्जर तार को बदलने तथा माह में एक बार बिजली बिल कलेक्सन का कैम्प लगाने की मांग की है।

**प्रदर्शन में थे शामिल**

मौके पर भाकपा जिला मंत्री पंचानंद महतोए दिवाकर महतोए राजद जिलाध्यक्ष बुधनारायण यादवए रामजीत यादवए अजित महतोए उमाचरण रजवारए चुमन महतोए देवानंद प्रजापतिए उमेश गुप्ताए संतोष गिरीए भावेश साहनीए खुर्शीद आलमए जितू सिंहए राजेश नायकए शकीला खातूनए रोशन सिंहए महेश शर्माए मुकुंद सालए कलीम अंसारीए बढ़न राम महतोए कलीम अंसारीए कमालुद्दीन अंसारीए नरेश यादव उपस्थित थे।

### भरत में दिखायी देता है भ्रातृत्व का सर्वोच्च उदाहरण : डॉ अमृता

**सिन्दरी ।** सिन्दरी के शहरपुरा शिव मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा मंदाकिनी में सातवें दिन कथावाचिका डॉ अमृता करुणेश्वरी ने प्रभु श्री राम के वन गमन प्रसंग में महात्मा भरत में भ्रातृत्व प्रेम का सर्वोत्तम उदाहरण मिलने की बात बताई। श्री राम कथा समिति व नारी सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित राम कथा सुनकर दूर दराज से आए सैंकड़ों की संख्या में पहुँचे श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। कथा में कथावाचिका ने बताया कि आज के समय में भरत चरित्र से भाई के प्रति प्रेम की शिक्षा मिलती है। महात्मा भरत में त्याग, संयम, धैर्य व ईश्वर प्रेम का उदाहरण है। भैया लक्ष्मण व भैया भरत भ्रातृत्व प्रेम के मूर्तिमान उदाहरण हैं। दोनों के जीवन का आधार ही श्री राम थे। उन्होंने प्रभु श्रीराम व वनदेवी की वार्ता में बताया कि प्रभु जब चित्रकूट जा रहे थे। तब वनदेवी से आग्रह किया कि मेरा भरत मुझे खोजते हुए इस रास्ते पर निकलेगा तो आप नरम व मुलायम हो जाएँ। ताकि भरत को इस पीड़ा का अहसास नहीं होना चाहिए।

## भगवान से सबंध जोड़ना ही भक्ति है : सुनीता शास्त्री



खबर मन्त्र संवाददाता

**जोडापोखर।** जेलगोड़ा मानस मंदिर में आयोजित 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन के तीसरे दिन कथा हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में श्री राम जन्म का उत्सव मनाया गया। कथा बाचक जबलपुर की मानस कोकिला सुनीता शास्त्री ने प्रवचन के दौरान कहा की भगवान और उनकी भक्ति प्राप्त करने के लिए, भगवान के साथ कोई सम्बन्ध निश्चित रूप से बना लिया जाए।

भक्ति टाइम से नहीं बंधती। अगर आप डॉक्टर हो तो चौबीस घंटे हो, अगर आप वकील हो तो चौबीस घंटे हो, रात के बारह बजे भी हो। ऐसे ही भक्त हो तो चौबीस घण्टे हो। आप पिता हो तो चौबीस घंटे पिता हो, आप पति हो तो चौबीस घंटे पति हो, अगर आप पुत्र हो तो चौबीस घंटे पुत्र हो केवल आधे घंटे के लिए नहीं हो सकते, अगर आप भारतीय हो तो चौबीस घंटे भारतीय हो केवल 15अगस्त व 26 जनवरी को ही नहीं हो सकते। उन्होंने कहा की भक्त एक घंटे नहीं है, तीन घंटे नहीं होता है। जो चौबीस घंटे है। किसी ने कहा- मन्दिर में झूठ कैसे बोलूँ? तो फिर पार्क में झूठ बोल लो। मैं एकादशी को कुछ उलटा सीधा नहीं खाता तो फिर बचे हुए दिन में कुछ नहीं छोड़ता होगा। इन गणनाओं में नहीं बंध सकता व्यक्ति ।फिर चाहे वो हस्पताल में हो, चाहे व्यापार में हो, चाहे वो घर में हो, चाहे जग रहा हो, चाहे सो रहा हो, चाहे नहा रहा हो। भक्त का मतलब ये भगवान का भी है। अपना सम्बन्ध भगवान के साथ खोज लेना ही भक्ति है। बस बना दिया किसी ने। पिता भरोसा करके बेटी को किसी के हाथ में सौंप देता है और वो पूरा जन्म निभा लेती है ऐसे ही गुरु भी भरोसा करके किसी के हाथ में सौंप देता है। इतना मान लेना ही भक्ति कि पराकाष्ठा है।

## गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल : सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने रविवार कै सरायढेला स्थित होटल ट्रायोटेंल मे पत्रकार वार्ता किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है ।यह निकम्मी सरकार विकास के सारे कार्य ठप हो चुके हैं। रघुवर दास की सरकार ने जो जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। उन्हें भी रोक दिया गया। किसान सम्मान निधि पर रोक लगाई गई। उज्जवला योजना के चूल्हे पर रोक लगाई गई ।महिलाओं के लिए एक रुपए में 50 लाख की संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई ।हेमंत सरकार में खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है ।चुनाव पूर्व घोषणा में पांच लाख रोजगार देने की बात कही गई थी। वह वादा खोखला निकला ।हत्या ,बलात्कार, डकैती में बेतहाशा वृद्धि हो रही है ।कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शिक्षित बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात भी खोखली निकली । आदिवासी महिलाओं के साथ भी जघन्य अपराध हो रहे हैं ।उदाहरण के लिए रूपा तिर्की और रामेश्वर मुर्मू की हत्या। पानी बिजली स्वास्थ्य सेवा लचर हो गई है। पूरे झारखंड की जनता की निगाहें भाजपा की ओर है और जनता के भावनाओं के अनुरूप भाजपा 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय घेराव का कार्यक्रम करेगी।

### पिता की मौत के सदमे में पुत्र ने की आत्महत्या

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा बाजार में पिता की मौत के सदमे से आहत होकर छोटे पुत्र 29 वर्षीय कुंदन कुमार रजवार ने घर के अंदर गले में गमछा बांध पंखे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया ।सुबह जब घर के लोग बगल के कमरे में गये तो देखा की पंखे के सहारे उसका शव झूल रहा हैए एक तरफ पिता का शव दूसरी तरफ छोटे बेटे का शव देख घर में कोहराम मच गया।

एक नजर में

### विधायक पूर्णिमा ने नौनिहाल को दिया आशीर्वाद



**झरिया।** झरिया विधायक सह सचेतक ( सत्तारूढ़ दल) पूर्णिमा नीरज सिंह अपनी छोटी बहन विजयलक्ष्मी सिंह का पहले पुत्र के अन्नप्राशन संस्कार के अवसर पर सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्रदान की। वही जनता मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह सहित परिवारिक व सगे संबंधियों ने कार्यक्रम में शामिल हुए । इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने नौनिहाल को दीघार्यु की कामना करते हुए उज्जवल भविष्य की आशीर्वाद दी। जमसं नेता अभिषेक सिंह सहित अन्य संबंधियों ने बच्चे के साथ माता पिता को आशीर्वाद दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने की रांची चलने की अपील

**चिरकुंडा।** झारखण्ड प्रदेश की जनता के साथ छलावा करने वाली, झूठी, बहरी व गूंगी झामुमो की सरकार के विरोध में रविवार को भाजपा द्वारा आयोजित रांची में झारखण्ड सरकार के सचिवालय घेराव कार्यक्रम की सफलता के लिए चिरकुंडा शहीद चौक पर मानव श्रृंखला बना कर, झंडा-बैनर के साथ भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकत्ताओं ने रांची चलने की अपील की व कहा कि जनता आती है गद्दी खाली करों। मौके पर जिला मंत्री अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि धीरज सिंह,मंडल अध्यक्ष बापी सेन गुप्ताआदि थे।

### बच्चों को कॉमिक्स देकर किया जागरूक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बगदा में सहयोगिनी संस्था द्वारा आयोजित सुरक्षित गांव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए पंचायत की मुखिया गीता देवी ने कहा कि बाल तस्करीए बाल विवाहए बाल श्रम का मामला हो या बाल अधिकार के हनन का कहीं भी मामला दिखे तुरंत टोल फ्री नंबर में फोन करेंए कुछ ही घंटे में मामले पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की। पंसस श्री भट्टाचार्य ने बाल तस्करी की घटनाओं को रोकने हेतु सहयोगिनी एवं ऑपरेशन रेड अलर्ट के प्रयास की सराहना की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बाल अधिकार के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी तो निदेशक गौतम सागर ने कहा कि मानव बाल तस्करी की चुनौती को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान बाल तस्करी से संबंधित कॉमिक्स बुक का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य समीर भट्टाचार्यए संस्था के रवि कुमारए शेखर शरदेंदुए प्रधानाध्यापक राजेश कुमार दासए संजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### बीजीएच में मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल में सीएमओ डॉ विभूति भूषण करुणामय के मार्गदर्शन में सभी के लिए स्वास्थ्य सोच के तहत विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। समारोह की शुरूआत मरीजों का रक्तचापए ब्लड शुगरए ऊंचाईए वजन और बीएमआई जांच के शिविर के साथ हुई। शिविर में लगभग 300 मरीजों की चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के उपरांत एसीएमओ डॉण श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवाकर्मियों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों पर चर्चा की गई तथा एसीएमओ डॉण वर्षा घाणेकर व अकादमिक समिति के अध्यक्ष एसीएमओ डॉण आर के गौतम ने स्वास्थ्य के महत्व के बारे में एक व्याख्यान प्रस्तुत किया और बताया कि स्वास्थ्य का अधिकार एक मौलिक मानव अधिकार है जो आवश्यकतानुसार सभी को उपलब्ध होना चाहिए।

### झारखंड के नेता जयचंद की भूमिका निभा रहे है : अमित महतो

**जोड़ापोखर।** झारखंड में सरकार स्थानीय 1932 की खतियानी नीति लागू नहीं करेगी तो झारखंडी जनता सरकार की नींद हराम कर देगी। उक्त बातें प्रदेश के शिली पूर्व विधायक अमित महतो ने जोड़ापोखर बस्ती पीला मैदान में ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान कहा। इससे पूर्व श्री महतो ने झरिया विधानसभा में 21 किलो मीटर पैदल यात्रा पुरा कर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया । श्री महतो ने कहा है की हेमंत सोरेन की सरकार रघुबर दास की पूर्व सरकार के तर्ज पर ही काम कर रही है। वर्तमान सरकार 1932 खतियानी बात करती है परन्तु संविधान की 9 वी सूची में शामिल क्यो नहीं करती है। रघुवर दास की सरकार ने 1985 नीति के तहत बाहरियों को नियोजन देने का काम किया है। उन्होंने कहा है की पूरे प्रदेश में झरखंडी को जागरूक किया जा रहा है ।पद यात्रा कार्यक्रम के बाद आंदोलन की रूप रेखा तय किया जायेगा। किसान नेता खेम लाल महतो ने कहा की सरकार के 60,40 का फामूर्ला नही चलेगा ।यहां पर बाहरी लोगों रोजगार की तलाश में आये थे। अब पूंजीपति बन कर झारखंडी कहलाने लगे। वहीं लोगों द्वारा मूल वासियों का हक मारा जा रहा है।

## पारा शिक्षक संघ ने जगरनाथ महतो की दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शहीद स्वड्ड जगरनाथ महतो सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षकों के लिए मंत्री के साथ-साथ एक मार्गदर्शक थे, आज शहीद जगरन्नाथ महतो के कारण पारा शिक्षकों के 22 वर्षो का वनवास समाप्त हुआ। उक्त बातें झारखण्ड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीक शेख ने नया प्राथमिक विद्यालय खास गोविन्दपूर, पचगड़ी कतरास मे शहीद स्वड्ड जगरनाथ महतो के श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप अपनी बातों को रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बीरेन्द्र शर्मा एवं संचालन संघ के जिला उपाध्यक्ष मोती महतो ने किया। प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीक शेख ने आगे कहा कि शहीद जगरनाथ महतो का एक बड़ा सपना था कि राज्य के पारा शिक्षकों को कल्याण कोष का लाभ मिले। संघ सरकार से मांग करती हैं पारा शिक्षक कल्याण कोष का नामकरण शहीद जगरनाथ महतो पारा शिक्षक कल्याण कोष के नाम से रखा जाए साथ ही राज्य के सभी स्कूलों में शहीद जगरनाथ महतो की तस्वीर महतो की तस्वीर अनिवार्य रूप से रखा जाए । जिला अध्यक्ष अशोक चक्रवर्ती ने कहा शहीद जगरनाथ महतो के कारण पारा शिक्षकों को पहचान मिला, सहायक अध्यापक का नाम देकर राज्य के पारा शिक्षकों को सम्मान मिला है।

## चार दिन में उखड़ने लगी सड़क, बरसात अभी बाकी

### ग्रामीण सड़कों के निर्माण में हो रहा कमीशन का खेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** देखें किस तरह से गांव के विकास में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में की जा रही अनदेखी जिससे सड़क मरम्मतती के कार्य की पोल खोल कर रख दी है 4 दिन पहले बने यह सड़क किस तरह से उखड़ना भी शुरू कर दी है अभी पहली बरसात बाकी है और यह सड़क उखड़ कर ग्रामीणों के हाथों में रेत की तरह भरभरा रही है ऐसे में यह सड़क कब तक टिक पाएगी इसका अंदाजा इस तस्वीर में देखकर सहज ही लगाया जा सकता है यह सड़क चास प्रखंड के करहरिया पंचायत को जोड़ने वाली नरकेरा ए चिरुतांड से धरमपुरा गांव के विकास के लिए



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद द्वारा स्वीकृत 8 किलोमीटर मरमति के कार्य संवेदको द्वारा किया गया है जिसकी अनियमितता की पोल यह सड़क ने खुद ही खोल कर रख दी है इसके लिए ग्रामीणों ने सीधे.सीधे आरोप संवेदको के ऊपर लगाया है आपको बता दें कि इस सड़क मरम्मत के कार्य का शिलान्यास 19ए 11 ए2022 को धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह के कर कमलों के द्वारा बोकारो विधायक बिरंची नारायण के उपस्थिति में संपन्न हुई थी ग्रामीणों ने इस कार्य में हो रही गड़बड़ी की शिकायत जिले के अधिकारियों और स्थानीय विधायक से भी की है मगर अभी तक किसी तरह का निरीक्षण नहीं किए जाने से यहां के ग्रामीण आक्रोशित है।

# सांस्कृतिक और नृत्य कला से बच्चों ने मोह लिया मन

### किड्स गार्डन स्कूल का मनाया गया 17वां वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** बेरमो के जरीडीह बाजार स्थित केबीएम किड्स गार्डन स्कूल ने बीते रात्रि अपना 17 वां वार्षिक उत्सव बडे ही धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया ।वार्षिक उत्सव में नन्हे नन्हे स्कूल के बच्चे एवं बच्चियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बनाया।

### प्रतिभाशाली बच्चों को किया गया पुरस्कृत




कार्यक्रम को देख वहां मौजूद दर्शक वाह.वाह करने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया गया । कार्यक्रम मे मौजूद अतिथियों के हाथों बच्चों को शील्ड एमेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक सहित क्षेत्र के कई गणमान्य मौजूद थे। वहीं आए हुए अतिथियों को स्कूल के डायरेक्टर परेश शाह ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित कियाए।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में किया सहयोग

वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की सब डायरेक्टर पायल शाहए कोऑर्डिनेटर आशीष शाहए प्रिंसिपल कोमल शाहए वाइस प्रिंसिपल लवली वर्माए शिक्षिका सुनीता एरजनी एप्रेरणाए ज्ञानमए विनीता एआरती की मुख्य भूमिका रही।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा अच्छी कारगुजारी प्रस्तुत करने पर अतिथियों ने स्कूल प्रबंधक परेश शाह को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनूए सिंहए मुखिया कंचन देवी ए पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवीए शंभू सोनी सहित अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवालए कांग्रेसी नेता सरदार लक्की सिंहए प्रवीण शाह एगोपाल डालमियाए प्रेम अग्रवालए नीरज बरनवालए बबलू भगतए प्रदीप सावए रोबिन कसेराए जिम्मी सिंह एअरविंद भूषण डेए संजय वोरा एंव बच्चों के माता.पिता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे एकेबीएम किड्स गार्डन स्कूल के डायरेक्टर परेश शाह ने कहा आज हमारे स्कूल का 17 साल पूरा हो गया है एहमने बहुत छोटे स्तर से स्कूल की शुरूआत की थी।

# गज उत्सव का अर्थ

असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव का शुभांरभ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मानव-हाथी संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज पर है। निश्चित तौर पर हमारी परंपरा में हाथियों का सबसे अधिक सम्मान दिया गया है। इसे समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यह भारत का राष्ट्रीय विरासत पशु है। इसलिए, हाथियों की रक्षा हमारी राष्ट्रीय विरासत को संरक्षित करने की हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मानव-हाथी संघर्ष सदियों से एक मुद्दा रहा है और जब हम इस संघर्ष का विश्लेषण करते हैं, तो यह पाया जाता है कि प्राकृतिक आवास या हाथियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न होना मूल कारण है। इसलिए, इस संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज की है। हाथियों की रक्षा, उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण और हाथियों के गलियारों को बाधा से मुक्त रखना प्रोजेक्ट एलीफेंट का मुख्य उद्देश्य है। मानव-हाथी संघर्ष से संबंधित समस्याओं का समाधान भी इस परियोजना का उद्देश्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि असम के काजीरंगा और मानस राष्ट्रीय उद्यान न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अमूल्य धरोहर हैं। इसीलिए इन्हें यूनेस्को द्वारा 'विश्व विरासत स्थल' का दर्जा दिया गया है। भारतीय संस्कृति में हाथी को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। हाथी अभ्यारण्य के जंगल और हरित क्षेत्र बहुत प्रभावी कार्बन सिंक हैं। झारखंड के जंगलों में भी हाथियों का निवास है जो एक सुखद संकेत हैं। हाथियों के संरक्षण से हम सभी को लाभ होगा और इससे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में भी मदद मिलेगी। ऐसे प्रयासों में सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी आवश्यक है। हाथियों को बहुत बुद्धिमान और संवेदनशील जानवर माना जाता है। गज उत्सव हाथियों के संरक्षण के माध्यम से वनों के महत्व और बचाव का संदेश देना ही है।

# मीडिया बनाम सुरक्षा

मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट की एक अहम टिप्पणी आई है कि सत्ता से सवाल पूछना और लोगों तक सच्चाई पहुंचाना मीडिया का कर्तव्य है। और सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलने वाले देश विरोधी नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मलयालम समाचार चैनल मीडिया वन के मामले की सुनवाई करते हुए हुए यह टिप्पणी की। दरअसल मीडिया वन पर राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर केंद्र ने कार्रवाई की थी। चैनल के प्रसारण लाइसेंस के नवीनीकरण को रोक दिया गया था। केरल हाईकोर्ट ने केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था। तब शीर्ष अदालत में इसके खिलाफ चैनल चलाने वाली कंपनी मध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड ने विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने केंद्र के इस तर्क को खारिज कर दिया कि चैनल के कुछ प्रसारणों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित किया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दावे हवा में नहीं किए जा सकते, इसके समर्थन में ठोस तथ्य होने चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ द्वारा लिखे गए फैसले में पुरजोर तरीके से कहा गया है कि राज्य केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की दलील देकर नागरिकों के अधिकारों से इनकार नहीं कर सकता है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि सरकार की आलोचना एक टीवी चैनल के लाइसेंस को रद्द करने का आधार नहीं हो सकती है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा, प्रेस का कर्तव्य है कि वह सच बोले और नागरिकों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत करे, जिससे वे लोकतंत्र को सही दिशा में तैयार करने वाले विकल्पों को चुनने में सक्षम हो सकें। प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध नागरिकों को उसी पर सोचने के लिए मजबूर करता है।

# भाजपा: वैचारिक धुंधकाल के निराकरण का तंत्र


विमर्श या नैरेटिव के नाम पर भारत में एक अघोषित युद्ध चला हुआ है। इन दिनों भारत में चल रहा विमर्श शुद्ध राजनैतिक है। राजनीति और कुछ नहीं समाज का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब ही है। विमर्श में यह प्रतिबिंब विषय व समयानुसार कुछ छोटा या बड़ा होता रह सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को यदि हम सामाजिक प्रतिबिंब के रूप में देखें तो हमें वैचारिक प्रतिबंधों, वर्जनाओं और सीमाओं से मुक्ति मिल जाती है।

वैचारिक दृष्टि से देखें तो भाजपा एकमात्र भारतीय राजनैतिक दल है जो वैचारिक दासता से मुक्त है। भाजपा अपने चिर परिचित हिंदुत्वशाली आग्रहों पर अंगद, अटल है। नवीन व पुरातन का अभिनव संगम हो गई है भाजपा। वस्तुतः आरएसएस ने भाजपा के माध्यम से राजनीति एक विशाल, विराट व विमुक्त वैचारिक कैनवास हमें दिया है। हम भारत के राजनैतिक, अराजनैतिक और यहां तक की हम भाजपा के लोग भी भाजपाई राजनीति को सही शब्दों में संपूर्णतः व्यक्त नहीं कर पाते हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए नहीं है कि भाजपाई नेतृत्व के पास या भाजपा के आलोचकों के पास शब्दों या समझ का अभाव है। गैर भाजपाई तो शब्दों के कुटिल जादूगर हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए है कि भाजपा का सर्वसमावेशन, सर्वस्पर्शन और सर्वव्यापिकरण का लक्ष्य समाज में तीव्रता से आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ त्वरा भाव से उर्वर, अद्यतन होकर अपडेशन हमारे प्रस्तुत हो जाता है। तेजी से बदलते समाज में एक तीव्र और तेज वैचारिक अपडेशन को अपनाना यही भाजपा का देश भर में सत्तासीन होने का अंतर्तत्व है।

भाजपा को यह सौम्यता संघ से मिलती है। संघ से इस सौम्यता को ग्रहण कर लेने की मशीन है पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का सिद्धांत। एकात्म मानववाद का सिद्धांत भाजपा की रीढ़ है। भाजपा अपनी रीढ़ की रक्षा करना और रीढ़ पर टिके रहना दोनों भलीभांति सीख गई है।

मोटी दृष्टि से देखें तो भारत में राजनीति की चार धाराएं हैं। भाजपा, कांग्रेस, वामपंथ और समाजवाद। भाजपा स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से उपजी एक राजनैतिक धारा है। इसने अपने कोई डमी या छद्म रूप उत्पन्न नहीं किए। शेष तीन राजनैतिक विचार अपने डमी उत्पन्न करके छल करते रहते हैं। जैसे कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस। कांग्रेस, वामपंथ व समाजवाद ने सकारात्मक विमर्श तो कम उपजाए किंतु नकारात्मक विमर्शों में ये लोग मास्टर ऑफ मास्टर्स हो गए हैं।





- प्रवीण गुणनानी

> कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं। साम्यवादी समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में अव्वल सदा रहते हैं। भारतीयता को छोड़ना इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं।

भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; यह पार्टी विद डिफरेंस नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी पार्टी विद डिफरेंस ही है। भाजपा में अनेक दलों से करोड़ों कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारों सांसद, विधायक आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? सामान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा?

आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचें तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गए हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दूसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं, भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटल भाव से खड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर सत्ता प्राप्ति को बैचेन भाजपा से इतर के दल आजकल अपना वैचारिक आधार बनाना ही नहीं चाहते हैं। वो कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर बैठते हैं। वो विचार बदलते हैं, परिवार बदलते हैं, आधार बदलते हैं और नौ सौ चूहे खाकर कभी हज को तो कभी हरिद्वार को जाने का प्रपंच करते हैं।

कांग्रेस कम्युनिस्ट होकर कटुक, बिटूक गई है। कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं। साम्यवादी समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में अव्वल सदा रहते हैं। ह्नभारतीयता को छोड़नाह्न इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं, थमार्मीटर लगाकर चैक करें कि इन संदर्भों में भाजपा से इतर वाले राजनैतिक दलों ने कितनी तेजी से सत्ता के लिए अपनी केंचुली बदली है। जनजातीय को हिंदुओं से अलग बताना, जैन और लिंगायत जैसे कुछ अन्य समुदायों को अलग धर्म या अल्पसंख्यक कराना, शाहबानो प्रकरण में न्यायालय के निर्णय को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य अनार्य का वितंडा उपजाना, राममंदिर को संघ भाजपा का कार्यालय बताना, अयोध्या निर्माण में बाधाएं उत्पन्न करना, रामेश्वर रामसेतु के विध्वंस हेतु मशीनों का बेड़ा भेजना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, ऐन दिवाली की रात्रि को पूज्य शंकराचार्य की गिरफ्तारी, देश में कोविड वैक्सिन को भाजपा की वैक्सिन कहना, विरोध, विदेशों में वैक्सिन डिप्लोमेसी का विरोध, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओइज्म, अनुच्छेद 370, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण राज्यों में हिंदी विरोध के आधार पर राजनीति, भाषायी विभाजन, भीम-मीम गठजोड़, मंडल-कमंडल, पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाव, गुरमेहर कौर विवाद, चीन के साथ भारत के विवाद या संघर्ष में चीन की ओर झुकाव बताना जैसे कई कई मुद्दे हैं।

ये और इन जैसे अनेक अन्य मुद्दों पर भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी व प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने सदैव ही राष्ट्र की मूलभावना के विपरीत आचरण प्रस्तुत किया है। भारत की परिवार परम्परा और विवाह परम्परा के विरुद्ध इनके षड्यंत्र आए दिन नए नए रूप में देश के प्रत्येक भाग में उभरते रहते हैं।

## खास बात

# माता-पिता भी बच्चों को समझें

प्रशांत झा

मानसिक तनाव के क्या कारण हैं? इस पर चिंतन-मनन किया जाना चाहिए। बाल्यकाल जीवन का सबसे उत्तम समय होता है। यह तनाव मुक्त होता है। बच्चों पर किसी भी प्रकार का कोई दायित्व नहीं होता। उन्हें केवल शिक्षा प्राप्त करनी होती है तथा अपना शेष समय खेलकूद में व्यतीत करना होता है। फिर आज के बच्चे तनाव ग्रस्त क्यों हैं? इसके अनेक कारण हो सकते हैं।

प्रायः देखने में आता है कि माता-पिता बच्चों पर अधिक से अधिक अंक लाने का दबाव बनाते हैं। सभी बच्चे पढ़ाई में श्रेष्ठ नहीं हो सकते। बच्चे प्रातःकाल में अपने विद्यालय जाते हैं। वहां से आने के पश्चात ट्यूशन के लिए जाते हैं। वहां से आने पर विद्यालय एवं ट्यूशन का कार्य करते हैं। ऐसे में बच्चों के पास अपने स्वयं के लिए समय ही नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त बच्चों को जबरन अन्य गतिविधियों में डालना एवं उन पर श्रेष्ठ प्रदर्शन का दबाव डालना भी उन्हें मानसिक तनाव से ग्रस्त कर देता है। माता-पिता के लिए अत्यावश्यक है कि वे अपने बच्चों की मनोस्थिति को समझें तथा उनकी पसंद एवं नापसंद का ध्यान रखें। वे बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में भी सुख से रहने की शिक्षा दें। वे बच्चों को बताएं कि सुख और दुख दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं। हमें दुखों से घबराना नहीं चाहिए, अपितु ऐसे समय में संयम और धैर्य बनाए रखना चाहिए।

यदि हम दुखों को चुनौती मानेंगे तथा स्वयं को योद्धा मानकर उसका सामना करेंगे, तो अवश्य ही हम विजय प्राप्त कर सकेंगे तथा विजेता सिद्ध होंगे। बच्चों को धार्मिक कथाएं सुनानी चाहिए कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने दुष्टों का सामना किया। इसी प्रकार भगवान राम का उदाहरण भी है कि किस प्रकार उन्होंने अपने पिता का वचन पूर्ण करने के लिए चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार किया, किस प्रकार उन्होंने रावण का संहार किया। सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र की कथा भी प्रेरणा देने वाली है कि किस प्रकार राजा हरिश्चंद्र ने अनेक कष्टों का सामना किया, परन्तु सत्य को नहीं त्यागा।

# बंदउं नाम राम

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

रामायण विश्व के सुप्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में अपना विशिष्ठ स्थान रखता है। कोई भी धार्मिक ग्रन्थ मूलतःतीन चीजों की अहमियत रखता है।

पहला इतिहास में घटित कोई धटना जो कथा रूप में ग्रंथ में निहित होती है। दूसरा कथा को रोचक बनाने में साहित्य का योग और तीसरा जो धार्मिक ग्रन्थों का मूल है, जिसे संत महापुरुष आम जनमानस तक पहुंचाना चाहते हैं वह अध्यात्म है।

रामायण यानी श्रीरामजी कथा को लेकर रामयण नाम से अनेक पुस्तिकाएं लिखी गयी। आज इस कलिकाल के परिवेश में जहां पन्चनमात्र (रूप,रस,शब्द, गंध और स्पर्श) के प्रति आकर्षण ही नहीं बल्कि जड़ता मनुष्य को स्वाभाविक प्रवृति हो गयी है। ऐसी परिस्थिति में धार्मिक पुस्तकों में से आध्यात्मिक सिद्धान्तों का गद्य रूप में सरल भाषा में वर्णित होना अति आवश्यक जान पड़ता है। शायद तभी इन सिद्धांतों को समझ पाना सरल जो जाएगा।

बंदउं नाम राम रघुवर की। हेतु कृसान भानु हिमकर को। विधि हरि हरमय बेद प्राण सो। अनुन अपुपम गुननिधान सो। ईशा वास्यमिंद सर्वं यत्किश्र जगत्यां जगत।। तेन त्यक्तेन भुञ्जिया मा गृधः कस्यविद्धनम।

समस्त जगत की स्थिति अथवा गति दोनों के मूल में ईश्वर ही है। ईश्वरीय दृष्टि से जैसे ही हम विमुख होते हैं, ईश्वरीय गुण-धर्म से हमारा साथ छूट जाता है एवं अशांति अभाव तथा कष्ट घेर लेता है। अतः इस दुखमय स्थिति से उबरा जाए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

पद्मश्री कादरी साहब का यह बयान दिल छूने वाला है की उन्हें उम्मीद नहीं थी की मोदी सरकार उन्हें पद्म पुरुस्कार देगी। यह इस बात को भी दिखाता है की विशेष संप्रदाय में भारतीय जनता पार्टी के बारे में, संघ के बारे में कितनी गलतफहमियां फैलाई गई है।
-महेश पोद्दार, सांसद

## आपके ट्वीट

लोकतंत्र व कीं आइडिया ऑफ इंडिया नहीं कांग्रेस का डायनेस्टी ऑफ इंडिया खतरे में है...क्योंकि जनता ने परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति को नकार दिया है।
- अमित शाह





आयुष्मान भारत ने हमारे गरीब भाई-बहनों के इलाज के खर्च की चिंता दूर की है। यह योजना जिस तरह से उनके लिए रक्षा कवच बनी है, वो किसी वरदान से कम नहीं है।
- नरेन्द्र मोदी

# हमारे साहित्य और संस्कृति में पर्यावरणीय चिंतन

आशुतोष सिंह

## संस्कृति

भारतीय संस्कृति और साहित्य में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अनेक बातें मिलती हैं। हमारे पर्व प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देते हैं, वहीं प्राचीन भारतीय साहित्य में भी प्रकृति को बचाने के संदेश दिए गए हैं

वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं। यह पर्व पर्यावरण रक्षा का संदेश देता है।

अनादिकाल से पर्यावरण संरक्षण का भाव भारतीय चिंतन के केंद्र में रहा है। भारतीय वैदिक साहित्य में कुछ पुराणों के नाम अग्नि, वायु, वरुण इत्यादि के नाम पर रखे गए हैं। इनका उद्देश्य है अग्नि, वायु व वरुण के महत्व को बताना, ताकि समाज पर्यावरण संरक्षण को धर्म की आज्ञा और इसमें अपने योगदान को ईश्वरीय सेवा के समान माने। वैदिक ऋषियों ने सर्वप्रथम पर्यावरण पर चिंतन करते हुए सृष्टि को प्रारंभिक अवस्था में जिस रूप में देखा, उसका वर्णन ऋग्वेद की ऋचाओं (नासदासीत्रो सदासीत्तदानी... 10/129, 1-7) में उपलब्ध होता है। यहां ऋषि कहते हैं कि सृष्टि के आरंभ में न सत था न असत। फिर ब्राह्मण ग्रंथ (पृ. 158) में भी पुनः प्रश्न उठाया गया कि कौन जानता है यह सब? और कौन उसका वर्णन कर सकता है? किंतु इसके संपूर्ण समाधान के लिए ऋग्वेद संहिता में मंत्र है-हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे... (ऋग्वेद, 10/121/1)। इसमें सृष्टि के विकास-क्रम को बताया गया है कि सर्वप्रथम जीवों का स्वामीभूत हिरण्यगर्भ अस्तित्व में आया और उसी से सृष्टि का अविच्छिन्न विकास हुआ आदि-आदि। विज्ञान के अनुसार प्रकृति सदैव तीन रूपों में विद्यमान रहती है-कण, प्रतिकण एवं विकिरण। चाहे वह सृष्टि उत्पत्ति का समय हो या अन्य कोई समय। वैदिक सिद्धांत के अनुसार प्रकृति में मूल तीन वर्ग, ह्यत्रयः कृण्वति भुवनस्य रेतह्न (ऋग्वेद, 7/33/7) विद्यमान हैं। ये हैं वरुण, मित्र और अर्यमा। इनकी संयुक्त सत्ता को अदिति कहा गया है, जो अनादि एवं अखंड सत्ता है। व्यक्तिगत रूप से ये आदित्य कहाते हैं। ये अनादि शाश्वत सत्ता के अंगभूत हैं।

वैदिक अवधारणाओं के अनुसार सृष्टिकाल से दृश्य जगत तक भौतिक पदार्थ पांच अवस्थाओं में निष्क्रमण करते हैं। भारतीय वैदिक व पौराणिक साहित्य चिंतन में प्राकृतिक घटकों से कल्याण की अभिलाषा को स्वस्ति कहा गया है। इस पर आचार्य सायण एवं नैरुक्त का विचार है कि अप्राप्य वस्तु की प्राप्ति योग है एवं प्राप्ति का संरक्षण क्षेम है (ऋग्वेद, 5/51/11)।

अतएव सहज-सुलभ व सरल प्राकृतिक घटकों का सुरक्षित रहना स्वस्ति है। इस प्रकार पर्यावरण को संरक्षित रखने की उदात्त भावनाएं हमें अनेक स्थलों पर देखने को मिलती हैं।

प्राचीन वैदिक ऋषियों व विद्वानों ने उन समस्त पर्यावरणीय उपकारक तत्वों को देवसम्य बताकर उनके महात्म्य को अभिव्यक्त तो किया ही है, साथ ही साथ मानवीय जीवन में उनके पर्यावरणीय महत्व को भी स्वीकार किया है। इन देवताओं के लिए मनुष्य का जीवन ऋणी हो गया और वैदिक व शास्त्रीय परिकल्पनाओं व अवधारणाओं ने मानव को पितृऋण और ऋषिऋण के साथ-साथ देवऋण से भी उन्मुक्त होने की ओर संकेत किया है। वे देवऋण से मुक्त होने के लिए भी कर्तव्य करें।

ऋषियों ने उसके लिए यह मयार्दा व सीमाएं स्थापित की हैं। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिन देवताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है उनमें सूर्य, वायु, वरुण (जल) एवं अग्नि देवताओं से रक्षा की कामना की गई है। ऋग्वेद (1/158/1, 7/35/11) तथा अथर्ववेद (10/9/12) में दिव्य, पार्थिव और जलीय देवों से कल्याण व मंगल की कामेच्छा स्पष्ट रूप से उल्लिखित है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

सेव यूक्रन सेव वर्ल्ड ...




साभार कॉर्टून मूवमेंट

# बिना चर्चा पास होते वित्त विधेयक

प्रिया राज

लोकसभा में वित्त विधेयक, 2023 बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। इस विधेयक में लगभग 64 संशोधन थे। नई पेंशन योजना पर विचार करने के लिए वित्त मंत्री द्वारा समिति गठित करने जैसे निर्णय सामान्यतया विवाद का विषय नहीं बनते हैं।

किंतु-परंतु के बावजूद इन बदलावों पर संसद में काफी कम चर्चा हुई। संसद में इन विषयों पर चर्चा नहीं होने के लिए कुछ हद तक विपक्ष को दोष दिया जा सकता है। विपक्षी दलों ने अदाणी एंटरप्राइजेज के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही में व्यवधान डाला और वे इस मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग पर अड़े रहे। मगर संसद में अधिक से अधिक चर्चा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार के कंधों पर होती है। इस उत्तरदायित्व के निर्वहन में सरकार विफल रही है। आर्थिक नीति से जुड़े महत्त्वपूर्ण विधेयकों का बिना खास चर्चा के पारित कराना अनुचित है और इसे किसी दृष्टिकोण से अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है।

इन सभी विषयों पर चर्चा इसलिए भी जरूरी थी कि संशोधित वित्त विधेयक में कुछ बदलाव सरकार की कर नीतियों को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा कर सकते हैं। डेट म्युचुअल फंडों के मामले में दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ की गणना में महंगाई एवं अन्य खर्च में बढ़ोतरी में समायोजन का लाभ (इंडेक्सेशन बेनिफिट) हटाना एक ऐसा ही बदलाव है।

इस संशोधन के बाद डेट म्युचुअल फंडों पर कराधान वाणिज्य बैंकों में जमा रकम पर होने वाले कराधान के अनुरूप ही हो जाता है। परंतु प्रश्न उठता है कि क्या यह समानता उचित है? बैंक में जमा रकम बीमित होती है और इनका नियमन भी समुचित ढंग से होता है। ये डेट म्युचुअल फंडों की तुलना में अधिक सुरक्षित मानी जाती हैं। अगर डेट म्युचुअल फंडों के संबंध में कराधान में बदलाव में जोखिम का पहलू शामिल नहीं था तो इक्विटी में 35 फीसदी से अधिक निवेश करने वाली म्युचुअल फंड योजनाओं को इस बदलाव के दायरे से क्यों बाहर रखा गया?

धन और निवेश पर कराधान किस तरह होना चाहिए, इसे लेकर निहित सिद्धांत तय होना चाहिए। व्यापक स्तर पर सुधार भी जरूरी हैं ताकि शेयर, राजस्व और निवेश के लिए दिए जाने वाले प्रोत्साहन के बीच संतुलन से जुड़ी चिंताओं का निराकरण किया जा सके। सामान्यतया, सभी तरह की आय पर कराधान उचित मार्जिनल दर पर होना चाहिए, जबकि दोहरे कराधान से परहेज किया जाना चाहिए। शेयर या दीर्घावधि की वृद्धि के मामलों में ही इस सिद्धांत से भटकाव को उचित ठहराया जा सकता है। दीर्घ अवधि की वृद्धि के दृष्टिकोण से भारत में ऋण बाजार का आकार एवं इसमें लेनदेन बढ़ना चाहिए। इससे कंपनियां दीर्घ अवधि के लिए अधिक पूंजी जुटा पाएंगी और इसके साथ ही बैंकिंग प्रणाली से जुड़े तंत्रगत जोखिम भी कम हो जाएंगे। मगर कराधान के जो उपाय ऐसे दीर्घकालिक विषयों को ध्यान में नहीं रखते हैं वे भारत के वित्तीय बाजार की परिपक्वता को प्रभावित करेंगे।कुछ ऐसे विषय हैं जो संसद में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान उठ सकते थे या उठाए जाने चाहिए थे। यह निश्चित रूप से समझ से परे है कि कर प्रणाली में ऐसे बड़े बदलाव की घोषणा वित्त मंत्री के बजट भाषण में या वित्त विधेयक के मूल मसौदे में क्यों नहीं की गई।

अगर ये घोषणाएं होतीं तो संसद के अंदर और बाहर इनसे जुड़े परिणामों पर जरूर बहस होती।

## लेटर टू एडीटर

### अन्न का संरक्षण

समर्थन मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।
- नंदा, रातू

### जनता की नियति

हिंदी में एक कहावत है कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। यह कहावत राजनीति दलों के चुनावी घोषणा पत्रों पर सटीक बैठती है। चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र में किए गए वादों को भूल जाते हैं। -रविकांत सिंह, रांची

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कई थाना/ओपी प्रभारी बदले गये

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ से रविवार को जारी आदेश पत्र में जिला के विभिन्न थाना व ओपी प्रभारियों का तबादला किया गया है। आदेश पत्र के अनुसार पतरातू पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामगढ़ बनाया गया है। पुनि सुशील कुमार जो पुलिस केंद्र रामगढ़ में थे वे पुलिस निरीक्षक पतरातू बनाये गये हैं। यातायात थाना प्रभारी विपिन कुमार को पुलिस निरीक्षक मांडू बनाया गया है। पुनि रविंद्र प्रसाद को जो पुलिस केंद्र रामगढ़ में थे यातायात थाना प्रभारी बनाये गये हैं। वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी विनय कुमार को कुजू ओपी का प्रभारी बनाया गया है। बरलंगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह पतरातू थाना प्रभारी बने हैं। मांडू थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह को बरलंगा थाना प्रभारी बनाया गया है। रामगढ़ थाना में कार्यरत अवधेश कुमार को मांडू थाना प्रभारी बनाया गया है। पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार का तबादला रामगढ़ थाना हुआ है। कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे को वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बनाया गया है। भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल प्रभारी डीसीबी शाखा पुलिस कार्यालय रामगढ़ बने हैं। भुरकुंडा ओपी में कार्यरत राजदीप कुमार को भदानीनगर का ओपी प्रभारी बनाया गया है। जिन पुलिस पदाधिकारियों को तबदला किया गया है उन्हें 24 घंटे के भीतर नवपदस्थापित स्थान पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### रास्ता खुलवाये सीसीएल : डॉ. आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने भुरकुंडा बाजार स्थित सीसीएल का पुराना पेट्रोल पंप जो वर्षों से बंद है आमजनों के आने जाने के लिए चालू करने की मांग पत्र के माध्यम से सीसीएल के सीएमडी से की है। पत्र में यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा है की स्कूल और कॉलेज के छात्र छात्राओं को रास्ता बंद होने के कारण लंबी दूरी तय करना पड़ता है, जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सीएमडी से रास्ता चालू करने की मांग करते हुए कहा है कि यहां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भी स्थापित है। जहां से उनका सम्मान करते हुए पहले से आम जनता के लिए आने जाने का रास्ता था। जिसे बंद कर दिया गया है। भुरकुंडा में आए दिन जाम लगा रहता है और रविवार के दिन सैंकड़ों लोग बाजार करने आते हैं जिसके कारण जाम की भी स्थिति बनी रहती है।

### आजसू का न्याय मार्च 13 को

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में आजसू मांडू प्रखंड समिति की बैठक रविवार को हुई। ब्बैठक में मुख्य रूप से आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सदस्य किशुन महतो, जिला सचिव लालचंद महतो शामिल हुए। बैठक में आगामी 13 अप्रैल को कोठार स्थित विनोद बिहारी महतो चौक से रामगढ़ समाहरणालय तक हजारों की संख्या में शामिल होकर सामाजिक न्याय यात्रा के तहत पैदल मार्च करते हुए रामगढ़ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान सरकार के 3 वर्ष पूरा होने के बावजूद भी अपने वायदे पूरा करने में विफल हुआ है। राज्य में चाहे छात्र छात्राओं को नौकरी देने, भत्ता देने, आम जनता का विकास हो सभी मे पूरी तरह से विफल साबित हुई है। बैठक में हेमलाल महतो, मदन महतो, तापेश्वर महतो,भोला तुरी, सरिता सिंह, बैजनाथ राम, मनोज महतो,मेवालाल महतो, गंगा राम, सहाबुद्दीन रिजवी, मनीष अभीर, महेश ठाकुर, खुशीलाल महतो,यशवंत महतो, सुरेंद्र महतो, विनोद महतो, अनिल बेदिया आदि मौजूद थे।

### मंच ने गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, रेणुका देवी, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंजू, डॉ जयश्री मेहता, सुकरा उरांव, संजीव सिन्हा, लखन राम आदि का विशेष योगदान रहा।

# अंचल कार्यालय परिसर का आवास खंडहर में तब्दील

**पंचायत स्तर तक के कर्मियों को मुख्यालय में रहने का आदेश है**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमसाडी** ।प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों के लिए बनाया गया लेकिन सरकारी आवास काफी जर्जर अवस्था में भवन बेकार पड़ा हुआ है। परिणामस्वरूप आवास भूत बंगला में तब्दील हो गया है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि प्रखंड एवं अंचल से लेकर पंचायत स्तर तक के कर्मियों को संबंधित मुख्यालय में रहने के आदेश हैं। लेकिन झारखंड सरकार के इस आदेश का न तो अधिकारी और ना ही कर्मचारी पालन कर रहे हैं। कार्यालय अवधि का समय सीमा समाप्त होते अधिकारी और कर्मी दोनों मुख्यालय छोड़कर रवाना हो जाते हैं। अधिकारियों व कर्मियों के रहने के लिए ही कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय परिसर आवास का निर्माण किया गया था। परंतु निर्माण के बाद से प्रखंड सह अंचल कर्मी आवास काफी जर्जर होने के कारण बीडीओ वेदवंती कुमारी सह सीओ अनिल कुमार के अलावा अधिकतर प्रखंड व अंचल कर्मी हजारीबाग से ही आवाजाही करते हैं। प्रखंड क्षेत्र लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र मे फैला हुआ है। ऐसे में अधिकारी और कर्मी के क्रियाशील नहीं रहने से अपने-अपने कार्यो के निष्पादन के लिए ग्रामीण जनता को प्रखंड कार्यालय आना पडता है। जब लोग यहां पहुंचते हैं तो पता चलता है कि कर्मचारी फिल्ड में गए हुए हैं। देर शाम तक इंतजार करने के बाद भी कभी-कभी कर्मचारी के दर्शन नहीं होने से उन्हें बेरंग लौटना पडता है। कर्मी कब कार्यालय पहुंचेगें इसका जवाब किसी के पास नहीं होता। इस मामले पर प्रखंड प्रमुख संगीता देवी ने बताई कि प्रखंड सह अंचल कर्मियों को रहने के लिए आवास की हालत काफी जर्जर है। उप प्रमुख ममता देवी ने प्रखंड सह अंचल अधिकारी और कर्मचारी को रहने के लिए आवास आवंटित किया गया है लेकिन आवास की स्थिति काफी जर्जर है। वही कुछ आवासों की स्थिति को जर्जर हो जाने के कारण कुछ अलग-अलग विभाग के अपने स्तर से मरम्मती कर भवन में रह रहे हैं। 20 सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने बताया कि कटकमसांडी प्रखंड सह अंचल अधिकारी और कर्मचारी के सरकारी आवास कि हालत काफी जर्जर है। अगर सरकार सरकारी आवास आवंटन कराती है तो अधिकारी और कर्मचारी जरूर रहेंगे। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बताया कि प्रखंड सह अंचल के अधिकारी और कर्मचारी के लिए सरकारी आवास आवंटन किया गया है लेकिन सरकारी आवास की स्थिति रहने योग्य नहीं है।

# उदयभान सिंह ने युवा क्षत्रियों में भरा जोश

**कहा- समाज को संगठित करने के लिए धैर्य और साहस की जरूरत**

खबर मन्त्र संवाददाता




**बरही।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटियोन में दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वें अधिवेशन के दूसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज परिवार से स्व. बसंत नारायण सिंह के पोते उदय भान नारायण सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्हें माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। राज परिवार के स्व बसंत नारायण सिंह का वर्षगांठ पर अपने दादा के साथ पूर्व के सभापति के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उदय भान नारायण सिंह ने अपनी बातों में युवाओं को जोश भर दिया जिससे पूरा हाऊस तालियों से गूंज उठा।

संरक्षक व पूर्व सभापति अवधेश सिंह ने कहा कि समाज को चलाने के लिए बर्दास्त करने की क्षमता होनी चाहिए। क्षत्रीय का अर्थ होता है छत्रछाया देना। गोपाल सिंह ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमे जितनी भी समय देना पड़े, मैं तैयार हूं बस समाज के सभी सदस्यों का सहभागिता जरूरी है। मौके पर मुख्य अतिथि उदय भान नारायण सिंह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान संरक्षक अवधेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, तीन दिवसीय कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर सिंह, सचिव बसंत सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह संरक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, सदस्य दिगंबर सिंह, सुजीत सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, टीचर संजय सिंह, संजय सिंह, रामलखन सिंह, कन्हाय सिंह, सुखदेव सिंह, रविंदर सिंह, मंटू सिंह, केदार सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, इशो सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रभु नारायण सिंह, कैलाश पति सिंह, बिनोद सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश सिंह, भोला सिंह, शम्भू सिंह, मनोज सिंह, सकलदेव सिंह, प्रमोद सिंह, बच्चू सिंह, प्रदुमन सिंह, अजय सिंह, देवेंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

### आर्थिक आजादी के लिए वितीय साक्षर होना जरूरी : विजय

**वेस्ट बोकारो।** आर्थिक समस्याओं से आजादी के लिए हमें वितीय साक्षर होना जरुरी है। उक्त बातें रविवार को झारखंड 15 नंबर विवाह भवन में आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायपुर छत्तीसगढ़ से आए फाइनेंशियल गुरु विजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश की पूरी आबादी की 85 प्रतिशत से ज्यादा लोग नौकरी पेशा और मध्यम वर्ग की श्रेणी में आते हैं। ये हमेशा से ही वित्तीय संकटों से जुझते रहते हैं। जिसका मुख्य कारण है वित्तीय समझ या वित्तीय साक्षरता की कमी। जब भी हम पर आर्थिक संकट आती है तो हम पैसो की व्यवस्था में लग जाते हैं और कहीं ना कहीं से उसकी व्यवस्था कर भी लेते हैं। लेकिन यह समस्या हमेशा के लिए समाप्त नहीं होती है। कुछ महीनों बाद फिर से ये समस्या खड़ी हो जाती है। वित्तीय संकटो से छुटकारा पाने के लिए पैसो की नहीं बल्कि सही एजुकेशन की जरुरत है। आपके पास पैसा कम है या बहुत ज्यादा यह मायने नहीं रखता। इसे कब कहां और कितना इंवेस्ट करना है की आपको आर्थिक आजादी मिल सके।

### भुरकुंडा : सीसीएल के क्वार्टर में सुरक्षा विभाग ने की तोड़फोड़

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी से सेवानिवृत कार्यालय अधीक्षक (ओएस) शंकर झा के अधिनस्थ रिवर साईड भुरकुंडा स्थित आवास संख्या 2 सीआर 12 को भुरकुंडा प्रबंधन ने ओवरमैन पप्पू सिंह के नाम आवंटित किया है। इस बावत भुरकुंडा पीओ ने लिखित चिट्ठी जारी की है। चिट्ठी में पप्पू सिंह को सुरक्षा विभाग से आवास प्राप्ति की लिखित सूचना कार्यालय को देनी है। मामले पर पप्पू सिंह ने बताया कि सुरक्षा विभाग द्वारा आवास में ताला लगाने के बाद भी शंकर झा द्वारा क्वार्टर में बने एक्सटेंशन को ताला तोड़कर तोड़-फोड़ की जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही सीसीएल भुरकुंडा सुरक्षा पदाधिकारी रामकुंजल महतो ने भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसमें कहा है कि शंकर झा 31 जनवरी को सेवानिवृत हो चुके हैं। उक्त आवास में शंकर झा द्वारा तोड़-फोड़ का कार्य कराया जा रहा था। इसकी सूचना पप्पू सिंह द्वारा मिलने के बाद आवास में सुरक्षा विभाग द्वारा ताला लगा दिया गया था। इधर, पप्पू सिंह ने बताया कि सुरक्षा विभाग के ताला लगाने के बाद भी शंकर झा द्वारा ताला तोड़कर समान निकाला जा रहा है।

# मोटर बोट व नाव संचालन को लेकर दो गुटों में झड़प

## दर्जनभर लोग घायल, कई रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)** रामगढ़ जिले के पतरातु डैम में रविवार को मोटर वोट व नाव संचालन को ले दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनो गुट के दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गए हैं। कई गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भी रेफर किया गया है। की सुबह करीब 11 बजे पतरातू डैम के समीप नाविक संघ के दो गुट में संचालन को ले भिड़ंत हो गई। बहसा-बहसी देखते-देखते मारपीट में तब्दील हो गया। लाठी-डंडो से एक-दूसरे पर जमकर हमला बोला। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग इधर-उधर भागने लगें। घटना की सूचना मिलते ही दोनो गुट के दर्जनों महिला-पुरूष समर्थक भी एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगें। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम व पतरातू ब्लॉक अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के कईयों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलात के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पतरातू पुलिस डैम स्थल पर पहुंची। साथ ही पूरे मामले की

### मंडा पूजा को लेकर कमेटी गठित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मंडा पूजा को ले रविवार को कुसियारा मंदिर प्रांगण में स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। निर्णय हुआ कि आगामी 28-29 मई को मंडा पूजा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा। पूजा की सफलता को ले कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कुरसे मुखिया संदीप उरांव, सचिव निर्मल महतो, कोषाध्यक्ष रामश्याम सिंह, उपाध्यक्ष सूरज जसवाल, बिरजू मुंडा व करण महतो, सह कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह, सयोजक अजित महतो, मोहित महतो, कृष्णा उरांव, रोहन मुंडा, धनेश्वर मुंडा व अनिल महतो, संरक्षक हरकनाथ महतो, केतर महतो, सुनील उरांव, हरेंद्र उरांव, जोशीलाल महतो व मनोज महतो, संगठन सचिव अशोक महतो, राजू महतो, विष्णु ठाकुर व बिनोद उरांव, रामकुमार महतो, सुरक्षा प्रभारी भरत लिंडा, रघु उरांव, जितेन्द्र उरांव, गणेश करमाली, राजेश महतो व भरत महतो, बजनिया प्रभारी रघुनाथ महतो व बैजनाथ महतो, पूजा सामग्री संचालन होरीलाल मुंडा व मेघनाथ मुंडा आदि शामिल हुए।

**कोर्ट नोटिस**

सतीश कुमार @ सतीश कुमार केसरी----- वादी

**बनाम**

संगीता केशरी @ संगीता केशरी-----प्रतिवादी

**नोटिस- संगीता केसरी संगीता कुमारी, पिता स्व. सुभाष प्रसाद केसरी, ग्राम-पोस्ट-खैरा, थाना- ईचाक, जिला- हजारीबाग, झारखंड।**

आपके विरुद्ध सतीश कुमार @ सतीश कुमार केसरी द्वारा विवाह विच्छेद हेतु धारा 13(i)(ia) अंतर्गत यह Original Matrimonial Suit No-04/2023 दाखिल किया गया है।

इस मुकदमे में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। वाद की अगली तिथि 24.04.23 निर्धारित है। उक्त तिथि को 7.30 एएम प्रातः स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।

ये नोटिस दिनांक 29.3.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय के मुहर से जारी किया गया है।

**प्रधान न्यायाधीश,**
**कुटुम्ब न्यायालय, हजारीबाग**
**दिनांक 29.3.23**

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा संकट मोचन मंदिर

**विश्व हिंदू परिषद ने मनाया राम और हनुमान का जन्मोत्सव, प्रसाद पाने के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड भुरकुंडा स्तिथ संकट मोचन मंदिर में शनिवार की शाम विशेष पूजा अर्चना के बीच भगवान राम और हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में दर्जनों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान भजन और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूजा के दौरान जय श्री राम जय हनुमान आदि आराध्य देवी देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पूजा के बाद सबों को हनुमान चालीसा और भगवा वस्त्र दिया गया। प्रसाद का भी वितरण किया गया। प्रसाद पाने के लिए दर्जनों भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। भगवान राम और हनुमान जी के जन्मोत्सव को ले सत्संग का भी आयोजन हुआ। जिसमें दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका दिव्या कुमारी, नैना कुमारी, स्नेहल शर्मा, मुस्कान कुमारी, मधु कुमारी, अंजू ठाकुर, शोभा सिन्हा, निर्मला देवी, सुंदर लता, नीता सिंह, रेखा देवी, रेखा शर्मा, पिंकी देवी, मालती देवी, रीता देवी, अनिता सिंह, उर्मिला देवी, अंजू देवी, बंटी देवी, ममता देवी सहित भरी संख्या में महिलाएं शामिल शामिल हुई।

## एक नजर में

### आजसू का न्याय मार्च 13 को



**विष्णुगढ़।** आजसू पार्टी बिष्णुगढ़ प्रखंड कमिटी की बैठक +2 उच्च विद्यालय बिष्णुगढ़ मे हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल व संचालन कोषाध्यक्ष दिपु अकेला जी ने किया। बैठक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सचिव रंजीत गुप्ता उपस्थित हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए लिलो महतो ने कहा की 13 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम समाजिक न्याय मार्च में बिष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र से सेकड़ों की संख्या में उपस्थित होंगे और वर्तमान सरकार के किलाफ में पोल खोलने का काम करेंगे ।साथ जिला सचिव लिलो महतो ने कहा वर्तमान सरकार ने चुनाव पूर्व बहुत सारी वादा किया था लेकिन आज तक एक भी कार्य नही हुवा है उसी के किलाफ में हमलोगों को एकजुटता का परिचय देना है वहीं आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा आगामी होने वाले 13अप्रैल को सामाजिक न्याय मार्च कार्यक्रम में चोबीसों पंचायत में जाकर बैठक कर वर्तमान सरकार की दोहरी नीतियों को बताने के काम करेंगे और 13 तारीख के कार्यक्रम में सभी पंचायत से सेकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे और निर्मल महतो पार्क हजारीबाग से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त महोदया को ज्ञापन सौपेंगे। बैठक में मुख्य रूप, किसान मोर्चा अध्यक्ष बिनोद बिहारी महतो, प्रखण्ड उपाध्यक्ष दामोदर महतो, गौतम वर्मा, लक्की कुमार,अभिषेक कुमार, सुजीत कुमार , संतोष महतो, प्रखंड प्रवक्ता भागीरथ पटेल राजेश साव शिव नारायण महतो, बाबू खान, रवि कुमार, सतीश कुमार, अशोक महतो, संतोष सिंह, जानकी महतो आदि लोग उपस्थित हुए।

### साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार



कटकमसांडी। कटकमसांडी (पे0) थाना कांड सं0-22/22 दिनांक-18.02.2022 धारा-406 / 420 भा0द0वि0 एवं 66 (डी0) आई०टी० एक्ट के 10.5 लाख के साईबर ठगी, प्राथमिकी अभियुक्त मो० शकील, पिता मो० मतीन, सा०- सादम, होसिर कसाई मोहल्ला, थाना-गोमिया, जिला-बोकारो जो हजारीबाग पेलावल अंतर्गत ग्राम पबरा निवासी मो० ईनायत अली को मैनकाइंड फार्मा कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर 10.5 (साढ़े दस लाख) रूपया का ठगी के आरोपी को चांडिल, सरायकेला खरसावां से रविवार को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखीय है कि उक्त साईबर ठगी मो० शकील, पिड़ित से साढ़े दस लाख रूपया जो मो० मतीन के खाता में जमा है, का प्रमाण बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया है। इस आरोप के लियए मो० मतीन को दिनांक- 16.2.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इस प्रकार इस साईबर ठगी कांड का उद्भेदन कर लिया गया है।

### 13 अप्रैल को मनायी जायेगी अंबेडकर जयंती

**इचाक।** अंबेडकर नगर इचाक में समय 7 बजे सुबह पूरे ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। 13 अप्रैल समय 10 बजे दिन को परम पूज्य बाबा साहेब अंबेडकर आदम कद मूर्ति का अनावरण सह जयंती मनाई जाएगी। मूर्ति का उद्धघाटन करने के लिए के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सिमरिया विधायक किशुन दास, राकेश रोशन अपर समाहर्ता हजारीबाग डा बंसीधर रुखैयार पूर्व कुल सचिव विनोबा भाबे यूनिवर्सिटी हजारीबाग, हजारीबाग जिला के अध्यक्ष जिला परिषद उमेश मेहता एवम रेणु देवी जिला परिषद इचाक प्रमुख पार्वती देवी का पदार्पण होगा ।इसलिए पूरा तैयारी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे इचाक प्रखण्ड के ग्रामीणों से आने के लिए अपील किया गया। आज के बैठक में पंकज कुमार दास, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष, नेमधारी राम, अशोक राम, नरेश राम, रामेश्वर राम, राजकुमार राम, उमेश राम, अशोक दास, मुरली दास, सुनील राम, बबलू दास, पिंटू दास, मिथुन दास मुकेश दास, बादल, नंदकिशोर दास, जगरनाथ दास आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक अंबा प्रसाद ने बादम मुख्य पथ के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




बड़कागांव। प्रखंड के ग्राम बादम के मुख्य पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा के बाद डीएमएफटी मद द्वारा शिवशंकर पांडे के घर से हाहे मोड़ अम्बाजीत तक की जर्जर सड़क का कायाकल्प होने वाला है। इसी क्रम में बादम मुख्य पथ का निर्माण कार्य लगभग एक करोड़ 80 लाख की लागत से होगा। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के गड़गड़ाहट के बीच माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। पारंपरिक रूप से पूजन के बाद विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। बादम के मुख्य पथ का स्थिति काफी जर्जर था एवं वर्षभर गंदा पानी सड़क पर आ जाता था जिसके कारण राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती थी। अंबा प्रसाद ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगा। विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य करा रहे विभागीय अधिकारियों एवं संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने तथा गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया सुनीता देवी, सुरेश महतो, पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव, नरेश साव, श्याम भार्गव, मोहम्मद तपन उर्फ खालिद, अहमदुउल्लाह, जमाल सगीर, मोहन साव, सूरज गुप्ता, फुलेंद्र गुप्ता, मोहम्मद शमशेर, रीझन साव, जुबेर खान, संजय साव समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

## प्रेमिका के बाद प्रेमी ने लगायी फांसी

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के दुर्जन गांव निवासी मनोज भुईहर के पुत्र अमृत भूईहर ने घर में प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अमृत का रमकंडा थाना क्षेत्र के तेतरडीह गांव की एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। उक्त दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन परिजनों के विरोध के कारण पिछले दिनों शुक्रवार को प्रेमिका ने जंगल में फांसी लगाकर जान दे दी थी। जिसके बाद शनिवार की देर रात अमृत ने भी अपने ही घर में फांसी लगा लिया।

## बाइक दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**गढ़वा।** जिले के मेराल थाना क्षेत्र के ओखरगाडा के धरणिया टोला में अनियंत्रित बाइक के पेड़ से टकराने से एक की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया। मृतक की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव निवासी सुरेश यादव के रूप में की गई है। जबकि घायल बोराहा गांव निवासी विजय यादव है। घायल विजय को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## डीआरडीए निदेशक ने मां चतुर्भुजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**केतार।** डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन ने प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध मंदिर केतार मां चतुर्भुजी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर जिला वासियों के लिए अमन-चैन, सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहू, अध्यक्ष मुखिया प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद भगत ने डीआरडीए निदेशक को मां चतुर्भुजी की प्रतिमा और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही कमिटी के सदस्यों ने मंदिर से संबंधित एतिहासिक एवं पौराणिक इतिहास से अवगत कराया। मौके पर केतार बीडीओ मुकेश मछुआ सहित मंदिर कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

## निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 50 मरीजों की जांच कर दी गयी औषधि

**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित रंजन किलीनिक में रविवार को नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं मौसमी बीमारियों के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही 50 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क औषधि प्रदान की गई। मौके पर चिकित्सक ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के द्वारा मौसमी बीमारी के अलावा जटिल बीमारी का भी इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह में एक दिन नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में आो से आिक दवा लोगों के अपने घर के किचन में उपलब्ध होता है। वे खानपान में परहेज करें। मौके पर सुमन कुमारी, सुषमा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## बहरवा घाटी से सिर विहीन शव बरामद

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मगरदह टोला के बहरवा घाटी में सिर विहीन शव बरामद किया गया। शव की पहचान मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे निवासी गोरख साह के पुत्र बीरेंद्र प्रसाद के रूप में की गई। मृतक के शव को देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति की हत्या तीन-चार दिन पूर्व की गई है। शव के उपरी हिस्से को जंगली जानवर द्वारा क्षति पहुंचाया गया या नहीं यह जांच का विषय है। मौके पर मृतक के भाई जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि बीरेंद्र मजदूरों को बाहर कम्पनी में भेजने का ठेकेदारी करता था। बीते चार अप्रैल को गढ़वा जाने की बात कह कर घर से निकला था। हम लोगों द्वारा फोन किए जाने के बाद भी फोन रिसीव नहीं कर रहा था। व्हाट्सएप करने के बाद मैसेज देखा जा रहा था। किंतु उधर से कोई जवाब नहीं आ रहा था।

# 34 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन

## 71 मरीजों को किया गया डिस्चार्ज





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला प्रशासन व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 34 मरीजों का मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक अपरेशन किया। अपरेशन के बाद मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में भर्ती किया गया, जहां सभी मरीजों चिकित्सकों व नर्सों की निगरानी में देखभाल की जा रही है। इसके साथ ही 71 मरीजों को चिकित्सकों के नेतृत्व में छुट्टी दी गई। बता दें कि कुल 1134 मरीजों का निबंधन कराया गया था, जिसमें 1065 मरीज ने आंख की समस्या से निबंधन करायें और 69 स्त्री रोग से संबंधित मामले थे। वहीं आंख से संबंधित 428 मरीजों के बीच चश्मा का वितरण किया गया। 889 मरीजों का शुगर और बीपी की जांच की गई। साथ ही आंख की समस्या से संबंधित ईलाज करवाने आये मरीजों में 63 मरीजों का मोतियाबिंद की समस्या से पहचान की गई। बता दें कि आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 12 अप्रैल से 16 अप्रैल तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, दांत की जांच एवं उपचार 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक और बीपी व शुगर की जांच 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओपीडी का समय पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक निर्धारित है।

## रमजान का महीना हर मुसलमान के लिये महत्वपूर्ण : मौलाना कादरी



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मदीना मस्जिद शाहगंज के पेश इमाम मौलाना फरीदुल कादरी ने बताया कि रमजान का महीना हर मुसलमान के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस्लाम के मुताबिक रमजान माह को 3 हिस्सों मे बांटा गया है। जो पहला दूसरा और तीसरा अशरा कहलाता हैं। पहला अशरा रहमत का होता है, दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है और तीसरा अशरा जहन्नुम की आग से खुद को बचाने के लिए होता है। रमजान के शुरुआती 10 दिनों में रोजा-नमाज करने वालों पर अल्लाह की रहमत होती है। रमजान के पहले अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा दान कर गरीबों कि मदद करनी चाहिए। हर एक इंसान से प्यार और नम्रता का व्यवहार करना चाहिए। रमजान का दूसरा अशरा माफी का होता है। अशरे में लोग ईबादत करके अपने गुनाहो से माफी पा सकते है। इस्लामिक मान्यता के मुताबिक रमजान के दूसरे अशरे में अपने गुनाहो की माफी मांगता है तो दूसरे दिनों के मुकाबले इस समय अल्लाह अपने बंदो को जल्द माफ करता है। रमजान का तीसरा अशरा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरे अशरे का उद्देश्य जहन्नुम कि आग से खुद को सुरक्षित रखना है।

## आवेदन लेने से किया इनकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जयनगर (कोडरमा)।** धनबाद-गया रेलखंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन परिसर से शुक्रवार की रात होंडा शाइन काले रंग की जेएच12एच/0493 मोटरसाइकिल की चोरी कर ली गयी। इस संबंध में मोटरसाइकिल मालिक मुर्तुजा आलम ने बताया कि मेरा पुत्र ईएमयू लोकल ट्रेन से परसाबाद आ रहा था, जिसे लाने के लिए हम स्टेशन गए थे। हमने अपनी मोटरसाइकिल परसाबाद रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज रेलवे कैंपस परिसर के उत्तरी छोर की ओर गाड़ी खड़ा कर अपने पुत्र को रिसीव करने परसाबाद प्लेटफार्म पर गए थे। जब पुत्र को अपने साथ लेकर लौटे तो देखा कि जहां हमने मोटरसाकिल खड़ी की थी वहां से गायब है। इसकी सूचना रेलवे आरपीएफ एवं जीआरपी को मोबाइल के माध्यम से दे दिया गया। सूचना देने के बाद घटनास्थल पर आरपीएफ जीआरपी दोनों पहुंचे और मुर्तुजा आलम को रविवार कोडरमा बुलाया। मोटरसाइकिल मालिक मुर्तुजा आलम बाइक चोरी का आवेदन देने के लिए कोडरमा जीआरपी रेलवे थाना पहुंचे। वहीं जीआरपी पदाधिकारी ने चोरी हुई बाइक का आवेदन लेने से इनकार कर दिया।

## बिजली चोरी मामले में 36 लोगों पर मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ शनिवार को चलाए गए अभियान में 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि अभियान झुमरीतिलैया, कोडरमा व डोमचांच सब डिवीजन में चलाया गया था, जिसमें झुमरीतिलैया में 64 जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें 21 के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया। कोडरमा में 31 जगहों परघ छापेमारी की गई, जिसमें 8 लोगों पर मामला दर्ज करायाघ गया। जबकि डोमचांच में 22 जगहों पर छापेमारी की गई।

## अवैध बालू डंप की सूचना, थाना प्रभारी व सीओ ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर अंतर्गत ब्लक रोड शिवसागर स्थित एक खाली जमीन में लगभग 35 से 40 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू डंप किए जाने की सूचना पर रविवार को डोमचांच अंचल निरीक्षक रविन्द्र कुमार व थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां ने घटनास्थल पर पहुंचकर डंप किए गए बालू का निरीक्षण किया। इस दौरान 30 से 35 ट्रैक्टर बालू अवैध तरीके से डंप किया हुआ पाया गया। इस संबंध में अंचल निरीक्षक रविन्द्र कुमार ने बताया कि डीएमओ दरोगा राय को गुप्त सूचना मिली थी कि ब्लक रोड शिवसागर स्थित एक खाली जगह में अवैध तरीके से बालू डंप किया गया है। डीएमओ के निर्देश पर उक्त स्थल पर छापेमारी कर भारी मात्रा अवैध तरीके से डंप किया गया बालू पाया गया। जिसके बाद डंप किए गए बालू के उठाव पर रोक लगा दिया गया है। वहीं घटनास्थल पर अवैध तरीके से डंप बालू की जानकारी उच्च अधिकारी को दे दी गयी है। उच्च अधिकारी की मौजूद्गी में डंप बालू को जप्त किया जाएगा।

## जिले का समुचित विकास ही प्राथमिकता : सत्यानंद

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता रविवार को चतरा परिसदन भवन सभागार में जिले के विकास को लेकर आयोजित जिलापरिषद, 20 सूत्री जिला व प्रखंड और प्रमुख के बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक में आये सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्री सत्यानन्द भोगता ने चतरा जिले के विकास के साथ बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुल पुलिया, विद्यालय बाउंड्रीवाल, सिंचाई, पर्यटन स्थलों के विकास, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित चिकित्सक का स्थापन, जाति आवासीय जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आदि पर अहम विचार विमर्श किया।

## ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के बीच सामग्री वितरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** राजपुर थाना क्षेत्र के अतिउग्रवाद प्रभावित करीब आधे दर्जन गांवों में सीआरपीएफ 190 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सिकीद गांव के गरीब ग्रामीणों के बीच साड़ी, तिरपाल, पानी टंकी और सोलर लाइट का वितरण किया।

इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच किताब, कापी, रबर, पेंसिल आदि सामग्री का भी वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर सहायक कमांडेंट सुजीत कुमार के द्वारा चलाया गया। कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि कभी राजपुर थाना क्षेत्र का सिकिद, गड़िया, अमकुदर, पथेल, नारे व बनियाबांध क्षेत्र अफीम की खेती के लिए मशहूर था, परंतु इस क्षेत्र में सीआरपीएफ ने लगातार जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को अफीम की खेती करने से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए उन्हें इस जहर की खेती करने से रोका। मौके पर सीआरपीएफ जवान ऋषिकेश पुरुष्टि, राजपुर पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ब्लास्टिंग से घरों में पड़ी दरार कार्रवाई की मांग

**टंडवा (चतरा)।** रेलवे द्वारा शिवपुर के पास हुई हेवी ब्लास्टिंग में दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। शिवपुर साइडिंग के करीब रेलवे लाइन निर्माण कार्य में पत्थरों को तोड़ने के लिए भारी विस्फोट किया गया था। ब्लास्टिंग में उच्च तीव्रता के कारण 5 किमी दूर भी काफी जोरदार सुनाई दिया। ग्रामीण क्षेत्र के लोग घरों से घबरा कर बाहर निकल गये। जानकारी के अनुसार घटनास्थल के आसपास कबरा, हांडू व अन्य गांवों के कई घरों में दरार आ गया। ग्रामीणों द्वारा कार्रवाई की मांग की गयी।

### गढ़वा में अखिल भारतीय दबगर जाति राष्ट्रीय महासम्मेलन का आयोजन

## अत्यंत पिछड़ों व दलितों को आत्मनिर्भर बना रही है सरकार : मंत्री

### शिक्षा से ही समाज का विकास संभव : चौहान





कार्यक्रम में शामिल मंत्री व उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** दबगर समाज अस्थाई संयुक्त राज्य संगठन सह अखिल भारतीय दबगर समाज महासंघ के तत्वावधान में रविवार को शहर के रंका मोड़ स्थित गुपुत वाटिका में अखिल भारतीय दबगर जाति राष्ट्रीय महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भीलवाड़ा कन्हैया लाल चौहान, अजमेर से आए नेपीचंद्र चौहान, भवरलाल चौहान, अहमदाबाद से आए अरूणभाई मोदी, जीतन भाई मोदी आदि ने दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन में लगी भीड़ साबित करती है कि समाज काफी संगठित है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चल रही है। खासकर दबे, कुचले, अत्यंत गरीब, असहाय लोगों को आज सरकार विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर आत्मनिर्भर बना रही है। दबगर समाज के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं।

जब भी जरूरत होगी हर संभव मदद करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दबगर समाज ने देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाया है। मंत्री ने कहा कि आज समाज के लोग विभिन्न पदों पर अपना सेवा दे रहे हैं। आज समाज शिक्षित हुआ है। हर क्षेत्र में समाज के लोग अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने दबगर समाज के जर्जर सामुदायिक भवन को अपने निजी खर्चे बनवाने की घोषणा किया। साथ ही कहा कि समाज के उत्थान के लिए हम 24 घंटे खड़े हैं। नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी ने कहा कि गढ़वा की धरती पर यह सबसे बड़ा आयोजन है। दबगर समाज की ओर से इतना बड़ा योजना आज तक नहीं हुआ था। दबगर समाज के लोगों की मदद के लिए हम 24 घंटे तैयार हैं। अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज समाज को संगठित होने की जरूरत है। आज समाज बढ़ रहा है। लेकिन शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे नहीं बढ़ पा रहा है। दबगर समाज के युवाओं को शिक्षित होने की जरूरत है। तभी वह समाज को आगे ले जा सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी प्रदेशों के दबगर समाज के लोग शामिल हुए हैं। सभी लोग एक संकल्प के साथ इस कार्यक्रम से अपने अपने घर जाएंगे। आज विभिन्न प्रदेशों में समाज के लोग अपना अलग-अलग टाइटल लगाकर अपनी जाति को छुपा रहे हैं। जो समाज हित में ठीक नहीं है। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केशरी, कंचन साहु, संयुक्त स्थाई संगठन के अयक्ष रामेश्वर प्रसाद, रामानुजगंज दबगर समाज के अध्यक्ष उमेश दास, एसएस प्रसाद, कानपुर से रामनरेश दास, गढ़वा जिला उपाध्यक्ष बबलू दास, अंतू दास, मुकेश दास, सचिव उदय दास, कोषाध्यक्ष उदय कुमार दास, संरक्षक चंद्रिका दास, महंत रामदास, संतोष दास, सुनील दास, अनिल दास, संगठन मंत्री संतोष कुमार सहित विभिन्न प्रदेशों से आये दबगर समाज के लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## सीआरपीएफ ने मनाया शौर्य दिवस



कार्यक्रम में सीआरपीएफ के पदाधिकारी व जवान।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन के तत्वावधान में रविवार को शौर्य दिवस मनाया गया। मौके पर वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी जय प्रकाश सिंह ने सभी अधिकारियों व जवानों को शौर्य दिवस की महान वीरगाथा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नौ अप्रैल 1965 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की द्वितीय वाहिनी की एक छोटी सी टुकड़ी ने पाकिस्तानी इन्फेन्ट्री ब्रिगेड द्वारा किए गए आक्रमण को पूरी तरह से विफल कर दिया था एवं उन्हें पीछे लौटने पर मजबूर कर दिया था। जिसमें पाकिस्तानी सेना के 34 जवान मारे गये एवं चार को जिंदा पकड़ लिया गया।

इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सात योद्धाओं ने सर्वोच्च बलिदान दिया। सीआरपीएफ द्वारा किए गए इस अदम्य साहस की वीरगाथा को इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। इससे हमें निरन्तर प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## देसी कट्टा के साथ वीडियो बना रहा था युवक, गिरफ्तार



जानकारी देते एसडीपीओ अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा के साथ शहर के ऊपरी लाइन पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक गढ़वा थाना क्षेत्र के उचरी मोहल्ला निवासी निजामुद्दीन अंसारी का पुत्र इसरार अंसारी बताया जाता है। एसडीपीओ अवा कुमार यादव ने रविवार को गढ़वा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि आठ अप्रैल को पारस महतो के घर के पास एक युवक को संदिगावस्था में घूमने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान इसरार अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि युवक का आपराधिक इतिहास नहीं है।

वह यूट्यूब पर पोस्ट के लिए रिल्स बना रहा था। उसी दौरान स्थानीय लोगों ने पिस्टल के साथ देखा और उसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने पूछताछ कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। युवक के पास कट्टा कहा से आया पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर एसडीपीओ सहित पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, समीम अंसारी, अरुण प्रकाश बैठा, शैलेंद्र कुमार सिंह, नंदलाल कुमार, राहुल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## नकली शराब कारोबारियों की खैर नहीं : उत्पाद अधीक्षक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू के नेतृत्व में कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर क्षेत्र में अवैध नकली शराब विक्रेताओं के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में उत्पाद अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर में अवैध रूप से नकली शराब का कारोबार किया जा रहा है कि गुप्त सूचना मिली थी। इस गुप्त सूचना के आधार पर उस क्षेत्र में मेरी उपस्थिति में अवर निरीक्षक उत्पाद निर्मल मरांडी एवं शस्त्र बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान रामचरित दांगी के 22 वर्षीय पुत्र के किराना दुकान से नकली इ7 375एमएल का 20 बोतल, 180एमएल का 12 बोतल, ग्लेडियस लिमोनी 180 एमएल 39 बोतल, मैगडॉल्स नंबर1 375 एमएल 16 बोतल, 180 एमएल के 19 बोतल को जब्त किया गया है। साथ ही संलिप्त लोगों के ऊपर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्यों की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को स्थानीय नगर भवन में प्रखण्ड स्तरीय वार्ड सदस्यों की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता कबरा पंचायत के तीन नम्बर वार्ड सदस्या रुक्मणि देवी व सन्चालन बहेरा पंचायत के 12 नम्बर वार्ड सदस्य पंकज कुमार दास ने किया। बैठक में क्षेत्र की विकास एवं जनता की सेवा को लेकर प्रखण्ड स्तरीय वार्ड सदस्य संघ का कमिटी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष टंडवा के एक नम्बर वार्ड सदस्य धीरेंद्र भगत, सचिव पंकज कुमार दास, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष सोनमती देवी रंजीत कुमार माजदा खातून विजय कुमार गंझू एवं मीडिया प्रभारी सरिता देवी को चयनित किया गया। ततपश्चात नवयुक्त सभी पदाधिकारियों को माला व शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### चापाकल में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के भाटचतरा ग्राम में शनिवार की रात्रि चापाकल में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के शिवरतन भुइयां 25 वर्ष पिता मतलू भुइया एवं उसकी मां सरिता देवी पति मतलू भुइयां घायल हो गया। रविवार की सुबह दोनों घायल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां चिकित्सक डॉ. अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। वही शिवरतन भुइयां ने बताया कि घर के समीप चापाकल में पानी भरने एवं बहने वाले पानी को रोकने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें उमेश भुइयां, राजेश भुइयां, अनीता देवी, मीना देवी, कीटवा भुइयां, संगीता देवी ने मुझे तथा मेरी मां सरिता देवी को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना बारियातू पुलिस को दे दी गई है।

### राजद युवा प्रदेश सचिव बने संजय यादव, लागों ने दी बधाई

**लातेहार।** चंदवा निवासी संजय यादव को 2022 से 2025 तक के लिए युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने अच्छे कार्य और लगातार संगठन मे सक्रियता को देखते हुए युवा प्रदेश सचिव का कार्य भार दिए। वही संजय यादव प्रदेश सचिव बनते हि कहा की युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे प्रदेश सचिव बनाये है। मै संगठन का जो भी जिम्मेवारी मिलेगा उसे बखुबी से निभाऊगा और लोगो की जनहित मुददा को लगातार उठाउगा। वही संजय यादव ने प्रदेश सचिव बनने परवन पर्यावरण मंत्री बिहार तेज प्रताप यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, श्रममंत्री झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता, राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय यादव, युवा राष्ट्रीय महासचिव विशाल यादव को धन्यवाद दिए। वही प्रदेश सचिव युवा राजद संजय यादव को बनने पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजद लक्ष्मण यादव, लातेहार जिला के वरिष्ठ नेता सुरेश राम, जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, छात्र जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव, पूर्व मजदूर प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने बधाई दिए।

### बलराम स्टोन माइंस में अपराधियों ने चलायी गोली, कोई हताहत नहीं

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोंटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह मे संचालित बलराम स्टोन माइंस में बीते शनिवार की रात्रि को अज्ञात अपराधियों ने गोली चला कर फरार हो गए। गोलीबारी मे किसी प्रकार का कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। उक्त सम्बन्ध में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना रात्रि में ही मिली थी। पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर मामले की जांच की है। संचालक द्वारा अब तक कोई आवेदन थाना को प्राप्त नहीं है। आसपास को ग्रामीणों ने बताया की लगभग बारह बजे रात्रि मे दो से तीन फायरिंग हुआ। फायरिंग सुनकर हमलोग घर मे दुबक गए।

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा प्रखंड कमिटी का हुआ पुनर्गठन



बैठक में उपस्थित लोग।

➲ पुनः अध्यक्ष बने धनेश्वर उरांव, सुरेंद्र भगत बने सचिव

**चंदवा।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा प्रखंड कमिटी की बैठक स्थानीय कृषि फार्म परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महेश उरांव ने किया। बैठक में मोर्चा की समीक्षा की गई व सर्वसम्मति से आंदोलनकारी मोर्चा प्रखंड कमिटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष धनेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष प्रमोद गंझू, सचिव सुरेंद्र भगत, बेलस टोप्पो सहसचिव, सुजीत कुमार कोषाध्यक्ष व सुधीर प्रसाद को प्रखंड प्रवक्ता बनाया गया। इसके अलावे रामपाल उरांव, महेश गंझू, फूलचंद गंझू,मनोज प्रसाद, भुट्ट उरांव, गुलाब प्रजापति, मुनेश्वर गंझू, रामभजन सिंह, उषा देवी को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, बृजलाल गुप्ता, प्रमोद उरांव, विशुन देव गंझू, मृगराज सिंह, मन बहाल सिंह, रसीद खान, श्याम सुंदर गंझू, चमर गंझू, मतिया देवी, रमकेश्वर सिंह, नागेश्वर गंझू, माहेश्वर गंझू, नान्हू गंझू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### धूमधाम से मना ईस्टर संडे

➲ प्रभु यीशु खीस्त अपने पुनरुत्थान द्वारा संसार को मुक्ति प्रदान किया : फादर

**चंदवा।** चंदवा पल्ली में रविवार को धूमधाम के साथ ईस्टर संडे (पास्का पर्व) मनाया गया। फादर प्रदीप पन्ना व फादर जोसेफ पंतलड़ी के नेतृत्व में ईस्टर का मिस्सा बलिदान संपन्न कराया गया। जिसका साथ चंदवा पल्ली पुरोहित फादर एमानुएल केरकेट्टा, फादर वासिल डुंगडुंग, फादर अलफोंस व फादर जोसेफ एक्का ने दिया। फादर पतंलड़ी ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु खीस्त अपने पुनरुत्थान के द्वारा संसार को मुक्ति प्रदान किया। पास्का का त्यौहार हमें त्याग क्षमा एवं प्रेम का संदेश देता है। प्रभु यीशु खीस्त के बताए मार्ग पर चल कर ही मानव का उद्धार है। इसके पूर्व शनिवार रात्रि को 9:30 बजे पास्का जागरण समारोह शुरू हुआ जो 12:00 बजे रात को समाप्त हुआ, जागरण एवं मिस्सा अनुष्ठान का संचालन फादर जोसेफ पतंलड़ी के द्वारा किया गया। ईस्टर का पर्व को सफल बनाने में कैथोलिक सभा से सुमन सुनील सोरेन, विनय खलखो, कुलदीप लकड़ा, प्रशांत बाड़ा, स्टीफन मिंज, प्रमोद कुजूर, दिलबर, राजेश लकड़ा, महिला संघ से सुचिता, सुशीला सोरेन, फिलोमिना खलखो, सुषमा तिर्की, एवं युवा संघ के सभी सदस्य गायक मंडली के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## चंदवा पुलिस ने 12 चक्का ट्रक से डेढ़ करोड़ रुपये का डोडा पकड़ा, एक तस्कर गिरफ्तार

# रांची से राजस्थान भेजा जा रहा था, एक माह में दूसरी सफलता

➲ लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर चंदवा ब्लॉक के समीप से मिली सफलता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन की कार्यकुशलता से चंदवा पुलिस की टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खेल के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में गठित पुलिस की टीम ने चंदवा ब्लॉक के समीप एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध छापेमारी कर 12 चक्का ट्रक आरजे-07-जीसी-1255 में लोड मादक पदार्थ डोडा की बड़ी खेप जब्त करने में सफलता हासिल की है। बरामद डोडा का वजन करीब 4.5 टन बताया जा रहा है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है। चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ की बड़ी खेप रांची से चंदवा की ओर आने वाली है। सूचना के आलोक में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता मजिस्ट्रेट के साथ चंदवा ब्लॉक के समीप अभियान चलाया। अभियान के क्रम में पुलिस ने एक संदिग्ध 12 चक्का ट्रक को रोका, चालक राधेश्याम विश्नोई पिता प्रेम प्रकाश विश्नोई (गंगानगर राजस्थान)को कब्जे में लेकर तलाशी की गई, तलाशी में ट्रक से सैकड़ों बोरा में भरा डोडा बरामद किया गया है। इसके बाद डोडा समेत ट्रक को पुलिस कब्जे में लेकर तफ्तीश में जुट गई है। गिरफ्तार राधेश्याम बिश्नोई ने पुलिस के समक्ष बताया कि डोडा की खेप को रांची-गुमला रोड के जंगली इलाको से तोड़कर बीकानेर राजस्थान ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि झारखंड में डोडा की कीमत 1000 रुपये प्रति किलो है जबकि राजस्थान पहुंचने पर इसकी कीमत 3500 रुपये प्रति किलो हो जाती है। इस आधार पर जब्त डोडा की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ के करीब पहुंच रही है। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 85/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि एक माह पूर्व ही 18 मार्च को चंदवा पुलिस की टीम ने कंटेनर में लोड लगभग 10 टन डोडा की खेप को बरामद किया था। एक माह के अंदर चंदवा पुलिस ने डोडा तस्करी के खिलाफ दूसरी बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान में पुअनि नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, जमील अंसारी, कुंदन कुमार, सअनि अरविंद सिंह समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### मनिका के केडीएम स्कूल में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण का आयोजन



कराटे का प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी।


**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित केडीएम स्कूल के प्रांगण में रविवार को लातेहार जिला कराटे प्रशिक्षक सेंसई अक्षय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जहां स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कराटे से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दी गई। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी मिश्रा ने कहा कि अभी के समय में कराटे आत्मरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अच्छा साधन है इसलिए सभी बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए। मौके पर कराटे प्रशिक्षक अक्षय कुमार सिंह ने मार्शल आर्ट कराटे करने से होने वाले फायदे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी बच्चों को दिया और उन्होंने बताया कि लातेहार जिला में 30 प्राइवेट स्कूलों में कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा इच्छुक बच्चे कराटे का प्रशिक्षण ले सकते हैं। जिसमें सभी विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग जरूरी है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव ने दी चेतावनी

➲ रैयतों को मुआवजा के भुगतान की प्राप्त राशि से 8% अमन श्रीवास्तव को दे दे, नहीं देने पर जान से मारने की दी धमकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन के तुबेद कोल प्रोजेक्ट एरिया के विस्थापितों को अमन श्रीवास्तव के नाम से एक पर्चा जारी किया गया है। पर्चा तुबेद कोलियरी के आसपास चिपकाकर अमन श्रीवास्तव गुट के सामलाल जी द्वारा बताया गया है कि डीवीसी कंपनी से रामदयाल, सुमेज, गोविंद, जुगेश्वर, मोहरलाल, मुनीलाल, महेंद्र, जमीदार, लाल सहाय, जोहन, रामकिशुन, सामलाल, विशु एवं बालदेव को जमीन का मुआवजा की राशि का भुगतान किया गया है। पर्चा में चेतावनी दी गई है कि भुगतान की प्राप्त राशि से 8% अमन श्रीवास्तव को दे दे और नहीं देने पर उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा। पर्चा में यह भी लिखा गया है कि उपरोक्त कोई भी व्यक्ति होशियारी ना दिखाएं अन्यथा परिवार समेत जान से हाथ धोना पड़ेगा। पर्चा में यह भी कहा गया है कि उपरोक्त मुआवजा पानेवाले व्यक्ति चार दिनों के भीतर पैसा का इंतजाम कर लें। कभी भी उनसे पैसा की मांग किया जा सकता है और नहीं देने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहना है। पर्चा में निवेदक के रूप में सामलाल व मोबाईल नंबर 9502710996 कम्प्यूटर से टाइप करके जारी किया गया है। इसे लेकर



अमन श्रीवास्तव

मैं सामलाल जी आप सभी लोगों को सूचित करते हैं की आप लोगों को कंपनी से जो पैसा मिला है उस से 8% आप लोगों को देना होगा अगर कोई भी होशियारी दिखाते हैं तो जान से जावोगे /

पैसा आप सभी लोग को 4 दिन के अन्दर मैं देना होगा इसकी सुचना फोन या लेटर के माध्यम से दिया जायेगा /

कोई भी होशियारी बनने की कोशिश करेगा तो पैसा और साथ मैं पूरा परिवार को जान देना होगा/

रामदयाल, सुमेज, गोविन्द, जुगेशर, मोहरलाल, मुनिलाल, महेंद्र, जमेंदार, लालसहाये, जोहन, रामकिशुन, सामलाल, विशु, बालदेव,

आप सब लोग को 4 दिन के अन्दर मैं पैसा व्यवस्था कर लीजिये कब किस समय आप से माँगा जाये वो मैं नहीं बता सकता हूँ

सामलाल जी

9502710996

08/04/2023

छोड़ा गया पर्चा।

तरह-तरह की चर्चा है। वहीं विस्थापितों में दहशत व्याप्त है। इस संदर्भ में डीवीसी कर्मियों से जब पूछताछ किया गया तो उन्होंने इससे अनभिज्ञता जाहिर किया है। वहीं इस तरह के घटना से ग्रामीणों में दशहत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि हमें पहले भी इन लोगों द्वारा घर में आकर डरा धमकाकर व मारपीट किया गया है। हमें डर लगा रहता है कि कभी भी रात में आकर हमारे साथ मारपीट कर सकते है।

## एक नजर में

### निक्की यादव के साथ संबंध होने का अमन साहू गैंग ने किया खारिज

**लातेहार।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने प्रेस बयान जारी कर निक्की यादव के साथ किसी प्रकार का संबंध होने की बात से इंकार किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लातेहार पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किये गये निक्की यादव से वर्तमान में हमारे गैंग का कोई संबध नहीं था। निक्की यादव हमारे गैंग में रहते हुए टीपीसी संगठन के लिए भी कार्य कर रहा था, इसकी जानकारी होने पर हमने निक्की को अपने गैंग से निकाल दिया था। टोरी से शिवपुर थर्ड लाइन बना रही रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी में हुई फायरिंग की घटना हमारे गैंग के इशारे पर निक्की ने की थी। इसके अलावा उसके द्वारा घटित किसी भी घटना से हमारे गैंग का कोई सरोकार नहीं हैं और सुजीत सिन्हा गैंग या टीपीसी संगठन से हमारा कोई लेना देना नहीं हैं। हमारे गैंग को किसी टैग की जरूरत नहीं हैं। टीपीसी के राकेश गंझू उर्फ बिराज जी से बॉस का व्यक्तिगत संपर्क था, टीपीसी संगठन से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है।

### समोसा बेचने वाले का बेटा को लगा रेलवे में नौकरी



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम के लोहरा टोली निवासी दिलीप साव के पुत्र जितेंद्र कुमार का रेलवे ग्रुप डी में नौकरी लगने से पूरे परिवार में हर्ष व्याप्त है। दिलीप कुमार साव बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कई वर्षों से फुटपाथ पर समोसा व चाय की दुकान खोले हुए है। दिलीप ने बताया कि मेरा बड़ा पुत्र जितेंद्र कुमार ग्रुप सी एवं ग्रुप डी रेलवे भर्ती में दोनों की परीक्षा में सफल हुआ है। अभी ग्रुप डी के लिए वह नागपुर योगदान जाकर कर लिया है एवं ग्रुप सी का जॉइनिंग लेटर नहीं आने के कारण उसे अभी जोइनिंग नहीं किया है। दिलीप कुमार के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। बड़ा पुत्र जितेंद्र कुमार उत्क्रमित उच्च विद्यालय जहां पर मैट्रिक की परीक्षा शिक्षा प्राप्त करने के बाद आईएससी उच्च विद्यालय बालूमाथ से किया एवं ग्रेजुएशन आनंदा कॉलेज हजारीबाग से किया। वही उसका छोटा पुत्र एवं पुत्री नवोदय विद्यालय लातेहार में अध्ययनरत है। दिलीप कुमार ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद भी हमारे सभी बच्चे अच्छे कर रहे हैं। वही जितेंद्र कुमार रेलवे में नौकरी लगने के बाद मां देवंती देवी अपने पुत्र को मिठाई खिलाकर स्वागत किया है।

### चार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



गिरफ्तार वारंटी व जानकारी देते थाना प्रभारी।

**बारियातू।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार सिंह के नेतृत्व में बारियातू पुलिस का एक छापामारी दल गठित कर रविवार को चार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सुचना मिली थी की स्थाई वारंटी धन्ना राम उर्फ लक्ष्मण राम, कैलाश राम दोनो पिता स्व जपल राम उर्फ जयपाल राम, कार्तिक राम, पिता स्व दासो राम, तीनों ग्राम नावाडीह, गोलू उर्फ ज्योति प्रसाद, पिता कपिल प्रसाद साव उर्फ कपीलदेव साव, ग्राम बारियातु बस्ती निवासी, सभी अपना घर आया हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा गठित टीम ने उक्त सभी स्थाई वारंटी के घर रविवार की रात्री ग्यारह बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। नावाडीह ग्राम के उक्त तीनों वारंटी धारा 302 आईपीसी के अभियुक्त हैं जिन्हें लातेहार जेल भेज दिया गया। जबकि बारियातू बस्ती निवासी गोलु उर्फ ज्योती प्रसाद आईपीसी धारा 392 के अभियुक्त हैं। जिन्हें चतरा जेल भेजा गया है .इस छापामारी अभियान में पुअनि रवि कुमार, बिंदेश्वर महतो, दीपक नारायण सिंह, सअनि बालेश्वर गंझु व सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## दुकानदारों ने किया रोजा ए इफ्तार पार्टी का आयोजन



एक साथ इफ्तार करते दोनों समुदाय के लोग।

➲ आपसी भाईचारा और एकता का संदेश देता है रमजान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** पाक रमजान के इस पवित्र महीने में रविवार को बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार के मुसलमान दुकानदार भाइयों के द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी में हमेशा की तरह गंगा जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजर्ग, नौजवान व बच्चों के साथ बड़ी तादाद में हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत की। सभी लोगों ने आपसी भाई-चारे की दुआ मांगी।

**मोहब्बत के दस्तरखान पर दोनों समुदाय ने एक साथ किया इफ्तार**

जहां दुकानदारों ने बताया कि रमजान पवित्र महीना है। इस महीने में इफ्तार कराने का काफी सवाब मिलता है। रमजान आपसी भाईचारा और एकता का संदेश देता है। जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने मोहब्बत के दस्तरखान पर एक साथ इफ्तार कर हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया है। वहीं इफ्तार के उपरांत दोनों समुदाय के लोगों ने इफ्तार पार्टी में मौजूद सभी लोगों को रमजान की मुबारकबाद दी। गौरतलब है देश के अन्य हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव के बावजूद बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के लोग वर्षों से सद्भाव से रह रहे हैं। यहां कोरोना के दो वर्ष को छोड़ दें तो लगभग हर वर्ष हिंदू और मुसलमान दुकानदार भाइयों द्वारा इस तरह इफ्तार पार्टी की मेजबानी की जाती रही है। मौके पर फिरोज अहमद मुन्ना, मो.असलम, मो.नसीम, मो.कलीम, मो. शकील, फिरोज सिद्दीकी, मो. अनीश, मो.हसीन, मो.गुलाम, अख्तर खान, साजन, सिकंदर अंसारी, गुलाम असगर, पंकज गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, पपन खान, रिजवान खान, फिरोज, मो. हबीब और प्रेम कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

## मनिका प्रखंड में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ मुख्य अतिथि के रूप में राजद के गिरजानंदन सिंह ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बाजारटांड़ स्थित देवी मंडप मंदिर के प्रांगण में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह उर्फ गिरी जी समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉक्टर राजेंद्र भारती ने किया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों को कार्यक्रम आयोजक कमेटी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजानंदन सिंह ने कहा की इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को मनोरंजन का अवसर मिलता है इसलिए सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का आनंद लें। उन्होंने कहा अगर हम लोग सही सलामत रहे तो इससे भी बड़ा कार्यक्रम का आयोजन अगले वर्ष इसी स्थान पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सबों को जब भी मेरी जरूरत पड़े तो मुझे जरूर याद करें मैं हमेशा आपके सुख दुख में खड़ा रहूंगा क्षेत्र के गरीब, असहाय,पीड़ित लोगों के सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। मौके पर गिरजानंदन सिंह ने कलाकारों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कलाकार राजमणि व्यास और सुरेंद्र व्यास के द्वारा गीत संगीत के माध्यम से जबरदस्त मुकाबला किया गया। कार्यक्रम में महिला नृत्य कलाकारों ने भी अपने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करवाया। दर्शकों ने भी शांति का परिचय देते हुए गीत संगीत में रात भर झूमते देखे गए। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, युवा कांग्रेसी मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, बीरबल मांझी, राजद के वरिष्ठ नेता सतीश यादव, राजद प्रदेश महासचिव देवबंश मांझी, युवा राजद नेता रूपेश कुमार यादव, पूर्व मुखिया संजय सिंह, शिवानंद यादव, विकास पासवान, भीम सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### टाइगर रिजर्व के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**बेतला।** टाइगर डे दिवस के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम चलाया जा रहा था। जिस का समापन रविवार को बेतला नेशनल पार्क के प्रकृति व्याख्या केंद्र में आयोजित किया गया। जिसमे डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना बेतला रेंजर शंकर पासवान ने दिप प्रवज्जवलित कर बेतला एन आई सेंटर मे उद्घाटन किया। वही छात्रा छात्राओ को बेतला नेशनल पार्क और पलामू किला कमलदह झील सुग्गाबांध इन सभी पर्यटक स्थलो का भ्रमण कराया गया, और बच्चे लोगो के बीच वन प्राणी संबंधित बच्चो को बताया गया बाघ सरक्षण को लेकर बाघ को को सामना होने पर किस तरह से बचना है इन सभी बातो को फिल्म दिखाकर बच्चो को जागरूक किया गया। वही डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना ने कहा की पलामू टाइगर रिजर्व मे टाइगर डे दिवस का 50 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। जिसमे बच्चे लोग सास्कृतिक कला, पेंटीग, प्रभातफेरी, संगीत कई तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है साथ ही 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुरे देश मे बाघो की संख्या 3167 बताए और ऑनलाईन सम्बोधित करते हुऐ बताए की इस वर्ष बाघो की संख्या बढ़कर 3167 हो गया है। बहुत ही खुशी की बात जो बाघो की संख्या बढी हुई। इससे सभालकर रखना है। साथ ही इस टाइगर डे दिवस के अवसर पर कार्यक्रम कर छात्र छात्रा के पुरुस्कृत देने का किया गया।

## चैनपुर जंगल से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घटना की जानकारी लेती पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोंटी भाटचतरा मार्ग स्थित चेनपुर जंगल से बारियातू निवासी लालु भुइयां (36) वर्ष पिता पैरु भुइयाँ की हत्या कर फेके गए शव को पुलिस ने बरामद की है। पक्की सड़क के किनारे लगभग 300 मीटर दूर जंगल मे शव पड़ा था। प्रथम दृष्टया से मृत व्यक्ति के गर्दन व गला के सामने चाकू से काटे जाने से घटना स्थल पर रक्त का जमाव दिखाई दे रहा था साथ ही शव के शरीर पर कई जगहों मे चोट की निशाना भी था। वहीं खून से सने एक डंडा भी पुलिस ने बरामद की है। भाटचतरा गांव के महिला चेनपुर जंगल मे सूखा लकड़ी चुनने गई थी। उसी क्रम मे शव पर नजर पड़ गया। शव देखकर महिलाओ ने घबरा गई और टोटी भाटचतरा मार्ग पर निकल कर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दिया। इसके बाद जंगल मे शव होने की सूचना थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को दी गई। जिसके बाद श्री चौधरी सहित एसआई दीपक नारायण सिंह, रवि कुमार सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपने बहन के घर सिबला पंचायत के ग्राम कुशमाहा (जीजा) किरण भुइयाँ के घर शनिवार को आया था। वहीं बहन ललिता देवी ने बताई की मै अपने बेटी की शादी कर रही थी लेकिन निमंत्रण नहीं दिए थे। शादी के क्रम मे एक बाईक मे भाई सहित चार व्यक्ति मेरा घर बाईक से आए थे। मेरे भाई को मेरे घर छोड़ कर तीनो चले गए। तीनो गया बिहार का भाषा बोल रहे थे। तीनो को नहीं पहचानते हैं। लगभग चार बजे अपना घर बारियातू जाने के लिए निकला था। जब खबर मन्त्र संवाददाता ने मृतक के घर पहुंचकर मृतक के पुत्री से घटना से संबंधित जानकारी लेने का प्रयास किया तब बताई की दो दिन से दो व्यक्ति मेरे घर आकर पिता जी को ईट भट्ठा में काम करने के लिए बुला रहे थे। पिता जी जाने से इंकार कर रहे थे। दोनों मेरे घर दारू पीकर पिता जी को बाईक से कुशमाहा पहुंचाने गए थे। उक्त दोनों को मेरी मां रितवा देवी उर्फ संध्या जानती पहचानती है। लालु भुइयां को घर से दो व्यक्ति कुशमाहा पहुंचाने गए जबकी मृतक के बहन के घर तीन व्यक्ति थे। पुलिस हर पहलु पर गहनता से इसकी जांच कर रही है। अपराधी बहुत जल्द ही पुलिस के गिरफ्त मे होंगे। कुशमाहा ग्राम के ग्रामीणों ने बताया की शनिवार को भाटचतरा मे साप्ताहिक बाजार लगता है। वहीं शाम तक मृतक देखा गया था। लालु भुइयां गरीब व साधारण व्यक्ति था। जिसका एक पुत्री व दो पुत्र हैं।

# राबड़ी आवास पर इफ्तार पार्टी में पहुंचे नीतीश चिराग सहित कई मंत्री, स्वागत में जुटे तेजस्वी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पटना में राजद की इफ्तार पार्टी शुरू हो गई है। सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास में आयोजित इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के साथ कई मंत्री और गणमान्य लोगों का आना जाना शुरू हो गया है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सभी का स्वागत करने में जुटे हुए हैं। इस इफ्तार पार्टी में सीएम नीतीश कुमार, जमुई सांसद चिराग पासवान, विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी चौधरी, शिवानंद तिवारी, मंत्री जमा खान, एमएलसी सुनील कुमार सिंह और पप्पू यादव शामिल हुए हैं।



अभी भी इफ्तार पार्टी में लोगों का आना जारी है। रविवार की शाम राबड़ी आवास पर आयोजित इफ्तार पार्टी में कई रोजेदार भी शामिल हुए।

**महागठबंधन के कई नेता पहुंचेः** राजद की ओर से इफ्तार पार्टी की तैयारी जोर शोर से की गई थी। इस इफ्तार पार्टी में लोगों को दावत देने के लिए आमंत्रण पत्र भी छपवाया गया था। हिन्दी और उर्दू में इस पत्र को छपवाया गया था। इससे पहले सीएम नीतीश कुमार और जदयू की ओर से भी इफ्तार पार्टी का आयोजन हो चुका है, जिसमें कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे। शनिवार की शाम राबड़ी आवास पर आयोजित इफ्तार पार्टी में महागठबंधन के कई नेता पहुंचे।

**इफ्तार पार्टी पर सबकी नजरः** महागठबंधन की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी का विपक्ष लगातार विरोध भी कर रही है। बीजेपी ने कहा था कि बिहार जल रहा है और सरकार इफ्तार पार्टी करने में व्यस्त है। वहीं दूसरी ओर यह भी चर्चा हो रही है कि इसबार भी इफ्तार पार्टी के बाद से बिहार की राजनीति में बदलाव होगा, क्योंकि पिछले साल इफ्तार पार्टी के बाद ही नीतीश कुमार ने महागठबंधन की सरकार बनाई और बीजेपी का साथ छोड़ दिया था। इस कारण बिहार में इफ्तार पार्टी पर सबकी नजर रहती है। हम हर साल इफ्तार देते हैं। हम इफ्तार से रोजेदार लोगों के प्रति इज्जत प्रकट करते हैं। यह इफ्तार पार्टी नहीं बल्कि गंगा-जमूनी तहजीब की पहचान है। जितने भी लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की उनकी संपत्ति की कुर्की हो रही है। जो भी अमन चैन छीनने का प्रयास करेगा उसे कानून नहीं बख्शेगा।

## मैं अपने पुराने अतीत को भूल चुका हूं : सुखराम

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के बड़े पुत्र सन्नी उरांव पर प्राणघातक हमले की आशंका पर पहली बार सुखराम उरांव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा मामले में कहीं न कहीं सच्चाई है। पूरे मामले को प्रशासन पर छोड़ते हुए कहा प्रशासन जांच करें कि इसमें कितनी सच्चाई है और कौन लोग इसमें शामिल है। विधायक ने बताया कि दो महीने पूर्व ही उन्होंने पूरे मामले से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखित रूप में अवगत करा दिया है। जिसके बाद मामले की उच्च स्तरीय जांच चल रही है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग दूसरे के बहावे में आकर चक्रधरपुर शहर को अशांत करना चाहते है। ऐसे लोगों की सूची तैयार की गई है। एक सवाल के जवाब में कहा कि मेरे से किसी को खतरा नहीं होना चाहिए।

## बिजली चोरी मामले में दस लोगों पर केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

जयनगर (कोडरमा)। विद्युत विभाग के द्वारा रविवार को छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे 10 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इन सभी पर मामला थाना में केस दर्ज कराया गया है। इस मामले में जेई हरे कृष्ण केसरवानी ने आवेदन दिया, जिसमे सदाम हुसैन, असलम रजा, अशोक रजक, सुखदेव यादव, रतन दास, मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह, देवनारायण चौधरी, मनोज यादव, मुस्तकीम अंसारी पर प्राथमिक दर्ज कराया गया और जुर्माना भी लगाया गया है। छापामारी के दौरान जरार खान, मुन्ना लाल यादव, सौरभ कुमार सिंह, राजेश बेलदार आदि शामिल थे।

## कुजू पुल में गार्डवाल रेलिंग की मरम्मत करवायी जाये : त्रिशानु

**चाईबासा।** प०सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने रविवार को प०सिंहभूम जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल को ट्वीट कर जनहित में कुजू पुल में गार्ड वाल रेलिंग का मरम्मतिकरण करवाने के लिए मांग किया है। उक्त कार्य लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान की जाए। पुल पर हमेशा लोगों का आवागमन रहता है।

# तीन के खिलाफ बिजली चोरी का केस, 1.29 लाख रुपये जुमार्ना



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** निगम के निर्देश पर विद्युत विभाग ने चक्रधरपुर में बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें लोकनाथनगर में तीन लोगों को बिजली करते पाया गया। दोषियों के खिलाफ चक्रधरपुर थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सहायक विद्युत अभियंता कफील अंसारी के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान में लोकनाथनगर के अशोक कुमार शर्मा पिता स्व. उचित राम शर्मा, सुरेश सोय पिता स्व. वीरेंद्र सोय तथा तपन कुमार दास पिता स्व. शशांक कुमार दास को बिजली करते पाया गया। अशोक शर्मा को 77, 625 रुपए, सुरेश सोय को 12,940 रुपए तथा तपन कुमार दास को 38,812 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। छापेमारी अभियान में कनीय अभियंता अजय हंस, प्रदीप विश्वकर्मा, शालोम जार्ज टोप्पो, गणेश सिरका एवं अन्य शामिल रहे।

### सीएम हेमंत सोरेन व शिबू सोरेन से मिलेंगे दिशोम गुरुजी योजना के सदस्य

# वृहद पैमाने पर संचालित होगा दिशोम गुरुजी आशीर्वाद योजना : सुखराम उरांव

### एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने पर संरक्षक सुखराम उरांव ने सदस्यों के साथ की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** झामुमो जिलाध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव द्वारा चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित दिशोम गुरूजी आशीर्वाद योजना ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरे कर लिए है। इस मौके पर संरक्षक सह विधायक सुखराम उरांव ने रविवार को योजना के सदस्यों के साथ अपने बनमालीपुर स्थित आवास में समीक्षा बैठक की। बैठक में योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव भी उपस्थित रहे। इस मौके पर निर्णय हुआ कि एक वर्ष की उपलब्धि के साथ योजना के सभी सदस्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिबू सोरेन से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उन्हें योजना के उद्देश्य एवं उपलब्धि की जानकारी देते हुए मार्गदर्शन मांगेंगे। इसी महीने के अंत में सीएम से मुलाकात का निर्णय लिया गया। समीक्षा बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि अब वृहद पैमाने पर योजना को गांव-गांव तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी सदस्यों को निःस्वार्थ भाव से काम करने की जरूरत है। कहा कि योजना से जुड़े सामानों में वृद्धि की जाएगी। नए संसाधन शामिल किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके। इसके अलावा अनुमंडल अस्पताल में जारी दिशोम गुरूजी भोजन योजना पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि एक साल में लगभग 40 हजार लोगों को मुफ्त भोजन का लाभ मिला है। इसे



निरंतर जारी रखने के लिए सदस्यों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में योजना के सदस्य सह प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, उप प्रमुख विनय प्रधान, ताराकांत सिजुई, मुखिया सेलाय मुंडा, मिथुन गागराई, मेलानी बोदरा, अरविंद तिग्गा, लखन हेम्ब्रोम, संजय हासदा, विवेक सिंह विक्की, उदय जयसवाल, प्रेम मुंडरी, सरवर नेहाल नज्जु, लाल बाबू दास, मथुरा गागराई, घनश्याम पीटर तियू, मो. नियाज, अमर सिंह बोदरा, राहुल साव, अमित कसेरा, कृष्णा मुखी, दोराई हासदा आदि उपस्थित रहे।

## पति से हुआ विवाद, 3 बच्चों को लेकर नदी में लगायी छलांग

**बेगूसराय।** बेगूसराय एक मां की निर्ममता देखने को मिली है। जहां पति से कुछ विवाद पर पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ गंडक नदी पर बने पुल से छलांग लगा दी। घटना के सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस पदाधिकारी और सीओ मौके पर मौजूद हैं।

## नालंदा में शांति व्यवस्था बहाल

**नालन्दा।** बिहार शरीफ में 10 अप्रैल सोमवार से शहरी क्षेत्र के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में पठन पाठन कार्य शुरू होगा। स्कूल कॉलेज अपराह्न 4 बजे तक ही खुले रहेंगे। सभी कोचिंग संस्थान और ट्यूशन सेंटर फिहलाल बन्द रहेंगे। नालंदा के जिलाधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। डीएम के आदेश के अनुसार शहर की सभी दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी खुलने की अनुमति दी गयी है। सुबह 6 बजे से संध्या 5 बजे तक ही खुली रहेगी।

# रामप्रवेश बने भाविप के प्रांतीय महासचिव



कोडरमा के लोगों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया निवासी सीडी बालिका उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रामप्रवेश पांडे को भारत विकास परिषद का प्रांतीय महासचिव बनाए जाने पर परिषद के पदाधिकारियों, संरक्षक एवं वरीय सदस्यों ने उन्हें बुके देकर व मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर बोलते हुए लोगों ने कहा कि रामप्रवेश पांडे का प्रांतीय महासचिव बनाया जाना कोडरमा जिले के लिए गौरव की बात है। ये जिले के पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव बनने का गौरव हासिल हुआ है। परिषद के संरक्षक नारायण सिंह ने कहा कि रामप्रवेश पांडे के नेतृत्व में प्रांत नई ऊंचाइयों को छुएगा। वही रामप्रवेश पांडे ने कहा कि उनका प्रयास सभी को साथ लेकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने एवं प्रांत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का होगा। बताते चलें कि रामप्रवेश पांडे पूर्व में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं क्षेत्र संयोजक सहित कई दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। बधाई देने वालों में परिषद के संरक्षक नारायण सिंह, संगठन सचिव प्रोफेसर कैलाश राणा, जूही दासगुप्ता, राजेश कुमार, प्रोफेसर नीरा सिन्हा, सीमा सिंह, सचिव छोटे लाल पांडे, अश्विनी तिवारी, कुंज बिहारी त्रिवेदी, संपर्क प्रमुख अजय अग्रवाल, ओपी राय, धर्मेंद्र सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

## होमियोपैथी के जनक डॉ. सामुएल का मना जन्मदिन

**दुमका।** डा.चयन रय के क्लीनिक में रविवार को होमियोपैथी के जनक डॉ. सामुएल का जन्मदिन रविवार को मनाया गया। 10 अप्रैल को होमियोपैथी के जनक जन्मदिन है। उन्हें यहां श्रद्धाजंलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पर्ष अध्यक्ष श्वेता झा एवं बार एसोसिएशन दुमका के अध्यक्ष विजय सिंह शामिल हुए।

## मुनगा के पेड़ से गिरकर एक की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बदडीहा निवासी 45 वर्षीय संजय कुमार वर्णवाल पिता भुनेश्वर मोदी रविवार दोपहर अपने ही घर के पास मुनगा के पेड़ पर चढ़कर सिटी तोड़ने के दौरान अचानक पेड़ से नीचे गिर जाने से उसकी मौत हो गई। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## पूर्व विधायक ने मृतक नारायण राणा के परिजनों को बंधाया ढांढस

**जयनगर (कोडरमा)।** कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग गरचांच पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में ग्राम पंचायत डंडाडीह निवासी 61 वर्षीय नारायण राणा पिता स्व. बंधन राणा की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव घटनास्थल पर पहुंचे व परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक श्री यादव ने इस दुखद घटना पर गहरी शोक संवेदना प्रकट किए व भगवान से मृतक की आत्मा की शांति के लिए कामना किये। मौके पर डंडाडीह मुखिया प्रतिनिधी महेश साव, योगियाटील्हा मुखिया इरफान अंसारी, पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष बीरेंद्र मोदी, घरौंजा मुखिया प्रतिनिधि अजय यादव, मुखिया संघ चलकुशा आलोक कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि गड़गी सरफूदीन अंसारी, पंसस प्रतिनिधि गड़गी केडी यादव, पैक्स अध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## विपक्षी एकता के लिए मुख्यमंत्री के पास कोई फामूर्ला नहीं : बीजेपी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली दौरे पर जाने वाले हैं। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर बिहार में सियासत शुरू हो गई है। दिल्ली में नीतीश कुमार की मुलाकात महागठबंधन के नेताओं से हो सकती है। बीजेपी ने महागठबंधन की एकता पर सवाल खड़े किए हैं। 2024 में नरेंद्र मोदी से मुकाबले के लिए विपक्ष एकजुट होने की कोशिश में है। नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव लगातार विपक्षी एकता को धार देने की कोशिश भी कर रहे हैं। सीएम के दिल्ली दौड़े पर सियासतः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर दिल्ली दौरे पर जाने वाले हैं।

## पेज एक का शेष

### भारत में बाघों का बढ़ना दुनिया.....

हमारी संस्कृति सह अस्तित्व से मिला संरक्षण : पीएम मोदी ने कहा कि इनकी बढ़ने का कारण हमारी संस्कृति है। हम सह अस्तित्व में विश्वास करते हैं। पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा, दुनिया के दूसरे देशों में भी टाइगर रिजर्व हैं, लेकिन वहां पर या तो संख्या स्थिर हैं, या फिर घट रहे हैं, लेकिन भारत में इनकी संख्या बढ़ रही है। यह पूरी दुनिया के लिए गर्व की बात है। 1973 में बाघों की संख्या मात्र 268 थी। उस समय मात्र नौ टाइगर रिजर्व केंद्र थे। इस वक्त पूरे देश में 53 टाइगर रिजर्व बनाये जा चुके हैं। पूरी दुनिया के 70 फीसदी जंगली बाघों की आबादी भारत में है। 1973 के बाद 2008 में पहली बार बाघों की गणना की हुई थी तब इसकी संख्या 1401 थी। साल 1900 की शुरूआत में भारत में बाघों की संख्या 40 हजार के आसपास थी, अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि बाघों की संख्या में कितनी तेजी से कमी आयी है।

### झारखंड आनेवालों पर विशेष......

रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडों पर जांच का निर्देश : बन्ना गुप्ता ने कहा कि थर्मल स्क्रीनिंग के बाद यदि किसी में भी कोरोना के लक्षण मिलता हैं तो रैट (रैपिड एंटीजन टेस्ट) और आरटी-पीसीआर जांच की जाये। संक्रमित मरीजों के सैंपल का जीनोम सीक्वेंसिंग भी कराया जाये, ताकि वैरिएंट का पता चल सके। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोरोना जांच शुरू करने का निर्देश दिया गया है। भी डीसी और सीएस को कोरोना की जांच की रफ्तार को बढ़ाने के लिए कहा गया है। रांची, जमशेदपुर और देवघर में विशेष एहतियात बरतने का निर्देश भी दिया।

**सोमवार को सभी जिलों में मॉक ड्रिल :** बैठक में यह निर्देश दिया गया है कि रामगढ़, गिरिडीह, लातेहार, चतरा, जामताड़ा, सरायकेला-खरसावां में आरटी-पीसीआर लैब चालू करने के लिए आईसीएमआर से लाइसेंस की प्रक्रिया को जल्द पूरा करें। वहीं सोमवार को सभी जिले में मॉक ड्रिल किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान जिलों में उपलब्ध आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन युक्त बेड, आईसीयू, वेंटीलेटर को क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया है।

### टेरर फंडिंग में एनआईए का.....

एनआईए की टीम पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शनिवार देर रात्रि लगभग दो बजे कुडू पहुंची थी। छापामारी के लिए आठ टीमों का गठन किया गया था। एनआईए ने विभिन्न बैंकों से लाखों के लेन-देने से संबंधित बैंक पासबुक, जमीन के कागजात तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं। अधिकारियों ने एक युवक को हिरासत में लिया है। एनआईए ने छापामारी के संबंध में आधिकारिक रूप से कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है। इससे पहले भी ईंट भट्ठा कारोबारी राजू कुमार को एनआइए की टीम दो बार हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है।

### पर्यटकों के लिए पांच पर्यटन स्थलों.....

**राईट्स को डीपीआर बनाने की जिम्मेवारी :** पर्यटन निदेशालय की ओर से राईट्स नामक कंपनी को डीपीआर बनाने की जिम्मेबारी दी गयी है। विभागीय अदेश मिलते ही कंपनी के अधिकारी डीपीआर बनाने में जुट गये हैं। सरकार को भी इस डीपीआर का बेसब्री से इंतजार है, ताकि ब्लू प्रिंट के आधार पर ही निर्माता कंपनी से बात की जायेगी।

**चीन में बना था पहला ग्लास स्काईवॉक ब्रिज :** चीन में बने पहले ग्लास स्काईवॉक ब्रिज को जब 20 अगस्त 2016 को आम लोगों के लिए खोला गया था तो यह उस वक्त दुनिया का सबसे लंबा और सबसे ऊंचा कांच का पुल था। इस पुल की कुल लंबाई में 430 मीटर (1,410 फीट) और चौड़ाई 6 मीटर (20 फीट) है। इतना ही नहीं, यह जमीन से लगभग 300 मीटर (980 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।

# वार्ड पार्षद दंपति का नौवें दिन अनशन हुआ समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर के गिलानपड़ा स्थित शिव मंदिर परिसर में वार्ड पार्षद दपंति सीमा देवी और उनके पति संतोष भदौरिया का आमरण अनशन रविवार को सदर सीओ यामुन रविदास स्थल के आश्वासन पर समाप्त हुआ। अनशन नवमें दिन तोड़वा स्थानीय प्रशासन ने दंपति को स्वास्थ्य जांच के लिए फूलो झानो मेडिकल कलेज अस्पताल भेजा। गौरतलब हो कि संतोष का आरोप है कि उसकी जमीन पर दूसरे लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। कहा कि वर्ष 1990 में उनके दादा को रैयत सुीर चंद्र खां दान पत्र के मायम से जमीन दी थी।

तब से उस जमीन का उपयोग करते आ रहा हैं। मार्च 2021 में सुीर के बेटे मानिक खां ने प्रमोद चंद्र मोदी व अन्य लोगों के साथ मिलकर बना हुआ घर गिरा दिया। लूटपाट व मारपीट भी की गई। यह भी बताया कि अरुण कुमार और मानिक खां ने प्रमोद चंद्र के नाम वह जमीन कर दी है। दान की जमीन को बिना दादा की अनुमति के कैसे बेच दिया गया। इसके लिए अनुमंडल पदाकिारी के यहां मामला दर्ज कराया गया।

## पूर्णिया में 10 साल की बच्ची से दरिंदगी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में दस साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का वाकया डगरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव में 10 वर्षीय एक बच्ची खेल रही थी तभी आरोपी उसे जबरन उठाकर पास के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने बड़े ही बेरहमी से उसके प्राइवेट पार्ट में मिट्टी डाल दी। बच्ची जब चीखने चिल्लाने लगी तब आसपास के लोग दौड़कर वहां पहुंचे और बच्ची को उठाकर घर ले गए। तब तक आरोपी फरार हो गया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस बताती है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। वैसे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# ईसाई धर्मावलंबियों ने मनाया ईस्टर त्योहार

### चर्च में प्रभू यीशु की प्रार्थना कर कब्र पर जलाया कैंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अटूट आस्था व विश्वास का त्योहार ईस्टर पर्व रविवार को जिले के ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रभू यीशु की प्रार्थना कर एवं केंडल जलाकर मनाया। दुधानी स्थित चर्च में शनिवार रात्रि 10 बजे से विशप जुलियस मरांडी की अगुवाई में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रात्रि के 2 बजे तक चला। खिजुरिया स्थित कब्रगाह में सुबह 4 बजे से ही अपने-अपने पूर्वजों के कब्र में केंडल जलाया। ईस्टर त्योहार पर बंदरजोरी चर्चा प्रर्थना सभा में मुख्य अतिथि उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला व कुलपति प्रो. सोना झरिया मिंज शामिल हुई। ईसाई धर्मावलंबियों का मानना है कि प्रभू यीशु मृत्यु के तीसरे दिन पुनर्जीवित हो गए थे। इसलिए इस दिन ईस्टर के रुप में मनाया जाता है। इन्होंने कहा कि ईसा मसीह ने मानवता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान देकर सभी के समक्ष सर्वोच्च त्याग का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। ईसा मसीह दया, क्षमा और करुणा की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन प्रेम एवं स्नेह का पर्याय थे। उनके हृदय में सभी के लिए असीम प्यार था। उन्होंने नफरत एवं घृणा पर प्रेम, शांति एवं सद्भाव से विजय पाने का संदेश दिया था। वर्तमान में हमारे समाज में हिंसा, द्वेष एवं आपसी घृणा का माहौल है। ऐसे में प्रभु ईसा मसीह का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। ईसा मसीह ने मानवता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर सभी के समक्ष सर्वोच्च त्योग कर अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था। इस अवसर पर ईसाई धर्मावलंबियों ने परिजनों के क्रब पर कैंडल जलाकर उनकी आत्मा एवं शांति की दुआ मांगी। इस मौके पर चर्च पर ईसाई समुदाय के लोगों की भीड़ काफी लगी हुई थी।





ईस्टर त्योहार पर बंदरजोरी चर्चा में प्रार्थना सभा में शामिल होते उपायुक्त व कुलपति

## धूमधाम से मना पर्व

**गोपीकांदर।** ईसाई समुदाय का ईस्टर पर्व गोपीकांदर थाना क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाने का समाचार मिला है। रविवार को सुबह होते ही ईसाई समुदाय के लोग अपने अपने कब्रिस्थान पहुंच कर पूर्वजों की यादों में कब्र पर मोमबत्ती जलाया। साथ ही साथ विशेष प्रार्थना दुआ किया गया। कब्रो की साफ सफाई, रंगाई पुताई, एवं फूल माला से सजाया गया है। कब्र से लौटकर अपने अपने गिरजाघरों में पहुंचकर विशेष प्रार्थना सभा अयोजन कर यीशु मसीह का पुनः जीवित होने की खुशी में ईस्टर पर्व मनाया गया। पास्टर या र्म गुरु के द्वारा बाइबल की पाठ से प्रवचन सुनाया गया जिसमे प्रभु यीशु मसीह को आंकार पर प्रकाश, पाप पर क्षमा एवं मृत्यु पर विजय प्राप्त कर सारे जगत का उद्धार कर्ता के रूप में मनाया गया है। थाना क्षेत्र के तरनी, चीरापात्थर, गरियापानी, गोपीकांदर, कुश्चिरा, जीयापानी, रंगामिशन, बूढ़ीचापर तथा छतरचूआ आदि गिरजाघरों में मनाया गया।

स्पीड न्यूज

## अकाली नेता इंदर सिंह भाजपा में हुए शामिल



**नयी दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व विधायक इंदर इकबाल सिंह अटवाल ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, और भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में वह पार्टी में शामिल हुए। जालंधर लोकसभा सीट पर उपचुनाव से पहले यह अकाली दल को बड़ा झटका माना जा रहा है।

## चंद्रप्पा बने कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता बीएन चंद्रप्पा को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष और एचपी सुधम दास को प्रचार समिति का सह अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज यहां यह जनकारी देते हुए बताया कि इन नियुक्तियों को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अनुमोदित किया है और दोनों नेताओं को तत्काल प्रभाव से अपना कार्य शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता चंद्रप्पा को प्रदेश कांग्रेस का नया कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

## मधुमक्खियों के हमले में दो लोगों की मौत

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में मधुमक्खियों के झुंड के हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। एक वन अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार रात नागभीड़ तहसील के सतबहिनी में हुई। घटना में छह महीने के बच्चे सहित चार घायलों का इलाज नागपुर में हो रहा है। अधिकारी के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब शाम के वक्त छह लोगों का एक समूह सतबहिनी मंदिर में दर्शन के लिए गया था, तभी मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

## गढ़चिरौली जंगल से विस्फोटक बरामद

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के जंगल से पुलिस ने नक्सलियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से छिपाकर रखी गई एक राइफल और कुछ विस्फोटक बरामद किए हैं। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी।. ग्यारापत्ती पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों के एक दल ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को धनोरा तालुका के टीपागढ़ जंगल में एक संयुक्त नक्सल रोधी अभियान चलाया।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा (75) रविवार को सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हुड्डा रविवार को किसी समारोह में जा रहे थे, तभी हरियाणा के हिसार जिले में बरवाला के निकट एक नीलगाय उनकी एसयूवी से टकरा गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

## दिग्गज रंगमंच अभिनेत्री जलबाला वैद्य का निधन

**नयी दिल्ली।** दिग्गज रंगमंच अभिनेत्री तथा दिल्ली के ऐतिहासिक अक्षरा थिएटर की सह-संस्थापक जलबाला वैद्य का सांस संबंधी बीमारियों से जूझते हुए रविवार को यहां 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंदन में भारतीय लेखक और स्वतंत्रता सेनानी सुरेश वैद्य और अंग्रेजी शास्त्रीय गायिका मैज फ्रेंकिस के घर जन्मीं जलबाला वैद्य ने एक पत्रकार के रूप में करियर की शुरूआत की और दिल्ली में विभिन्न राष्ट्रीय समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के लिए काम किया।

# राम मंदिर निर्माण से पूरा हुआ बाल ठाकरे का सपना : शिंदे

- अयोध्या की मिट्टी अमरावती ले जायेंगे और बजरंगबली की 111 फीट ऊंची प्रतिमा बनायेंगे
- मंदिर निर्माण के लिए सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र से आयेगी

एजेंसी

**अयोध्या।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे और राम लला के दर्शन किए। शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर काबिज होने के बाद पहली बार अयोध्या दौरे पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण का सपना अब पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अयोध्या की मिट्टी को अमरावती लेकर जाएंगे और वहां बजरंगबली की 111 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करेंगे। अयोध्या में सुबह रामकथा हेलीपैड पर उतरे शिंदे ने रामलला के दर्शन किए।

उन्होंने कहा कि हम लोगों ने अयोध्या में राम लला के दर्शन किए और मंदिर निर्माण का काम भी देखा। मुझे खुशी है कि हम इस बार प्रभु रामचंद्र जी का धनुष-बाण (शिवसेना का चुनाव चिन्ह) लेकर आए हैं। शिंदे ने कहा कि सबसे बड़ी खुशी की बात यह है



कि हमारे हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे का जो सपना था, लाखों-करोड़ों राम भक्तों का जो सपना था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, वह अब पूरा हो रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि सभी को लगता था कि राम मंदिर का निर्माण कैसे होगा।

पहले कुछ लोग कहते थे कि मंदिर वही बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबको झुठला दिया है और राम मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंदिर भी बन रहा है और मोदी ने तारीख भी बता दी है। यही नहीं, जो लोग पूछ रहे थे, उन्हें घर का रास्ता भी दिखा दिया है। मैं आप सबको धन्यवाद दूंगा कि राम मंदिर का सपना अपनी आंखों के सामने पूरा होते दिखाई दे रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और इस राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। शिंदे ने कहा कि मैं यहां से अयोध्या की मिट्टी लेकर अमरावती जाएंगे और वहां 111 फीट की बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित करेंगे। यह भी हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र से आ रही है। यह बहुत सौभाग्य की बात है कि राम मंदिर निर्माण में महाराष्ट्र का भी छोटा सा योगदान दिखाई पड़ रहा है। शिंदे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि रावण राज है, अब मैं उन लोगों से पूछूंगा कि जिसने हनुमान चालीसा का पाठ करने वाली सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा को देशद्रोह के आरोप में जेल में डालने का पाप किया था, वह रावण है या राम है? उन्होंने मई 2020 में महाराष्ट्र के नांदेड़ में हुई साधुओं की हत्या के मामले का भी जिक्र करते हुए कहा कि और साधुओं का हत्याकांड जब हुआ, तो वह (उद्धव) चुपचाप बैठे थे, लेकिन हमारी सरकार में न साधु कांड होगा और न ही गरीब लोगों पर अत्याचार होगा। हम साधुओं का सम्मान करेंगे, उनकी रक्षा करेंगे। महाराष्ट्र में अब राम जी के आशीर्वाद से बनी सरकार काम कर रही है।

## ऑस्कर विजेता बोमन और बेली से मिले प्रधानमंत्री, कहा

# आदिवासी समाज के जीवन और परंपरा से जरूर सीखें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री द एलीफेंट व्हिस्पर्स के प्रमुख किरदार बोमन और बेली जोड़े से मिले। बाद में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें आदिवासी समाज के जीवन और परंपरा से कुछ ना कुछ जरूर सीखना चाहिए.प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की गई हैं।

प्रधानमंत्री ने रविवार को अवैध शिकार और वन्य जीव व्यापार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कर्नाटक में इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में थेप्पाकडू हाथी शिविर का दौरा किया। यहां उन्होंने महावतों के साथ बातचीत की। बोमन और बेली की द एलीफेंट व्हिस्पर्स' को 95वें अकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार मिला है। 41 मिनट की यह लघु



डॉक्यूमेंट्री एक अनाथ हाथी रघु और उसके देखभाल करने वाले बोमन और बेली नाम के महावत युगल के बीच के संबंधों की पड़ताल करती है। वे उसे शिकारियों से बचाने और पालने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि द एलीफेंट व्हिस्पर्स को मिला ऑस्कर नेचर और क्रिएचर के बीच अद्भुत संबंधों की हमारी विरासत को दर्शाता है। मिशन लाइफ लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के विजन को समझने में भी आदिवासी समाज की जीवन शैली से बहुत मदद मिलती है। उनका आग्रह है कि हमारे आदिवासी समाज के जीवन और परंपरा से कुछ ना कुछ जरूर हम अपने देश अपने समाज के लिए लेकर के जाएं।

## सीयूइटी और यूजी के लिए आवेदन खिड़की फिर खुली

**नयी दिल्ली।** विद्यार्थियों के आग्रह के बाद साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के वास्ते आवेदन की खिड़की तीन दिन के लिए फिर से खोली गई है। एनसीईआरटी की ओर से पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाने के लिए उनमें किए गए बदलावों के बावजूद परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम में परिवर्तन नहीं होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रमुख जगदीश कुमार ने कहा कि कई विद्यार्थियों के अनुरोध के बाद हमने रविवार, सोमवार और मंगलवार को सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन पोर्टल को फिर से खोलने का फैसला किया है। यह पोर्टल मंगलवार (11 अप्रैल 2023) को रात 11.59 बजे बंद हो जाएगा। सीयूईटी-यूजी के लिए तकरीबन 14 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जो पिछले साल से 41 प्रतिशत अधिक है। एनसीईआरटी की पुस्तकों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद स्नातक प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी इस बात को लेकर भ्रमित थे कि क्या परीक्षा के लिए भी पाठ्यक्रम में बदलाव होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिसूचित पाठ्यक्रम वही रहेगा, क्योंकि परीक्षा किसी विशेष बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए नहीं है। सभी बोर्ड ने सामग्री को युक्तिसंगत नहीं बनाया है। मालूम हो कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा आवेदन की संख्या के लिहाज से देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) भारत में सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। इसमें हर साल औसतन 18 लाख अभ्यर्थी बैठते हैं। पहले, सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च थी। वहीं, परीक्षा 21 से 31 मई तक आयोजित की जानी है।

## वाणिज्य की खबरें

### गेल ने सीएनजी और पीएनजी के दाम सात रुपये तक घटाये

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड की शहर गैस वितरण इकाई गेल गैस लिमिटेड ने गैस की मूल्य लागत में कमी के बाद रविवार को सीएनजी और पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में सात रुपये तक की कटौती की है। गेल गैस ने बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ में पीएनजी गैस की कीमत सात रुपये प्रति मानक घनमीटर (एससीएम) घटाई है। वहीं कंपनी ने अपने परिचालन वाले अन्य शहरों में पीएनजी का दाम छह रुपये प्रति इकाई घटाया है। उसने कर्नाटक में वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी के दाम सात रुपये प्रति किलोग्राम घटाए हैं। अन्य क्षेत्रों में सीएनजी का दाम छह रुपये प्रति किलोग्राम कम किया गया है। बयान में कहा गया है, गेल गैस लिमिटेड ने अपने ग्राहकों को नए घरेलू गैस मूल्य निर्धारण का लाभ देने के लिए नौ अप्रैल से कीमतों में उल्लेखनीय रूप से कटौती की घोषणा की है।

### पान मसाला पर जीएसटी अब खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर लगेगा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पान मसाला एवं तंबाकू उत्पाद विनिमार्ताओं पर एक अप्रैल से प्रभावी खुदरा बिक्री मूल्य पर आधारित जीएसटी उपकर को निर्धारित कर दिया है। पान मसाला एवं तंबाकू उत्पादों पर पहले 28 प्रतिशत की दर से लगने वाले जीएसटी के अलावा उसपर मूल्य के अनुपात में उपकर लगता था। लेकिन अब इस व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, जीएसटी उपकर के तौर पर पान मसाला पाउच के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) का 0.32 गुना वसूला जाएगा। तंबाकू गुटखा वाले पान मसाला पर जीएसटी उपकर आरएसपी का 0.61 गुना लगेगा जबकि सिगरेट एवं पाइप वाली तंबाकू सामग्री के लिए यह दर 0.69 गुना है। तंबाकू चबाना, फिल्टर वाली खैनी और जर्दा पर आरएसपी का 0.56 गुना उपकर लगेगा जबकि हुक्का एवं ब्रांडेड कच्चे तंबाकू के लिए यह दर 0.36 गुना है।

### मार्च में रूस से भारत का कच्चा तेल आयात इराक से दोगुना हुआ

**नयी दिल्ली।** रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात मार्च में बढ़कर 16.4 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इस तरह रूस से भारत का तेल आयात इराक की तुलना में दोगुना हो गया है। ऊर्जा की खेप पर निगाह रखने वाली वॉर्टेक्सा के अनुसार, रूस लगातार छठे महीने भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। भारत के कच्चे तेल के आयात में रूस का हिस्सा एक-तिहाई से अधिक है। कच्चे तेल को रिफाइनरी इकाइयों में पेट्रोल और डीजल में बदला जाता है। रिफाइनरी कंपनियां अन्य ग्रेड की तुलना में रियायती मूल्य पर उपलब्ध रूसी तेल खरीद कर रही हैं।फरवरी, 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने से पहले भारत के कच्चे तेल के आयात में रूस की बाजार हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम थी। मार्च में रूस से भारत का कच्चे तेल आयात बढ़कर 16.4 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया।

### सेंसेक्स की आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 82,169 करोड़ रुपये बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 82,169.3 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 841.45 अंक या 1.42 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी और आईटीसी सहित आठ के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

## अपने सरकार के खिलाफ कल अनशन करेंगे पायलट

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले गहलोत सरकार के खिलाफ एक नया मोर्चा खोलते हुए रविवार को कहा कि वह राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में कथित तौर पर हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग को लेकर 11 अप्रैल को जयपुर में शहीद स्मारक पर एक दिन का अनशन करेंगे। पायलट ने रविवार को संवादाताओं से बातचीत में कहा कि ह्यमहात्मा ज्योति बा फूले की जयंती वाले दिन वह 11 अप्रैल को शहीद स्मारक पर एक दिन का अनशन पर करेंगे। इस साल के अंत में राज्य में होने वाले चुनावों को देखते हुए यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। साथ ही



यह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पायलट के बीच पहले से खटास भरे संबंधों के और बिगड़ने को भी दर्शाता है। पायलट ने यहां अपने निवास पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछली वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार पर (गहलोत सरकार द्वारा) कोई कार्रवाई नहीं की गई। विपक्ष में रहते हुए हमने वादा किया था कि 45,000 करोड़ रुपये के खदान घोटाले की जांच कराई जाएगी।

## कोरोनो को लेकर अस्पतालों में आज और कल मॉक ड्रिल

**नयी दिल्ली।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच अस्पताल में तैयारियों का जायजा लेने के लिए 10 और 11 अप्रैल को देशव्यापी मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्रों के भाग लेने की संभावना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने 10 अप्रैल को झज्जर एम्स जाएंगे। मांडविया ने सात अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से अस्पताल जाने तथा मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने का अनुरोध किया था। मंत्री ने आठ तथा नौ अप्रैल को जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने की भी सलाह दी थी।

## 16वें वित्त आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू

**आयोग के सदस्यों व उसके क्रियाकलाप के प्रावधानों को तय करने का चल रहा काम**

**नयी दिल्ली।** सरकार केंद्र एवं राज्यों के बीच करों के बंटवारे के अनुपात पर सिफारिशों के लिए इस साल 16वें वित्त आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। एक अधिकारी ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 से अगले पांच साल तक की अवधि में करों के बंटवारे से जुड़े प्रावधान तय करने के लिए 16वें वित्त आयोग का गठन करने की कवायद शुरू हो चुकी है। इस आयोग के सदस्यों एवं उसके क्रियाकलाप के प्रावधानों को तय करने का काम चल रहा है। वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है जो केंद्र एवं राज्यों के वित्तीय संबंधों के बारे में अनुशंसा करती है। पिछले वित्त आयोग ने नौ नवंबर, 2020 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उसकी सिफारिशें वित्त वर्ष 2021-22 से लेकर 2025-26 तक की अवधि के लिए हैं। पूर्व नौकरशाह एन के सिंह की अध्यक्षता वाले 15वें वित्त आयोग ने कर अंतरण अनुपात को 42 प्रतिशत पर रखने की बात कही थी। केंद्र सरकार ने इस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था और निर्धारित अवधि में वह राज्य सरकारों को विभाज्य कर पूल से 42 प्रतिशत हिस्सा दे रही है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

# 'श्रावणी' में गौरिका शर्मा करेंगी दर्शकों को मंत्रमुग्ध

**मुंबई।** शेमारू उमंग की नवीनतम पेशकश श्रावणी के साथ प्यार, भक्ति और बलिदान से भरी एक साहसिक यात्रा का साक्षी बनने के लिए तैयार हो जाइए। इस शो की कहानी प्रतिष्ठित पौराणिक चरित्र श्रवण कुमार के इर्द-गिर्द घूमता है जो कहानी में आने वाले कई उतार और चढ़ाव से दर्शकों को एक रोमांचक यात्रा पर ले जाने का वादा करता है। खास बात यह है कि प्रतिभाशाली बाल कलाकार गौरिका शर्मा इस उत्साह को और बढ़ा देगी, जो श्रावणी की मुख्य भूमिका निभाएंगी। अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा और ऊर्जा से गौरिका अविस्मरणीय तरीकों से निश्चित रूप से इस किरदार को जीवंत करेंगी। श्रावणी, एक दृढ़ निश्चय करने वाली बच्ची है जो अपने अंधे माता-पिता के लिए आशा की किरण है और गौरिका शर्मा अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा और समर्पण के साथ, अपने किरदार को जीवंत करने और अपनी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, गौरिका शर्मा ने कहा, ऱमैं ह्यश्रावणीह्ण शो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं! श्रावणी की भूमिका निभाना अद्भुत है। वह बहुत ही दयालु और खुशमिजाज व्यक्ति है और मैं उसके जैसा बनने की पूरी कोशिश कर रही हूं। टीम में वास्तव में हर कोई बहुत अच्छा है और मुझे सेट पर शूट करते हुए बहुत मजा आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे शो में देखना पसंद करेंगे और मुझे अपना ढेर सारा प्यार देंगे।

बता दें कि शो की कहानी का विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है, हालाँकि दर्शकों को हम ये आश्वासन दे सकते हैं कि 'श्रावणी' एक अनूठा और आकर्षक शो होगा जो दर्शकों के दिलों को छू लेगा। शो की कहानी और 'श्रावणी' की जीवन यात्रा के बारे में अधिक जानने के लिए बने रहिए सिर्फ शेमारू उमंग पर।



बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस